■ वर्ष-23 ■ अंक-88
■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00

दिल्ली (राष्ट्रीय संस्करण)
■ शनिवार ■ 16 मई 2026

ज्येष्ठ अमावस्या
विक्रम संवत्-2083

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

देश की राजधानी से प्रकाशित होकर विभिन्न प्रदेशों में प्रसारित

# दैनिक समय जगत

दिल्ली, भोपाल, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in

## 3 रूपये बढ़े पेट्रोल डीजल के दाम, सीएनजी और दूध भी हुए महंगे



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपजे ईंधन संकट के बीच भारतीय उपभोक्ताओं पर महंगाई की चौतरफा मार पड़ी है। पिछले 48 घंटों के भीतर आम आदमी को दूध, सीएनजी और अब पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के रूप में तीन बड़े झटके लगे हैं। घरेलू बजट पर बढ़ते इस दबाव ने रसोई से लेकर सफर तक, हर चीज को महंगा कर दिया है। तेल कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 रु प्रति लीटर से अधिक का इजाफा किया है। इस बढ़ोत्तरी के बाद देश भर में ईंधन के दाम नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं। ईंधन के साथ-साथ सीएनजी की कीमतों में भी देश भर में 2 रु प्रति किलो की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे इसका नया रेट 79.09 रु प्रति किलो हो गया है। मुंबई में यह दर 84 रु प्रति किलो तक जा पहुंची है। इससे ऑटो, टैक्सी और निजी वाहन मालिकों पर बोझ बढ़ गया है। इससे पहले बुधवार को अमूल और मदर डेयरी जैसे प्रमुख ब्रांड्स ने दूध की कीमतों में 2 रु प्रति लीटर तक की वृद्धि की थी, जिसका असर चाय, दही और घी जैसे डेयरी उत्पादों पर भी पड़ना तय है।

### ईरान-इजरायल युद्ध है महंगाई का कारण

कीमतों में इस अचानक उछाल का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में जारी ईरान-इजरायल तनाव और स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में सप्लाई चेन का बाधित होना है। इस समुद्री मार्ग के प्रभावित होने से कच्चे तेल की वैश्विक आपूर्ति पर दबाव बढ़ा है, जिससे तेल कंपनियां घाटे में चल रही हैं। प्रधानमंत्री ने भी हाल ही में नागरिकों से ईंधन बचाने की अपील की थी और स्वयं के काफिले में गाड़ियां कम कर प्रतीकात्मक संदेश दिया था। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पश्चिम एशिया का संकट जल्द नहीं टला, तो पेट्रोल-डीजल की कीमतों में और भी इजाफा हो सकता है। डीजल महंगा होने का सीधा असर माल ढुलाई पर पड़ेगा, जिससे आने वाले दिनों में फल, सब्जियां, अनाज और अन्य रोजमर्रा के सामान की कीमतें बढ़ना निश्चित है। वर्तमान स्थिति मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों के लिए बड़ी आर्थिक चुनौती पेश कर रही है। अब लोगों के मन में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या आने वाले दिनों में रसोई गैस के दाम भी बढ़ेंगे। फिलहाल राहत की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है।

### मुख्यमंत्री ने उज्जैन स्थित जय गुरुदेव आश्रम में अमृत प्रवचन का किया श्रवण

# गुरुदेव के आशीर्वाद से ही सनातन और सत्य मार्ग का अनुसरण करने की मिलती है प्रेरणाः डॉ. यादव



**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में जय गुरुदेव आश्रम में गुरुदेव महाराज से भेंट कर आशीर्वाद लिया और उनके अमृत प्रवचनों का श्रवण किया। गुरुदेव श्री उमाकांत जी महाराज ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सदा ऐसे ही समाज की सेवा में लगे रहे और सत्य, सनातन, अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए जन सेवा करते रहें। आज आप अपने कार्यो से जनता के प्यारे बन गए है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुदेव के निर्देश पर मंच से ही गुरुदेव के अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरुदेव की उज्जैन में आना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरुवर को देखकर ऐसा लगता है कि स्वयं ईश्वर को देख लिया हो, यह आश्रम परमात्मा का घर है, परमात्मा का आशीर्वाद है कि हमें गुरुवर का आशीर्वाद उनके स्वरूप में मिल रहा है और जीवन में सत्य कार्य करने का जो मार्गदर्शन हमें गुरुवर के चरणों से मिलता है उसे जीवन जीने का नया मार्ग हमें प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाराज जी का आशीर्वाद चिर काल तक हम सभी को मिलता रहे और आनंद के साथ जीवन का यापन करें। सनातन धर्म में मान्यता है कि 84 लाख योनियों के बाद हमें यह मानव जीवन मिलता है। इस मानव जीवन को सही तरीके से जीने का जो मार्ग आपके द्वारा बताया जाता है उससे जीवन सरल और संयमित होकर जीने का मार्ग मिल जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा की महाराज जी की कृपा से हमने प्रदेश में गौशालाओं को बनाने और संरक्षण देने का काम कर रहे हैं। उज्जैन सहित अन्य धार्मिक नगरों में भी शराब बंदी के लागू की है और प्रदेश में उज्जैन ओंकारेश्वर, महेश्वर दतिया, पीतांबरा पीठ, सलकनपुर, ओरछा, चित्रकूट सहित 19 नगर में शराबबंदी का आदेश भगवत कृपा से ही हो पाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 में उज्जैन को हम मेट्रो सिटी के साथ-साथ आध्यात्मिक, सांस्कृतिक नगरी के रूप में भी स्थापित कर पाएंगे। उज्जैन अब धार्मिक नगरी के साथ उत्सव की नगरी भी हो गई है गुरुदेव की कृपा से अब हम हर जिले में गीता भवन बना रहे हैं, जहां पर भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों का वाचन और आध्यात्मिक अध्ययन भी हो सकेगा। भगवान श्रीकृष्ण के अनुयायी होते हुए हम सब गोपालन को भी अपना रहे हैं और गोपालक परिवारों को आर्थिक सहायता भी दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के साथ देश के अलग अलग जगहों से आए भक्त जय गुरुदेव आश्रम के माध्यम से भक्ति मार्ग की ओर आगे बढ़ रहे हैं। गुरुदेव के आशीर्वाद से ही हम प्रदेश की जनता की समर्पित भाव से सेवा में लगे हैं। महाराज गुरुदेव का आशीर्वाद और उनका मार्गदर्शन सदैव मिलता है।

## उज्जैन की जनता सिंहस्थ संबंधी कार्यों में सहयोग कर पेश कर रही हैं नई मिसालः डॉ. यादव

**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 के लिए श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों के आवागमन एवं सुविधाएं बढ़ाने के लिए घाटों एवं मार्गों के चौड़ीकरण कार्य किए जा रहे है। सरकार द्वारा सभी कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। सिंहस्थ के लिये सभी कार्य इस तरीके से किए जा रहे है कि पौराणिक और धार्मिक नगरी उज्जैन को लंबे समय तक उनका लाभ प्राप्त हो। उज्जैन के जनप्रतिनिधि, सभी धर्म के अनुयायी और नागरिक विकास कार्यों का समर्थन कर रहे है और सहयोग प्रदान कर देश के लिए एक नई मिसाल बन रहे है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को उज्जैन में रामघाट पहुंचकर हरसिद्धि पाल से राम घाट मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत कार्य तेजी गति, गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरसिद्धि पाल से रामघाट मार्ग चौड़ीकरण के निरीक्षण के बाद होमगार्ड द्वारा आयोजित बाढ़ बचाव प्रशिक्षण का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे होमगार्ड जवानों की हौसला अफजाई की। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट श्री संतोष कुमार जाट ने जानकारी दी कि होमगार्ड द्वारा 250 होमगार्ड जवानों को बाढ़ बचाव के लिए डीप डाइविंग, नाविकों, स्विमिंग, लाइफ जैकेट के उपयोग का तरीका, आपदा और बाढ़ बचाव सामग्री का उचित प्रयोग, अंडर वॉटर रेस्क्यू और सर्फेस वॉटर रेस्क्यू का 15 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



# हाईकोर्ट ने धार भोजशाला को माना मंदिर

## मुस्लिम पक्ष फैसले के विरोध में जाएगा सुप्रीम कोर्ट



**समय जगत, धार।** भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद विवाद मामले में हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। हिंदू पक्ष के वकील के अनुसार अदालत ने भोजशाला परिसर को हिंदू मंदिर माना है। कोर्ट ने जैन समाज और मुस्लिम पक्ष की याचिकाओं को खारिज कर दिया है। यह निर्णय भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है, जिस पर अदालत ने भरोसा जताया है। भोजशाला मामले में अदालत के फैसले ने परिसर को देवी वाग्देवी के मंदिर के रूप में मान्यता दी है। धार में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं।

धार भोजशाला मामले पर अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि इंदौर उच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए 7 अप्रैल, 2003 के एएसआई के आदेश को आंशिक रूप से रद्द कर दिया है। इसके अलावा, न्यायालय ने हिंदू पक्ष को पूजा-अर्चना का अधिकार प्रदान किया है और भोजशाला परिसर को राजा भोज की संपत्ति के रूप में मान्यता दी है। लंदन के एक संग्रहालय में रखी हमारी मूर्ति को वापस लाने की मांग के संबंध में, न्यायालय ने सरकार को इस अनुरोध पर विचार करने का निर्देश दिया है; न्यायालय ने यह भी कहा है कि मुस्लिम पक्ष भी सरकार के समक्ष अपने विचार रखने के लिए स्वतंत्र है। इसके अतिरिक्त, न्यायालय ने सरकार से मुस्लिम पक्ष को वैकल्पिक भूमि आवंटित करने पर विचार करने को कहा है। न्यायालय ने हमें पूजा-अर्चना करने का अधिकार प्रदान किया है और सरकार को स्थल के प्रबंधन की निगरानी करने का निर्देश दिया है। एएसआई का पिछला आदेश, जिसमें नमाज अदा करने का अधिकार दिया गया था, पूरी तरह से रद्द कर दिया गया है; अब से वहां केवल हिंदू पूजा-अर्चना ही होगी। मुस्लिम पक्ष की ओर से शहर काजी वकार सादिक ने कहा कि अभी तक अदालत के फैसले की विस्तृत प्रति का पूरी तरह अध्ययन नहीं किया गया है। उनके अनुसार, वकीलों की टीम निर्णय का बारीकी से विश्लेषण करेगी कि अदालत ने यह फैसला किन आधारों पर सुनाया है।

### भोज उत्सव समिति ने जताई खुश

भोज उत्सव समिति के अध्यक्ष सुमित चौधरी ने अदालत के फैसले पर खुशी जताते हुए इसे हिंदू समाज के वर्षों पुराने संघर्ष की जीत बताया। उन्होंने कहा कि 1935 में हिंदू भोज समिति की स्थापना करने वाले कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। बड़ी संख्या में मौजूद हिंदू समाज ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए सभी पक्षकारों, अधिवक्ताओं और इस संघर्ष से जुड़े लोगों का आभार व्यक्त किया। संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह फैसला लंबे समय से चल रहे प्रयासों का परिणाम है और इसके लिए सभी सूत्रधारों को धन्यवाद दिया जाना चाहिए।


## हैदराबाद एयरपोर्ट पर अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट में मिली बम की धमकी



**हैदराबाद।** जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से हैदराबाद आ रही लुफ्थांसा एयरलाइंस की फ्लाइट एलएच 754 वी में बम होने की धमकी से शमशाबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हड़कंप मच गया। उड़ान के दौरान एयरलाइन के कस्टमर सपोर्ट को एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें दावा किया गया था कि विमान में बम रखा गया है और हैदराबाद पहुंचने से पहले उसमें धमाका कर दिया जाएगा। इस संदेश के मिलते ही एयरपोर्ट की सुरक्षा एजेंसियां, एयर ट्रैफिक कंट्रोल और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तुरंत अलर्ट मोड पर आ गए। राहत की बात यह रही कि विमान ने हैदराबाद एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग की। लैंडिंग के तुरंत बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत विमान को सीधे आइसोलेशन बे (सुरक्षित क्षेत्र) में ले जाया गया। विमान में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालकर उनकी सघन जांच की गई। सुरक्षा बलों और डॉग स्क्वायड द्वारा विमान की बारीकी से ली गई तलाशी में फिलहाल कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। सुरक्षा एजेंसियां अब इस धमकी भरे ईमेल के स्रोत और इसे भेजने वाले अज्ञात व्यक्ति की पहचान करने में जुटी हैं। इसी दौरान, हैदराबाद एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के दौरान एक अन्य मामले में भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा बरामद की गई है। बैंकॉक जाने की तैयारी कर रहे सैयद इस्माइल अली नामक एक यात्री के सामान की जब सीआईएसएफ जवानों ने सामान्य बैगेज स्क्रीनिंग की, तो उसमें संदिग्ध विदेशी करेंसी पाई गई। जांच करने पर बरामद की गई विदेशी मुद्रा की भारतीय कीमत लगभग 11,85,930 रुपये आंकी गई है। सुरक्षा अधिकारियों ने उचित दस्तावेज न होने के कारण पूरी रकम को जब्त कर लिया है और आरोपी यात्री को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## रद्द हुई नीट यूजी 2026 परीक्षा अब दोबारा 21 जून को होगी संपन्न

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 को लेकर चल रहा सस्पेंस अब खत्म हो गया है। पेपर लीक और धांधली के पुख्ता सबूत मिलने के बाद केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 3 मई को आयोजित हुई परीक्षा को रद्द करने का बड़ा फैसला लिया है। अब यह परीक्षा दोबारा 21 जून 2026 (रविवार) को आयोजित की जाएगी। जांच में सामने आया है कि राजस्थान के सीकर सहित अन्य कोचिंग हब में परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर लीक हो गए थे। राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप को मुख्य परीक्षा के पेपर से हूबहू मेल खाते सवाल मिले, जिसके बाद सरकार ने यह सख्त कदम उठाया। इस पूरे मामले की जांच अब सीबीआई को सौंप दी गई है। इस फैसले से परीक्षा में शामिल हुए करीब 23 लाख उम्मीदवारों को दोबारा तैयारी करनी होगी।




### अस्मिता पर आघात

### रसोई गैस के दो भारतीय टैंकरों ने होर्मुज किया पार

# ओमान की खाड़ी में पोत पर हुए हमले पर भारत ने जताया ऐतराज

**सौरभ वार्ष्णेय, नई दिल्ली।** भारत ने ओमान की खाड़ी में अपने एक पोत पर हुए हमले की आलोचना की है। यह पोत बुधवार को हमले के बाद डूब गया था। भारत ने इसे अस्वीकार्य बताया है। इधर ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की दो-दिवसीय बैठक के लिए ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरागची की मेजबानी कर रहा था, उसी दौरान बीते 28 घंटे में भारत आ रहे एलपीजी के दो टैंकरों ने होर्मुज स्ट्रेट पार कर लिया। हालांकि, बुधवार को ओमान के तट के पास भारत के झंडे वाले एक पोत पर हमला किया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने सोमालिया से संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह की यात्रा पर निकले एक भारतीय पोत हाजी अली पर हुए हमले को 'अस्वीकार्य' बताया। विदेश मंत्रालय ने वाणिज्यिक जहाजों और असैन्य नाविकों को लगातार निशाना बनाए जाने की घटना को लेकर चिंता जताई। मंत्रालय ने कहा कि भारत इस बात को दोहराता है कि वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाने और निर्दोष असैन्य चालक दल के सदस्यों को खतरे में डालने या नौवहन एवं वाणिज्य की स्वतंत्रता में बाधा डालने से बचा जाना चाहिए। भारत ने ओमान के अधिकारियों को बचाव कार्य के लिए धन्यवाद दिया। इस जहाज पर बुधवार तड़के ओमान के जल क्षेत्र में हमला हुआ, जिससे लकड़ी के पोत में आग लग गई और वह बाद में डूब गया। भारतीय अधिकारियों ने बताया कि हाजी अली पर सवार सभी 14 चालक दल के सदस्यों को ओमान तटरक्षक बल ने सुरक्षित बचा लिया और वे ओमान के दिब्बा बंदरगाह पहुंच गए हैं, जिन्हें जल्द ही भारत वापस लाया जाएगा। वहीं होर्मुज स्ट्रेट को पार कर भारत की ओर आ रहे दो जहाजों में एलपीजी टैंकर 'सिमी' शामिल है जो 13 मई को वहां से गुजरा जबकि एनवी सनशाइन ने भी जलमार्ग को सुरक्षित पार कर लिया। भारतीय अधिकारियों ने बताया कि 19,965 टन एलपीजी ला रहा मार्शल आइलैंड्स के ध्वज वाला जहाज सिमी 16 मई को गुजरात के कांडला पहुंच सकता है। इसी तरह 46,427 टन एलपीजी कार्गो लेकर आ रहे वियतनामी जहाज एनवी सनशाइन के 18 मई को न्यू मंगलूर पहुंचने की उम्मीद है। दोनों जहाजों पर इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन का कार्गो लदा है। ईरान के विदेश मंत्री अरागची बुधवार शाम भारत पहुंचे थे और ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने अन्य ब्रिक्स सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ पीएम मोदी से भी मुलाकात की।

अरागची ने ब्रिक्स देशों से ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल के सैन्य अभियान की निंदा करने का आग्रह किया और संयुक्त बयान पर आम सहमति बनाने के लिए भारत से समर्थन मांगा। ब्रिक्स की बैठकों की तैयारी के लिए भारत में मौजूद ईरान के कानून और अंतरराष्ट्रीय मामलों के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने बताया कि ईरानी अधिकारी भारत आने वाले बाकी जहाजों के गुजरने की राह आसान बनाने पर काम कर रहे हैं।



SHRI RAGHURAJ SINGH
INTER COLLEGE JHANSI
ADMISSION OPEN
English Medium / CBSC Pattern
Registration Formt are Available For Class Nursery to XII
:: Features::
:: Home Work Help
:: Focus on all Subject
:: Computer Education
:: Music , art , craft , Calsses
:: One on One Training
:: Improving Tests Cores
:: Play Learn & grow..... TOgether
:: Hindi- English Speaking and Writing
:: App Based Monitoring Facillity
:: Computerized Result Facillity
:: Wide and Varied Curriculum
:: Effcient Staff
:: Smart Classes
:: Auto Facility Available

स्कूल नर्सरी से कक्षा 12 तक केवल इंग्लिश मीडियम
ADD :: Pathouriya Jhansi
Contact .9415401187, 9454051800

# भाजपा का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग 18 एवं 19 मई को पैरामेडिकल कॉलेज झांसी में होगा आयोजित

## प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्था को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न




**समय जगत, झांसी।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत आयोजित होने वाले दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग को लेकर भाजपा कार्यालय में व्यवस्थापक कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक भारतीय जनता पार्टी जिला झांसी के जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल की अध्यक्षता एवं वर्ग प्रभारी मदन मोहन पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रामनरेश तिवारी के विशिष्ट अतिथि में आयोजित की गई। यह प्रशिक्षण वर्ग आगामी 18 एवं 19मई को पैरामेडिकल कॉलेज झांसी में संपन्न होगा।बैठक में प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्थाओं, कार्य विभाजन एवं आयोजन की रूपरेखा पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, वैचारिक प्रशिक्षण एवं अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।बैठक का मार्गदर्शन जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी मदन मोहन पाण्डेय ने किया। उन्होंने कहा कि भाजपा समय-समय पर प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, इतिहास एवं कार्यपद्धति से जोड़ने का कार्य करती है।विशिष्ठ अतिथि भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रामनरेश तिवारी ने बैठक को संबोधित किया। जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने कहा कि पहले चरण में जिले के सभी मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग सफ्लतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। अब दूसरे चरण में जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जा रहा है, जिससे कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति और अधिक सक्षम एवं समर्पित बनाया जा सके।

बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु अलग-अलग टोली प्रभारियों की नियुक्ति की गई। इनमें डिजिटल पंजीयन, मीडिया विभाग, प्रदर्शनी, सभा मंच व्यवस्था, साज-सज्जा, यातायात, पार्किंग, भोजन एवं मोबाइल पार्किंग सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां तय की गई।जिले के गरौठा एवं मऊरानीपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी 13 मंडलों से लगभग 250 से अधिक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेंगे।

इस अवसर पर जिला महामंत्री बद्री त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष सहजेन्द्र सिंह बघेल, गुड्डी रानी पटेल, सतेन्द्र खरे, नेहिल सिंघई, निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष उदय लुहारी, जिला मंत्री यज्ञेश यादव,प्रगति आर्य यशोदा कुशवाहा, केशव सिंह परिहार प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख बामौर,प्रवेश शर्मा, आनंद कुमारी, अंशुल खरे, भरत राजपूत,हुकुम सिंह राजपूत, सुशील कुमार श्रीवास,आशीष खरे, राघवेंद्र सिंह बुन्देला, संदीप पटसारिया, अवधेश सिंह परिहार, भरत पाल, रामकिशोर आर्य,आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री छत्रपाल सिंह राजपूत ने किया।

# पीएम मोदी और सीएम योगी की अपील का असर विधायक रवि शर्मा ने ईवी स्कूटी का शुरू किया उपयोग



**समय जगत, झांसी।** वैश्विक आर्थिक संकट के बीच प्रधानमंत्री मोदी और सीएम योगी की अपील पर जनप्रतिनिधियों ने पेट्रोल बचाने की ओर कदम बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। झांसी के सदर विधायक रवि शर्मा ने शहर भ्रमण के दौरान ईवी स्कूटी के उपयोग का निर्णय लिया है। इतना ही नहीं वे शुक्रवार को स्कूटी पर सवार होकर शहर के कई हिस्सों में भ्रमण पर निकले। इस दौरान विधायक का सुरक्षाकर्मी भी उनके साथ स्कूटी पर पीछे सवार दिखा।

विधायक का कहना है कि लंबी दूरी की यात्रा पर ही वे बड़े वाहन का उपयोग करेंगे। स्थानीय कार्यक्रमों में वे ईवी स्कूटी का ही उपयोग करेंगे।विधायक रवि शर्मा ने कहा कि इस समय विश्व के कई देश युद्ध में हैं। ईंधन की आवाजाही में समस्या है। ऐसे समय में पीएम मोदी ने अपील की है कि ऊर्जा और ईंधन को बचाएं। हम स्वदेशी का अधिक उपयोग करें जिससे विदेशी मुद्राकोष को अधिक समय तक बचाकर रख सकें। इसीलिए पीएम ने सोने की खरीद नहीं करने का आग्रह किया है। पीएम खुद अपनी फ्लीट में सिर्फदो गाड़ियां लेकर चल रहे हैं। ऐसे में हम लोगों की भी जिम्मेदारी बनती है कि ऊर्जा संरक्षण की ओर कदम बढ़ाएं। सदर विधायक रवि शर्मा ने कहा कि हमने ईवी स्कूटी का का उपयोग शुरू कर दिया है।

शहर के भीतर की यात्रा के लिए ईवी स्कूटी का उपयोग करेंगे। सिर्फ लंबी यात्रा के लिए ही चार पहिया वाहन का इस्तेमाल करेंगे। ऊर्जा और ईंधन की बचत के लिए जो भी तरीके संभव हो, वह हम सभी लोग मिलकर इस संकट के समय में अपनाएंगे।

# भक्ति, श्रद्धा और जनकल्याण का अनुपम संगम बनी शोभायात्रा, डॉ. संदीप रहे मुख्य अतिथि



**समय जगत, झाँसी।** धर्म, आस्था और लोकमंगल की भावना से ओत-प्रोत शनि जयंती महोत्सव के अंतर्गत श्री श्री 1008 श्री माधौबड़िया सरकार ( शनिराजा ) मंदिर परिसर से निकाली गई भव्य शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। ढोल-नगाड़ों, जयघोषों और श्रद्धा की स्वर लहरियों के बीच निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम का आयोजन श्री श्री 1008 माधौबड़िया सरकार शनि मंदिर, गुलाब चन्द्र सेठ की हवेली के पीछे, झांसी में किया गया। मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट एवं धार्मिक प्रतीकों से अलंकृत किया गया था। श्रद्धालुओं की आस्था का सैलाब इस प्रकार उमड़ा मानो संपूर्ण नगर शनिभक्ति के रंग में रंग गया हो। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में धार्मिक आयोजन केवल आस्था का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और मानव सेवा का संदेश भी देते हैं। शनि देव न्याय, कर्म और संतुलन के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और नैतिक चेतना का संचार होता है।÷

उन्होंने आगे कहा कि धार्मिक परंपराएं हमारी सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य धरोहर हैं, जिन्हें नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम के आयोजक श्री पिल्ली महाराज ( शनि उपासक मंत्र शास्त्री ) ने बताया कि शनि जयंती महोत्सव के अंतर्गत 16 मई को विशाल सार्वजनिक भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। पूरे आयोजन के दौरान भक्तों में विशेष उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली। वातावरण ÷जय शनिदेव के उद्घोषों से गूंजता रहा और श्रद्धालुओं ने शनिराजा के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर सुनीता सतेंद्र पुरी, अशोक करेरा, अंकित शर्मा, अमन सोनी, विनय सोनी, गौरव सोनी, अश्वनी पुरोहित,काली महाराज, सौरभ महाराज आदि उपस्थित रहे।

# विद्युत आपूर्ति सुधारें अधिकारी वरना ए सी में नहीं बैठने देंगे : प्रदीप जैन आदित्य



**समय जगत, झांसी ।** आज पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के मुख्य आतिथ्य एवं महानगर उपाध्यक्ष अखिलेश गुरुदेव की अध्यक्षता में कांग्रेस की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।

जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारी आंकड़ों की बाजीगरी बंद कर विद्युत आपूर्ति में सुधार लाये वरना कांग्रेस जनता के सहयोग से अधिकारियों को ए सी में नही बैठने देगी। उन्होने कहा कि बुन्देलखण्ड के झांसी व ललितपुर बिजली का उत्पादन करते है। लेकिन हमें ही पर्याप्त बिजली नही मिल रही है। सरकार द्वारा महानगर को 24 घंटे, तहसील स्तर पर 22 घंटे और ग्रामीण इलाकों में 18 घंटे बिजली देने का दावा किया जा रहा है। लेकिन झांसी व ललितपुर जनपद में बिजली की किल्लत की मार जनता झेल रही है। झांसी के बबीना , रानीपुर बरुआसागर , रक्सा में घंटो बिजली गुम रहती है। झांसी महानगर के सीपरी बाजार , मसीहागंज , शिवाजी नगर, उन्नाव गेट सहित अधिकांश इलाको में दिन - रात भर बिजली की आवाजाही से लोग बेहाल है। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि झांसी जनपद में निर्बाध विधुत आपूर्ति में सुधार नही हुआ तो वृहद जनआन्दोलन किया जायेगा।

बैठक में युथुप जैन पिंकी, अनिल रिछारिया, अमीर चंद आर्य, नीरज सिनोरिया, मेवालाल भंडारिया, शाहरुख मंसूरी, वसीम उद्दीन, विजय यादव, जीतू देवानन्द, रहीश आदि मौजूद रहें। संचालन दिनेश कुमार वर्मा ने किया।

# निवाड़ी की बेटी अक्षरा सिंह दांगी के सी बी एस सी बोर्ड में 92 प्रतिशत अंक



**समय जगत, निवाड़ी ।** नगर के प्रतिष्ठित परिवार भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महामंत्री श्री मुकेश दांगी जी की बेटी अक्षरा सिंह दांगी ने झांसी के सन इंटरनेशनल स्कूल में अध्ययन करते हुए सी बी एस सी बोर्ड में साइंस साइड से गणित विषय के साथ 92 प्रतिशत अंक ला कर निवाड़ी का नाम रोशन कर दिया है बचपन से ही पढ़ाई में होशियार बिटिया ने आज साबित कर दिया कि निवाड़ी के बच्चे कितने इंटेलिजेंट हैं बस उन्हें प्लेटफॉर्म मिलने की जरूरत है बिटिया ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता एवं गुरुजनों को दिया है मजबूत पारिवारिक पृष्ठ भूमि खेती किसानी एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान चला रहे बिटिया के दादा जी श्री सुरेश दांगी जी जो आज हमारे बीच नहीं हैं की लाडली बेटी रही है ।

अक्षरा पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद में चाहे शारीरिक हों या बौद्धिक हों में भी हमेशा आगे बढ़ कर भाग लेती रही है बिटिया ने आगे की पढ़ाई हेतु अपने सपनों को साकार करने के लिए देश की राजधानी दिल्ली को चुना है जहां पर डी यू से ग्रेजुएशन करने के साथ साथ यू पी एस सी की तैयारी करना है और माता पिता परिवार और अपने निवाड़ी का नाम ऊंचा उठाने के लिए कलेक्टर बन कर ही चौन लेना है सभी परिवार के जानने वालों ने और श्री मुकेश दांगी के शुभ चिंतकों ने बिटिया रानी को बधाई दी है ।

# साइकिल पर निकले पालिकाध्यक्ष, दिया ईंधन बचत का संदेश



– प्रभाकांत मिश्रा –

**समय जगत, समथर ।** देश में बढ़ती ईंधन खपत और वैश्विक परिस्थितियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा डीजल-पेट्रोल की बचत एवं सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की अपील का असर अब नगरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिखाई देने लगा है। इसी क्रम में समथर नगर में जागरूकता अभियान चलाकर पालिकाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह कंसाना एवं भाजपा जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी पवन कुमार बुलकिया ने साइकिल चलाकर लोगों को ईंधन बचाने का संदेश दिया। पालिकाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह कंसाना साइकिल से नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे। इस दौरान मुख्य बाजार से गुजरते हुए उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि अत्यधिक आवश्यकता होने पर ही डीजल-पेट्रोल वाहनों का प्रयोग करें तथा दैनिक जीवन में साइकिल, ई-रिक्शा और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दें। उनके इस प्रयास की नगरवासियों द्वारा सराहना की जा रही है।

# पुरुषोत्तम मास पर मंदिरों में होंगे विविध धार्मिक कार्यक्रम

**समय जगत, झांसी।** ग्वालियर रोड स्थित श्री सिद्धेश्वर मंदिर में पुरुषोत्तम मास के संदर्भ में मंदिरों में एक माह तक होने वाले महा अभिषेक एवं धार्मिक कार्यक्रम को लेकर महानगर धर्माचार्य पंडित हरिओम पाठक के मुख्य अतिथि एवं ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष रवीश त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें बताया गया कि पुरुषोत्तम मास दिनांक 17 से 15 जून तक महानगर के प्रमुख मंदिरों में मनाया जाएगा जिसमें प्रातः 4. 30 बजे से देर रात तक विविध धार्मिक कार्यक्रम व भजन कीर्तन आदि कार्यक्रम होंगे। प्रातः 5रू00 बजे मंगला आरती, महा अभिषेक श्रृंगार एवं पुरुषोत्तम मास की कथा एवं विभिन्न त्योहार एवं पर्व प्रतिदिन धूमधाम से मनाए जाएंगे।जिला प्रशासन से मांग की गई की शहर के प्रमुख मंदिर श्री मुरली मनोहर मंदिर बड़ा बाजार, श्री रघुनाथ जी का मंदिर एवं श्री धनुषधारी मंदिर बिसाती बाजार ,श्री बांके बिहारी मंदिर गोला कुआं, श्री मोहनलाल जी का मंदिर मानिक चौक आदि मंदिरों में पुरुषोत्तम मास मनाया जाएगा। जिसमें महिला एवं पुरुष भक्तों की अत्यधिक भीड़भाड़ रहती है जिसमें पुलिस की व्यवस्था शहर के मुख्य चौराहा एवं मंदिरों पर अति आवश्यक है। एक माह तक विद्युत की कटौती बिल्कुल नहीं की जाए। बैठक में महेंद्र गोस्वामी, चेतन नायक, मनोज दुबे, जगदीश मिश्रा, अमर शास्त्री, महेंद्र तिवारी, संजीव शर्मा, अरुण ओझा, अरुण पचौरी , हरिशंकर चतुर्वेदी ,कैलाश पाठक, अनूप पाठक ,गोपाल नायक, मनोज चतुर्वेदी, पी के उपाध्याय, चिंतामणि दुबे, अमित रावत, संगम शर्मा, अविनाश नगाइच ,राघवेंद्र पटसरिया आदि उपस्थित रहे। संचालन संजीव दुबे एवं आभार आचार्य राजीव पाठक ने व्यक्त किया।

# ईंधन बचाओ अभियान के तहत भाजपा ने चलाया जन-जागरण अभियान



**समय जगत, झांसी** ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर भाजपा झांसी महानगर द्वारा जन-जागरण अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व भाजपा झांसी महानगर जिला अध्यक्ष सुधीर सिंह ने किया।

इस दौरान शहर के पुरानी तहसील चौराहे से रानी लक्ष्मी बाई पार्क तक पैदल चलकर वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंट कर ईंधन बचाने का संदेश दिया गया। जिला अध्यक्ष सुधीर सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि पेट्रोल और डीज़ल की अनावश्यक खपत रोकना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ईंधन की बचत से न केवल आर्थिक लाभ होगा बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने आमजन को जागरूक करते हुए वाहन का सीमित उपयोग करने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने एवं संसाधनों के संरक्षण हेतु प्रेरित किया। जिला अध्यक्ष सुधीर सिंह,जिला उपाध्यक्ष मनु सिंह, रानू देवालिया, जिला महामंत्री विकास कुशवाहा, संजीव अग्रवाल लाला, अभिषेक जैन, कपिल बिरसेनिया, देवेंद्र दुबे, अंकित राजा यादव, ममता साहू, विनीत खटीक, शशांक गुरनानी, रोहित गोठनकर, मंगल श्रीवास्तव,प्रियांशु डे, शैलेंद्र परमार, मोहित पोरवाल, चेतन ओझा,सौरभ मिश्रा, सलिल तिवारी, श्वेता परासर, किरन गौतम, ज्योति पटेरिया, नैना पाखरे, कमलेश परिहार, सुरेंद्र पाल,सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## गोविन्द मंदिर के पुजारी के निधन पर सैकडों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**गुरसरांय ।** नगर के धर्माचार्य पं भोले पटसारिया एवं भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व नगर अध्यक्ष,सोनू पटसारिया के पिता गोविन्द मंदिर के महंत पं कृपाराम पटसारिया के निधन पर नगर के सैकडों लोगों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा मे चेयरमैन जयपाल सिंह राजू चौहान,देवेश पालीवाल,बृहद ब्राम्हण परिषद के अध्यक्ष पं राम प्रकाश अरजरिया, पूर्व प्रधानाचार्य पी एन दुवे एवं के के तिवारी,राम कृष्ण अरजरिया, डॉ रवींद्र प्रकाश अरजरिया, कुंजबिहारी अरजरिया, मुन्नालाल दोन्दे रिया,नितुल व्यास,चंद्रप्रकाश चौरसिया, विनोद जैन,हरी प्रकाश खरे,देवेंद्र घोष,अरुण चतुर्वेदी, शैलेन्द्र शर्मा,शिबनारायन शर्मा गरौठा, सरजू शरण पाठक,पप्पी पटवा,ओ पी शर्मा,राम बाबू शर्मा,विवेक बरसैया,मिथलेश सेन,आदर्श द्विवेदी,राम भरोसे पेन्टर, ठाकुरदास तिवारी ,अश्वनी पस्तोर, अलख प्रकाश शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# खेर इंटर कॉलेज गुरसरांय में समर कैंप का हुआ आयोजन



**समय जगत, गुरसरांय(झांसी)।** 14 मई गुरुवार को खैर इंटर कॉलेज गुरसरांय में समर कैंप 2026 (ग्रीष्मकालीन शिविर) का आयोजन बच्चों की रचनात्मकता,आत्मविश्वास और जीवन कौशल बढ़ाने के लिए किया गया। ये कैंप खेल,कला,शिक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को शारीरिक व मानसिक रूप से सक्रिय रखते हैं। कार्यक्रम का शुभारम्भ खैर इंटर कॉलेज गुरसरांय के प्रधानाचार्य पंडित धनप्रकाश तिवारी द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य पंडित धनप्रकाश तिवारी ने बताया कि इसका उद्देश्य आप सभी बच्चों में रचनात्मकता,टीम वर्क,आत्मविश्वास और सामाजिक उत्साह बढ़ाना है। लोक कला,सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय भाषाओं के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समर कैंप बच्चों को छुट्टियों में कुछ नया सीखने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करते हैं। इस दौरान विद्यालय में बच्चों ने आर्ट,योग,नृत्य,गीत संगीत व खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

# सुदामा चरित्र की कथा के साथ भागवत कथा का हुआ समापन



**समय जगत, गुरसरांय।** ग्राम बरौटा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का सुदामा चरित्र की कथा के साथ समापन हो गया।

भागवत कथा व्यास आचार्य अरविंद शास्त्री परसुवा वालों ने भगवान के परम सखा सुदामा जी का वर्णन करते हुए कहा कि जो जीवन मे संतोषी होता है वही धनवान होता है।सुदामा जी परम संतोषी ब्राम्हण थे,इसलिए उन्हें धनवान कहा गया है।

उन्होंने कहा कि ज्ञान प्राप्त करने को विवेक की दृष्टि होनी चाहिये, तो किसी से भी शिक्षा ली जा सकती है।कलयुग में भगवान का नाम संकीर्तन ही मुक्ति का साधन है।

भागवत कथा के समापन पर बधाईयों की एवं भजनों की प्रस्तुति से श्रोता झूम उठे।

भागवत कथा का मूल पाठ आचार्य राम सेवक शास्त्री ने किया।

संगीतमय कथा में ऑर्गन एवं सह गायन पर प्रमोद गोस्वामी एवं बीरेन्द्र सिंह,नाल पर जीतू पैड पर बॉबी ने संगठनकी।

भागवत कथा की आरती परीक्षित श्रीमती रामदेवी एवं नरेंद्र पटेल ने की।

कथा में मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती कमला देवी ने मुख्य आरती की।कथा में गुढ़ा प्रधान चन्द्रभान सिंह परमार, विजय नन्ना पटेल, किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कमलेश लंबरदार इमलोटा ,कुलदीप पटेल प्रधान सिंगार,राजा भैया ,पुष्पेंद्र पटेल, विमलेश पटेल ,अवधेश पटेल , रवि पटेल ,रामकिशुन पटेल ,हर प्रसाद ,देवेंद्र पटेल, नयन पटेल, घनेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## सर्वांगीण विकास के लिए संगीत सीखें : परशुराम पाठक




**समय जगत, गुरसरांय।** राजकीय इंटर कॉलेज खड़ौरा में चल रहे समर कैम्प में संगीत की विभिन्न विधाओं तथा संगीत चिकित्सा प्रणाली की जानकारी छात्र छात्राओं को दी गई।बुन्देलखण्ड के प्रख्यात सितारवादक संगीतगुरु पंडित परशुराम पाठक समर कैम्प में बोलते हुए हुए उन्होंने कहा कि संगीत की साधना ईश्वर की सबसे बड़ी भक्ति है।संगीत में राग रागनियों के द्वारा कई रोगों से छुटकारा मिल जाता है।

उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण विकास के लिए संगीत का अध्ययन करें।सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लें,जिससे आपका सर्वांगीण विकास होगा।

कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य हेम कुमार प्रजापति ने किया।इस मौके पर ग्राम प्रधान मनोज यादव, हरिशंकर सोनी, हेमन्त मिश्रा, विक्की पटेल ,जनेन्द्र राजपूत, वीरेंद्र गौतम,ओमप्रकाश मिश्रा,कन्हैया लाल मिश्रा,बनमाली मिश्रा आदि मौजूद रहे।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम BHISHAM PAHILAJANI से बदलकर BHISHAM PAHALAJANI कर लिया है। मुझे इसी नाम से जाना जाये ।

BHISHAM PAHALAJANI
37/A ALLAHABAD BANK
CHOURAHA CIVIL LINE
JHANSI , 284001

कृषि मंत्री ने कहा-हर जिले से प्रगतिशील किसानों को भेजा जाएगा एक्सपोजर विजिट पर

# कृषक अब देशभर में जाकर सीखेंगे आधुनिक खेती के गुरः मंत्री सिंह राणा



**समय जगत, चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने राज्य के किसानों की आय ब?ाने और उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना की शुरुआत की है। सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रदेश के हर जिले से प्रगतिशील किसानों को च्एक्सपोजर विजिटज (अध्ययन यात्रा) पर भेजा जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य राज्य के किसानों को देश के विभिन्न हिस्सों में अपनाई जा रही आधुनिकतम कृषि तकनीकों, उन्नत पद्धतियों और नए उभरते बाजारों से सीधा जुड़ाव प्रदान करना है, ताकि वे अपनी पारंपरिक खेती में सकारात्मक बदलाव ला सकें। इससे राज्य के हजारों किसान राष्ट्रीय स्तर पर कृषि सुधारों का प्रत्यक्ष अनुभव ले सकेंगे। श्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि किसान हितैषी सोच रखने वाले मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अपने बजट-भाषण में घोषणा की थी कि किसानों को एक्सपोजर विजिट पर भेजा जाएगा। इसी घोषणा को मूर्तरूप देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने जानकारी दी कि इन कृषि-यात्राओं के दौरान हरियाणा के किसानों को गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना जैसे कृषि प्रधान राज्यों में जाने का अवसर मिलेगा। इन राज्यों का चयन वहां की विशिष्ट कृषि उपलब्धियों के आधार पर किया गया है। उदाहरण के तौर पर, किसान गुजरात में सूक्ष्म सिंचाई, महाराष्ट्र में अंगूर व अनार की बागवानी और तेलंगाना में बीज उत्पादन की नई तकनीकों का बारीकी से अध्ययन कर सकेंगे। सरकार का मानना है कि अन्य राज्यों के सफल मॉडल को देखकर हरियाणा के किसान भी अपनी मिट्टी और जलवायु के अनुकूल नई फसलें उगाने के लिए प्रेरित होंगे। कृषि मंत्री ने आगे बताया कि इस एक्सपोजर विजिट का एक बड़ा हिस्सा सीधा बाजार जुड़ाव पर केंद्रित रहेगा। किसानों को यह सिखाया जाएगा कि कैसे वे बिचौलियों पर निर्भर रहने के बजाय अपनी उपज को सीधे बाजार में बेचकर बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्हें अन्य राज्यों के उन किसान समूहों से मिलाया जाएगा जो अपनी उपज की ग्रेडिंग, पैकेजिंग और ब्रांडिंग करके सीधे उपभोक्ताओं या बड़े रिटेलर्स तक पहुँच रहे हैं। इससे न केवल किसानों के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, बल्कि वे खेती को व्यवसाय के रूप में देखने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। सरकार की इस योजना का दूरगामी लक्ष्य राज्य में मास्टर ट्रेनर तैयार करना है। जब ये किसान विभिन्न प्रदेशों से नई तकनीक और अनुभव लेकर वापस लौटेंगे, तो वे अपने जिले और गांव के अन्य किसानों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभाएंगे। कृषि मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने स्पष्ट किया कि आधुनिक खेती, जल संरक्षण और प्राकृतिक खेती जैसे विषयों पर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने से हरियाणा के कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आएगा, जिससे अंततः ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और किसानों का जीवन स्तर ऊंचा होगा।

# प्रदेश के 13 जिलों में राज्य स्तरीय बाढ़ मॉक ड्रिल का किया आयोजन

**समय जगत, चंडीगढ़।** आगामी मानसून सीजन के मद्देनजर आपदा तैयारियों और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए आज प्रदेश के 13 बाढ़ संभावित जिलों में एक साथ पहली राज्य स्तरीय बाढ़ मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2023 और 2025 की बाढ़ से मिले अनुभवों के आधार पर हरियाणा के आपदा प्रबंधन ढांचे को और अधिक मजबूत बनाना था। हरियाणा की वित्त आयुक्त (राजस्व) एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने च्स्टेट इंसिडेंट कमांडरज्के रूप में राज्य नियंत्रण कक्ष से पूरे अभ्यास का नेतृत्व और संचालन किया। डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि इस अभ्यास का आयोजन राज्य की आपदा तैयारियों का मूल्यांकन करने, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय में सुधार करने, आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की पुष्टि करने और कमियों की पहचान करने के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार एक सक्रिय, तकनीक-संचालित और समुदाय-केंद्रित आपदा प्रबंधन प्रणाली विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह ड्रिल तीन चरणों में हुई। यह मॉक ड्रिल गुरुग्राम, अंबाला, फरीदाबाद, फतेहाबाद, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, पानीपत, पलवल, सिरसा, सोनीपत और यमुनानगर में आयोजित की गई। इन जिलों की पहचान उच्च बाढ़ जोखिम वाले क्षेत्रों के रूप में की गई है। वास्तविक बाढ़ जैसी स्थितियों के तहत प्रतिक्रिया तंत्र का परीक्षण करने के लिए प्रत्येक जिले में दो अलग-अलग सिमुलेशन साइट (अभ्यास स्थल) बनाए गए थे। उन्होंने बताया कि ड्रिल के दौरान भारी मानसून वर्षा और यमुना, घग्गर, टांगरी और मारकंडा जैसी प्रमुख नदियों में जल स्तर बढ़ने के कारण बाढ़, शहरी जलभराव और संचार प्रणालियों के बाधित होने जैसी काल्पनिक स्थितियां बनाई गई। राज्य ने अपने संपूर्ण आपातकालीन तंत्र को सक्रिय किया, जिसमें गृह, पुलिस, सिंचाई, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा, परिवहन, शहरी स्थानीय निकाय और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी सहित 24 विभागों ने हिस्सा लिया। सभी उपायुक्तों ने जिला उत्तरदायी अधिकारियों के रूप में कार्य किया। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस, स्वास्थ्य और अग्निशमन सेवाओं की टीमों ने खोज एवं बचाव, निकासी ड्रिल, राहत शिविर प्रबंधन और चिकित्सा सहायता का अभ्यास किया। विशेष रूप से नदी तटों के पास फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने की प्रक्रियाओं का परीक्षण किया गया ताकि अधिकारी किसी भी चरम स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें। एनडीएमए के वरिष्ठ सलाहकार ब्रिगेडियर रविंदर गुरुंग (रिटायर्ड) ने राज्य मुख्यालय से अभ्यास की निगरानी की। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रतिनिधियों ने भी इसमें भाग लेकर बाढ़ प्रबंधन से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।

## सार-समाचार

### मुख्यमंत्री के फ्लीट में वाहनों की संख्या हुई आधी

**समय जगत, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण और संसाधनों के संतुलित उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अपने फ्लीट में वाहनों की संख्या आधी कर दी है। सुरक्षा की दृष्टि से केवल आवश्यक वाहनों को ही फ्लीट में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सप्ताह में एक दिन बिना किसी वाहन के कार्य करने का भी संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को स्वयं उदाहरण प्रस्तुत कर समाज को सकारात्मक संदेश देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मंत्रीगण एवं विभागों के अधिकारियों को भी यात्रा के दौरान सीमित वाहनों का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों एवं आमजन से अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर ईंधन बचत के इस अभियान में सहभागी बनने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। यदि सभी लोग छोटे-छोटे प्रयास करें तो ईंधन की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी बड़ा योगदान दिया जा सकता है।

### अहर्ता तिथि के आधार पर हरियाणा में विशेष संघन संशोधन अभियान हुआ शुरू

**समय जगत, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए श्रीनिवास ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 राज्यों तथा 3 केंद्रशासित प्रदेशों में चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूचियों का विशेष संघन संशोधन अभियान चलाया जा रहा है। इसके तीसरे चरण के अंतर्गत हरियाणा में 1 जुलाई 2026 को अहर्ता तिथि निर्धारित की गई है। इस अभियान के तहत 5 जून से 14 जून 2026 तक तैयारियां, प्रशिक्षण एवं मुद्रण कार्य संपन्न किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 12 मई 2026 तक हरियाणा में कुल मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 6 लाख 63 हजार 155 दर्ज की गई है। विशेष संघन संशोधन कार्य के लिए प्रदेशभर में 20 हजार 629 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की नियुक्ति की गई है, जो 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक घर-घर जाकर मतदाताओं की जानकारी एकत्रित करेंगे। अभी तक विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा 12 हजार 917 बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए गए है। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों के युक्तिकरण एवं समीकरण का कार्य 14 जुलाई 2026 तक पूरा किया जाएगा, जबकि ड्राफ्ट मतदाता सूचियों का प्रकाशन 21 जुलाई 2026 को किया जाएगा। इसके बाद दावे एवं आपत्तियां 21 जुलाई 2026 से 20 अगस्त 2026 तक दर्ज करवाई जा सकेंगी। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निपटान 21 जुलाई से 18 सितंबर 2026 तक किया जाएगा। विशेष संघन संशोधन के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 सितंबर 2026 को किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए श्रीनिवास ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण कार्य में निर्वाचन अधिकारियों एवं बीएलओ का सहयोग करें तथा राजनैतिक दलो से भी अनुरोध है कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर बुथ लेवल ऐजैटं नियुक्त करे, ताकि त्रुटिरहित एवं पारदर्शी मतदाता सूची तैयार की जा सके।

## 20 मई से शुरू होगी एमडीयू की विभिन्न यूजी एवं प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं

**समय जगत, चंडीगढ़।** महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक की मई 2026 की विभिन्न स्नातक एवं प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों की थ्योरी परीक्षाएं 20 मई से प्रारंभ होंगी। यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता ने बताया कि बीबीए, बीबीए (सीएएम), बीबीए, बीबीए (बीई), बीसीए की की परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी गयी है। इसके अलावा, बीएचएमसीटी, बीएससी होम साइंस, बीएससी बायोटेक, बीएससी स्पोर्ट्स साइंस, बी.वोक. तथा बीपीएड समेत विभिन्न पाठ्यक्रमों के नियमित, री-अपीयर एवं इम्प्रूवमेंट, बीबीए, बीसीए एवं अन्य पाठ्यक्रमों के द्वितीय एवं पंचम सेमेस्टर की री-अपीयर/इम्प्रूवमेंट, चतुर्थ सेमेस्टर के गैप-ईयर, री-अपीयर तथा इम्प्रूवमेंट, छठे सेमेस्टर के नियमित, री-अपीयर एवं इम्प्रूवमेंट, बीएचएमसीटी चार वर्षीय कार्यक्रम के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की नियमित एवं री-अपीयर परीक्षाएं तथा सातवें सेमेस्टर की री-अपीयर/इम्प्रूवमेंट, बी.वोक. के विभिन्न पाठ्यक्रमों-कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड होटल मैनेजमेंट, रिटेल मैनेजमेंट, इंटीरियर डिजाइन, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, मार्केटिंग मैनेजमेंट एंड आईटी, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट तथा स्पोर्ट्स, न्यूट्रिशन एंड फिजियोथेरेपी, डी.पी.एड. तथा बी.पी.एड. पाठ्यक्रमों के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की नियमित, री-अपीयर एवं इम्प्रूवमेंट परीक्षाओं के साथ-साथ बी.पी.एड. तृतीय सेमेस्टर की केवल री-अपीयर की परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी गयी है। डेटशीट एमडीयू वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। उधर, प्रवक्ता ने आगे बताया कि महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी रोहतक ने दिसंबर 2025 में आयोजित एमए एजुकेशन के प्रथम और तीसरे सेमेस्टर, एमए लोक प्रशासन के तीसरे सेमेस्टर के फ्रेश व री-अपीयर तथा एमए लोक प्रशासन (ऑनलाइन) के तीसरे सेमेस्टर फ्रेश की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा-सेवा का संदेश है जनादेश

# निकाय चुनावों में सुशासन की राजनीति पर जनता की लगी मुहरः नायब सिंह



**समय जगत, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक और एकतरफा जीत इस बात का स्पष्ट संकेत है कि हरियाणा की जनता ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास, सुशासन, पारदर्शिता और राष्ट्रवाद की राजनीति को खुले दिल से स्वीकार किया है। उन्होंने इस ऐतिहासिक विजय के लिए प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री गुरुवार को पंचकूला में आयोजित नगर निकायों के नव-निर्वाचित मेयर, चेयरमैन एवं पार्षदों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने भीषण गर्मी के बावजूद सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता ने निकाय चुनावों में कांग्रेस की परिवारवाद, झूठ, भ्रम और नकारात्मक राजनीति को पूरी तरह नकारते हुए भाजपा के विकास मॉडल पर अपनी मुहर लगाई है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार कर हुए कहा कि निकाय चुनावों में जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि उन्हें केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि परिणाम चाहिए; केवल वादे नहीं, बल्कि काम चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों ने विकास को ध्यान में रखते हुए नगर निकायों में ट्रिपल इंजन सरकार बनाने का कार्य किया है। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा की जनता द्वारा भाजपा को मिला समर्थन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गरीब कल्याण नीतियों, अंत्योदय की भावना तथा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र की जीत है। उन्होंने कहा कि आज देश का गरीब, किसान, युवा, महिला, व्यापारी और कर्मचारी वर्ग प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहा है। यही कारण है कि देशभर में भाजपा लगातार जीत का परचम लहरा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिसार, गुरुग्राम, यमुनानगर और फरीदाबाद नगर निगम चुनावों के साथ-साथ अब पंचकूला, अंबाला और सोनीपत निगम चुनावों में भी जनता ने भाजपा को एकतरफा समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि निगम, परिषद और पालिका चुनावों में लोगों का विश्वास लगातार भाजपा की विकासात्मक नीतियों में बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। भारत ने विश्व पटल पर नई ऊंचाइयों को छुआ है, वहीं हरियाणा ने भी विभिन्न क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित किए हैं। केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों से गरीब और किसान सशक्त हुए हैं तथा महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। हाल ही में असम और पश्चिम बंगाल के चुनावों में हुई जीत का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि असम की डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों को बंगाल की जनता ने भी सराहा और भाजपा के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी चुनावों में पंजाब की जनता भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर भरोसा जताते हुए कमल का फूल खिलाएगी। मुख्यमंत्री ने निकाय चुनावों में विजयी उम्मीदवारों को बधाई देते हुए उनसे जनता की आशाओं और आकांक्षाओं पर खरा उतरने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह जनादेश सत्ता नहीं, बल्कि सेवा का संदेश है। अपने-अपने वार्डों में लोगों की सड़कों, बिजली, पानी तथा अन्य मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए नागरिक देवो भव के मंत्र को शासन व्यवस्था का मूल आधार मानते हुए जनसेवा की भावना से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान जारी किए गए घोषणा पत्र को अक्षरशः लागू किया जाएगा। विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारें घोषणाएं तो करती थीं, लेकिन उन्हें धरातल पर लागू नहीं करती थीं, जबकि वर्तमान सरकार अपने प्रत्येक वादे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनावों के दौरान लिए गए 217 संकल्पों में से 63 को सरकार ने डेढ़ वर्ष के भीतर पूरा कर लिया है।

# एनएससी में निवेश के लिये 100 से अधिक लोगों ने किया आवेदन

**गुरुग्राम।** डाक विभाग की नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट योजना में लोगों की रुचि लगातार बढ़ रही है। जिले में 1 से 30 अप्रैल तक कुल 172 लोगों ने एनएससी में निवेश के लिए आवेदन किया है। पोस्ट ऑफिस में सुरक्षित निवेश योजनाओं को लेकर लोगों में बढ़ती जागरूकता सकारात्मक संकेत है।




एनएससी की गारंटीड रिटर्न और टैक्स बेनिफिट के कारण लोग इसे भरोसेमंद निवेश विकल्प के रूप में देख रहे हैं। नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट पोस्ट ऑफिस की एक प्रमुख बचत योजना है। इसमें 1,000 रुपये के गुणक में निवेश किया जा सकता है। इसकी लॉक-इन अवधि 5 वर्ष होती है। योजना में 1.5 लाख रुपये तक के निवेश पर आयकर की धारा 80सी के तहत छूट मिलती है। वर्तमान में इस पर 7.7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज मिलता है, जो चक्रवृद्धि रूप में बढ़ता है। योजना में निवेश की कोई अधिकतम सीमा नहीं है। आधार कार्ड, पैन कार्ड या वोटर आईडी जैसे पहचान पत्र, निवास प्रमाण, बिजली बिल या पासपोर्ट और पासपोर्ट साइज फोटो दस्तावेज खाता खुलवाने के लिए आवश्यक हैं। यदि खाता नाबालिग के नाम पर खोला जा रहा है तो जन्म प्रमाण पत्र भी आवश्यक है। कोई भी भारतीय नागरिक, 10 वर्ष से अधिक आयु के नाबालिग (अभिभावक के साथ) और अधिकतम तीन वयस्कों का संयुक्त खाता एनएससी में खोला जा सकता है। वहीं एनआरआई, कंपनियां, ट्रस्ट और एचयूएफ इसके लिए पात्र नहीं हैं।

# असोला भट्टी अभयारण्य में जंगल की आग रोकने के लिए बनेगी फायर लाइन, तैनात होंगी विशेष टीमें

**नई दिल्ली।** दिल्ली के असोला भट्टी वन्यजीव अभयारण्य में जंगल की आग से निपटने के लिए फायर लाइन बनाने, विशेष फायर रिस्पॉन्स यूनिट की तैनाती और जीपीएस से लैस टीमों की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। यह योजना 2024-25 से लेकर 2034-35 तक के लिए तैयार की गई है। अधिकारियों के अनुसार, भारतीय वन्यजीव संस्थान की मदद से बनाई गई इस योजना को दिसंबर में मंजूरी दी गई थी। प्रस्ताव के अनुसार, आग को फैलने से रोकने के लिए जंगल में विशेष फायर लाइन और गश्त के रास्ते बनाए जाएंगे। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त फायर ट्रेल्स भी तैयार किए जाएंगे, ताकि आग लगने पर टीम जल्दी मौके तक पहुंच सके। योजना में तीन विशेष रैपिड रिस्पॉन्स यूनिट बनाने की बात कही गई है। इन टीमों को वॉकी-टॉकी, मोबाइल संचार उपकरण और जीपीएस टूल दिए जाएंगे। साथ ही आग बुझाने के लिए फायर बीटर, फावड़े, हेलमेट, दस्ताने और आग-रोधी




कपड़े भी उपलब्ध कराए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि आग की घटनाओं की जानकारी तुरंत मिलने के लिए एक विशेष फोन नंबर शुरू करने का भी प्रस्ताव है। आसपास रहने वाले लोगों को जागरूक करने और नियमित मॉक ड्रिल कराने की योजना भी बनाई गई है। योजना में कहा गया है कि अभयारण्य के आसपास बढ़ती आबादी, चराई, जलाऊ लकड़ी इकट्ठा करने और लापरवाही से लगने वाली आग के कारण जंगल और वन्यजीवों को खतरा बढ़ रहा है। इन उपायों से आग पर जल्दी काबू पाने और जैव विविधता को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।

# नायब सिंह सैनी ने की स्वास्थ्य विभाग के अगले 5 वर्षों की कार्ययोजना की समीक्षा

# योजनाओं के तीव्र क्रियान्वयन के लिए विश्व स्तर की प्रोफेशनल टीमों की मदद ले विभाग : मुख्यमंत्री

**समय जगत, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्यों को हरियाणा समय से पहले पूरा करेगा। इसके लिए सभी विभागों के समन्वित प्रयास जरूरी हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार किए गए 5 वर्षीय कार्यान्वयन रोडमैप और कार्य योजना की समीक्षा करते हुए वीरवार को मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग विश्व स्तर की प्रोफेशनल टीमों की मदद ले जो आधुनिक तकनीकों की सहायता से अन्य विकसित देशों व राज्यों की तर्ज पर योजनाओं के क्रियान्वयन में विभाग की मदद कर सके ताकि लक्ष्यों को तीव्र गति से पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर व्यक्ति तक उत्कृष्ट, सुलभ और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिशु और गभर्वती महिलाओं की मृत्यु दर को रिकॉर्ड स्तर पर कम करने की जरूरत है। इसके लिए सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम बनाया जाए जो वार रूम की तर्ज पर दिन-रात काम करे। यहां से पूरे प्रदेश में प्रतिदिन शिशु व गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर निगरानी रखते हुए किसी भी प्रकार की चूक पर रोक लगाई जा सकेगी। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य के संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों में दवाइयों का संपूर्ण रिकॉर्ड ऑनलाइन होना आवश्यक है। चिकित्सक के दवाई लिखते ही रिकॉर्ड अपडेट हो जाए तो अस्पतालों में दवाइयों की कमी की समस्या नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए 70 एम्बुलेंसों की खरीद को पहले ही स्वीकृति दी जा चुकी है। विभाग को आवश्कता अनुसार अन्य सभी प्रकार के उपकरण व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी लेकिन



प्रदेशवासियों को स्वास्थ्य सेवाएं मिलने में किसी प्रकार की दिक्कत न आए। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अभी तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा केवल सरकारी स्कूलों व आंगनवाड़ी केंद्रों में ही बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की जाती है लेकिन भविष्य में निजी स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों की स्वास्थ्य जांच भी सुनिश्चित की जाए। बच्चों को आवश्कता अनुसार दवाइयां के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ रहने के प्रति जागरूक भी किया जाए। स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती सुमिता मिश्रा ने बताया कि प्रदेश में डे-केयर कैंसर सेंटर के माध्यम से उन कैंसर मरीजों की निःशुल्क कीमोथैरेपी की जाती है जिन्हें मेडिकल कॉलेजों द्वारा रेफर किया जाता है। इससे कैंसर मरीजों को काफी लाभ हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए प्रत्येक जिला में मैमोग्राफी मशीनें लगाई जाएं। वर्ष 2030 तक प्रदेश के प्रत्येक वार्ड व गांव को टीबी मुक्त करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि टीबी का कोई भी मरीज अनट्रेस न रहे और सभी मरीजों का समुचित इलाज किया जाए ताकि यह रोग आगे न ब?। रोग की पहले ही पहचान हो, इसके लिए तकनीक का भी सहारा लिया जाए और व्यापक स्तर पर जांच करवाई जाए। मरीजों के लिए संतुलित आहार, मानसिक स्वास्थ्य तथा नशे की लालसा को रोकने की दिशा में भी प्रभावी कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य लक्ष्यों की प्राप्ति में आयुष विभाग भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

उन्होंने कहा कि आयुष विभाग बीमारियों के बचाव की दिशा में दवाईयों पर कम और जागरूकता पर अधिक फोकस करे। इसी प्रकार मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च के अधिकारियों को पीपीपी मोड में मेडिकल कॉलेज के संचालन की दिशा में संभावना तलाशने तथा इस संबंध में अन्य प्रदेशों द्वारा अपनाई जा रही योजना का अध्ययन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों को रेटिंग देने कार्ययोजना भी तैयार की जाए ताकि कमियों को पहचान कर इन्हें दूर किया जा सके। इसी प्रकार उन्होंने प्रदेश के ट्रामा सेंटर्स को भी अपग्रेड कर इन्हें लेवल-1 व लेवल-2 तक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग रोगों के इलाज के स्थान पर अब रोगों से बचाव की दिशा में प्रभावी रोडमैप तैयार करे ताकि बीमार होने की नौबत ही न आए। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ आयुष विभाग, मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च तथा फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन सहित अन्य संबंधित विभाग मिलकर समन्वित रूप से कार्य करें ताकि विकसित भारत-2047 के लक्ष्यों को समय से पहले पूरा किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी अस्पतालों, स्वास्थ्य संस्थानों और मेडिकल कॉलेजों के परिसरों में व्यापक स्तर पर पौधारोपण भी करवाया जाए। इसके लिए अधिक से अधिक स्थान चिह्नित कर 'एक पेड मां के नाम' योजना के तहत ट्री-गार्ड सहित पौधारोपण किया जाए।

# डोनाल्ड ट्रंप और जिनपिंग की दोस्ती से प्रभावित हुए वैश्विक समीकरण

## नजरिया

**दिलचस्प बात यह है कि पिछले वर्ष जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन सम्मेलन के दौरान शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी, तब ट्रंप ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि अमेरिका भारत को चीन और रूस के हाथों खो रहा है। यही नहीं, मोदी की चीन और रूस के नेताओं के साथ तस्वीरों को वाशिंगटन में रणनीतिक असहजता के रूप में देखा गया था। लेकिन अब वही ट्रंप खुद चीन की धरती पर शी जिनपिंग के साथ बैठकों में व्यस्त रहे। उनके साथ अमेरिका के सबसे बड़े उद्योगपति और तकनीकी कंपनियों के प्रमुख भी मौजूद रहे। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि यदि भारत का चीन से संवाद अमेरिका के लिए भारत को खो देना था, तो फिर ट्रंप की अपनी चीन यात्रा को क्या कहा जाए? क्या यह अमेरिकी यथार्थवाद है, आर्थिक मजबूरी है या फिर वैश्विक शक्ति संतुलन की नई स्वीकारोक्ति है?**

**नीरज कुमार दुबे**

ट्रंप की चीन यात्रा ने यह भी साफ कर दिया कि चीन को अलग थलग करने की अमेरिकी रणनीति अब पहले जैसी प्रभावी नहीं रह गई है। वहीं बीजिंग ने ट्रंप की इस यात्रा को केवल कूटनीतिक कार्यक्रम नहीं रहने दिया, बल्कि इसे अपनी तकनीकी, आर्थिक और सामरिक शक्ति के प्रदर्शन में बदल दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चीन यात्रा बदलती विश्व व्यवस्था का ऐसा प्रतीक बनकर सामने आई जिसने वैश्विक राजनीति की दिशा पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। बीजिंग में राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ ट्रंप की लंबी बैठकों, व्यापारिक समझौतों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तकनीकी सहयोग पर चर्चा तथा अमेरिकी उद्योगपतियों की भारी मौजूदगी ने यह संकेत दिया कि तमाम टकरावों और आरोपों के बावजूद अमेरिका और चीन एक दूसरे से अलग नहीं हो सकते। इसी के साथ यह सवाल भी तेज हो गया है कि क्या इस यात्रा ने क्वॉड जैसे रणनीतिक समूहों के भविष्य पर भी अनिश्चितता पैदा कर दी है? दिलचस्प बात यह है कि पिछले वर्ष जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन सम्मेलन के दौरान शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी, तब ट्रंप ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि अमेरिका भारत को चीन और रूस के हाथों खो रहा है। यही नहीं, मोदी की चीन और रूस के नेताओं के साथ तस्वीरों को वाशिंगटन में रणनीतिक असहजता के रूप में देखा गया था। लेकिन अब वही ट्रंप खुद चीन की धरती पर शी जिनपिंग के साथ बैठकों में व्यस्त रहे। उनके साथ अमेरिका के सबसे बड़े उद्योगपति और तकनीकी कंपनियों के प्रमुख भी मौजूद रहे। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि यदि भारत का चीन से संवाद अमेरिका के लिए भारत को खो देना था, तो फिर ट्रंप की अपनी चीन यात्रा को क्या कहा जाए? क्या यह अमेरिकी यथार्थवाद है, आर्थिक मजबूरी है या फिर वैश्विक शक्ति संतुलन की नई स्वीकारोक्ति है? ट्रंप की इस यात्रा ने यह भी साफ कर दिया कि चीन को अलग थलग करने की अमेरिकी रणनीति अब पहले जैसी प्रभावी नहीं रह गई है। वहीं बीजिंग ने ट्रंप की इस यात्रा को केवल कूटनीतिक कार्यक्रम नहीं रहने दिया, बल्कि इसे अपनी तकनीकी, आर्थिक और सामरिक शक्ति के प्रदर्शन में बदल दिया। शहर की सड़कों पर चालक रहित विद्युत वाहन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणालियां, मानवरूपी रोबोट और डिजिटल विज्ञापन चीन की नई ताकत का प्रदर्शन कर रहे थे।



चीन दुनिया को यह संदेश देना चाहता था कि अब वह केवल सस्ती वस्तुएं बनाने वाला देश नहीं बल्कि भविष्य की तकनीकों का नेतृत्व करने वाली शक्ति बन चुका है।

देखा जाये तो ट्रंप की यात्रा ऐसे समय हुई जब अमेरिका ईरान युद्ध के कारण कई मोर्चों पर दबाव में है। अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों के अनुसार चीन ने ईरान संकट का उपयोग अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत करने के लिए किया है। होर्मुज जलडमरूमध्य संकट के बीच चीन ने ऊर्जा आपूर्ति और हथियारों के जरिये अपनी भूमिका बढ़ाई, जबकि अमेरिका युद्ध और आर्थिक दबावों में उलझा रहा। यही कारण है कि ट्रंप को अंततः बीजिंग पहुंचकर शी जिनपिंग से संवाद करना पड़ा। बीजिंग में हुई बातचीत के दौरान ताइवान सबसे बड़ा मुद्दा बनकर सामने आया। शी जिनपिंग ने साफ कहा कि यदि ताइवान के मुद्दे को ठीक ढंग से नहीं संभाला गया तो दोनों देशों के बीच टकराव और संघर्ष हो सकता है। यह बयान केवल चेतावनी नहीं था बल्कि बदलते शक्ति संतुलन का संकेत भी था। चीन अब अमेरिका से बराबरी की भाषा में बात कर रहा है। ट्रंप की प्राथमिकता हालांकि व्यापार और निवेश रही। उनके साथ एलन मस्क, जेन्सन हुआंग और अन्य अमेरिकी उद्योगपति भी पहुंचे। यह इस बात का संकेत था कि अमेरिकी उद्योग जगत चीन से दूरी नहीं चाहता। दुनिया की सबसे बड़ी उपभोक्ता अर्थव्यवस्था और विशाल तकनीकी बाजार से अलग होना अमेरिका के लिए आसान नहीं है। व्हाइट हाउस की ओर से जारी आधिकारिक बयान ने भी यह स्पष्ट कर दिया कि ट्रंप की चीन यात्रा के दौरान दोनों देशों ने कई संवेदनशील मुद्दों पर व्यावहारिक सहयोग की दिशा में आगे बढ़ने के संकेत दिए। बयान के अनुसार ट्रंप और शी जिनपिंग ने अमेरिकी कंपनियों के लिए चीन में बाजार पहुंच बढ़ाने, चीन के निवेश को अमेरिका में प्रोत्साहित करने और कृषि उत्पादों की खरीद बढ़ाने पर चर्चा की। दोनों देशों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने और ऊर्जा आपूर्ति बाधित न होने देने पर भी सहमति जताई। चीन ने जलडमरूमध्य के सैन्यीकरण का विरोध दोहराया, जबकि ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देने पर भी साझा रुख सामने आया। यह बयान इस बात का संकेत है कि तीखी प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक अविश्वास के बावजूद अमेरिका और चीन वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा ऊर्जा सुरक्षा जैसे मुद्दों पर टकराव के बजाय नियंत्रित सहयोग की राह भी तलाश रहे हैं। यही वह बिंदु है जहां क्वॉड का भविष्य भी सवालों में घिरता दिखाई देता है। क्वॉड को लंबे समय से हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रभाव को संतुलित करने वाले समूह के रूप में देखा जाता रहा है। भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की यह साझेदारी चीन को लेकर साझा रणनीतिक चिंता पर आधारित मानी जाती है। लेकिन यदि अमेरिका का राष्ट्रपति खुद चीन के साथ संबंधों को स्थिर करने, व्यापार बढ़ाने और तकनीकी सहयोग तलाशने बीजिंग पहुंचता है, तो फिर क्वॉड की वास्तविक दिशा क्या रह जाएगी? भारत के लिए यह प्रश्न और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। पिछले कुछ वर्षों में नई दिल्ली ने क्वॉड को अपनी हिंद प्रशांत रणनीति का अहम हिस्सा बनाया है। लेकिन ट्रंप की चीन यात्रा यह संकेत देती है कि अंततः अमेरिका अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर ही निर्णय लेगा। यदि आर्थिक या सामरिक कारणों से उसे चीन के साथ समझौता करना पड़े, तो वह पीछे नहीं हटेगा। ऐसे में भारत को यह समझना होगा कि वैश्विक राजनीति स्थायी मित्रताओं से अधिक स्थायी हितों पर चलती है। ट्रंप की यात्रा ने एक और महत्वपूर्ण तथ्य उजागर किया है। अमेरिका और चीन के बीच प्रतिस्पर्धा अब केवल व्यापार युद्ध तक सीमित नहीं है। यह तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा, दुर्लभ खनिज, चिप निर्माण, समुद्री मार्गों और वैश्विक प्रभाव की व्यापक लड़ाई बन चुकी है। लेकिन इस प्रतिस्पर्धा के बीच दोनों देश एक दूसरे पर निर्भर भी हैं। अमेरिका चीन को रोकना चाहता है, लेकिन उसकी कंपनियां चीन के बाजार और विनिर्माण क्षमता से अलग नहीं हो पा रहीं। दूसरी ओर चीन अमेरिकी तकनीक और वैश्विक वित्तीय संरचना से पूरी तरह अलग नहीं हो सकता।

इसीलिए बीजिंग में ट्रंप और शी जिनपिंग की मुलाकात केवल दो नेताओं की बैठक नहीं थी। यह उस नई विश्व व्यवस्था की झलक थी जिसमें प्रतिद्वंद्विता और सहयोग साथ-साथ चलेंगे। दोनों देश सार्वजनिक रूप से एक दूसरे को चुनौती देंगे, लेकिन आर्थिक और तकनीकी स्तर पर पूरी तरह अलग भी नहीं होंगे। इस पूरी प्रक्रिया में भारत की स्थिति बेहद जटिल हो जाती है। एक ओर वह अमेरिका के साथ सामरिक साझेदारी मजबूत कर रहा है, दूसरी ओर रूस से ऊर्जा खरीद जारी रखता है और चीन के साथ संवाद भी बनाए हुए है। ट्रंप की चीन यात्रा भारत को यह संदेश भी देती है कि वैश्विक राजनीति में किसी एक धुरी पर पूरी तरह निर्भर रहना जोखिम भरा हो सकता है। बहरहाल, ट्रंप की बीजिंग यात्रा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि 21वीं सदी की विश्व राजनीति का केंद्र अब अमेरिका चीन संबंध ही होंगे। यही संबंध तय करेंगे कि वैश्विक अर्थव्यवस्था किस दिशा में जाएगी, तकनीकी नेतृत्व किसके हाथ में रहेगा और भविष्य की विश्व व्यवस्था कैसी होगी। लेकिन इसके साथ ही यह यात्रा एक बड़ा सवाल भी छोड़ गई है कि यदि अमेरिका खुद चीन के साथ अपने रिश्तों को नए सिरे से गढ़ रहा है, तो फिर दुनिया के बाकी देशों से वह किस प्रकार की रणनीतिक निष्ठा की अपेक्षा कर सकता है?

## संपादकीय

# बढ़ती महंगाई से आम लोग हैं हलाकान

देश में लगातार बढ़ती महंगाई से आम लोगों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल पश्चिम एशिया संकट और अन्य कारणों से भारत में महंगाई बढ़ रही है। 12 मई को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में अप्रैल, 2026 में खुदरा महंगाई दर 3.48 प्रतिशत हो गई, जो मार्च की 3.40 प्रतिशत दर से अधिक है। इससे आम जनता का दैनिक जीवन कठिन हो रहा है और अर्थव्यवस्था की विकास दर धीमी पड़ रही है। प्रधानमंत्री ने वैश्विक ऊर्जा संकट के कारण जनता से पेट्रोल, डीजल और गैस के संयमित उपयोग की अपील की है और मेट्रो, सार्वजनिक परिवहन, इलेक्ट्रिक वाहन, कार पूलिंग, वर्क फ्रॉम होम जैसे उपायों को बढ़ावा देने को कहा है। अर्थ विशेषज्ञ भी भारत को पश्चिम एशिया संकट और वैश्विक अनिश्चितता के लिए सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। वहीं, आरबीआई के गर्वनर ने महंगाई बढ़ने पर नीतिगत रेपो रेट बढ़ाने की संभावना जताई है। पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और आपूर्ति बाधाओं से भारत में महंगाई बढ़ रही है। सरकार महंगाई नियंत्रण के उपाय कर रही है, लेकिन नागरिकों को पेट्रोल-डीजल के संयमित उपयोग और अन्य प्रयासों में मदद करनी होगी। एलपीजी सिलेंडरों की बढ़ी कीमतों से व्यवसायों की लागत बढ़ी है, जिसका बोझ उपभोक्ताओं पर पड़ने से महंगाई और बढ़ रही है। हालांकि, अभी पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी की खुदरा कीमतें वैश्विक पेट्रोलियम उत्पादों की ऊंची कीमतों के कारण बढ़ने की आशंका बनी हुई है। सरकारी तेल कंपनियों को हर माह करीब 30 हजार करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। भारत में महंगाई की दर अभी दुनिया की तुलना में कम है, लेकिन बढ़ने की प्रवृत्ति स्पष्ट है। एशियाई विकास बैंक और ईवाई इंडिया की रिपोर्टों के अनुसार, 2026 में महंगाई दर 6 प्रतिशत से ऊपर स्तर तक पहुंच सकती है। क्रिसिल की 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल, 2026 में घर पर बनी थाली की कीमतें बढ़ गई हैं। आम जीवन की रोजमर्रा की वस्तुएं जैसे रसोई का सामान, कपड़े और घरेलू उपकरण महंगे हो रहे हैं। एफएमसीजी कंपनियां उत्पादों की कीमत बढ़ाने या पैकेट का आकार घटाने पर विचार कर रही हैं। साथ ही, भारतीय मौसम विभाग ने अल नीनो के कारण सामान्य से कम मॉनसून की आशंका जताई है, जिससे कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। देश में डीजल और पेट्रोल की कीमतों में 3-3 रुपये की पुनः बढ़ोत्तरी की गई है, इससे महंगाई में और इजाफा होगा तथा आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# पश्चिम बंगाल में शुभ राज के साथ सनातन का सूर्योदय

**मृत्युंजय दीक्षित**

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से आज तक बंगाल में कांग्रेस, वामपंथ और तृणमूल की सरकारें रहीं जो तुष्टिकरण में आकंठ डूबी रहीं और हिंदुओ को दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया। स्थितियां इतनी विकट हो गयी थीं कि बंगाल की धरती पर जय श्रीराम बोलने पर नफरत का कहर टूट पड़ता था। पश्चिम बंगाल में 69 वर्षों के अथक संघर्ष के बाद भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत वाली सरकार प्रथम सरकार शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में कार्यभार ग्रहण करके काम पर लग गयी है। बंगाल में बीजेपी की विजय बहुत बड़ी व ऐतिहासिक है। बंगाल ही नहीं भारत के अन्य भागों में भी इस विजय का आनंद दिखाई वातावरण दे रहा है। इस विजय के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर्नाटक, तेलंगना और गुजरात के दौरे में जो भीड़ उमड़ रही है उससे स्पष्ट रूप से जनसामान्य और भाजपा कायकर्ताओं के उत्साह का अनुमान लगाया जा सकता है। बंगाल विधानसभा चुनावों मे हिंदू समाज ने पहली बार बांग्लादेशी घुसपैठ और मुस्लिम तुष्टिकरण की विकृत राजनीति के विरुद्ध एकजुट होकर मतदान किया और जिसका परिणाम आज पूरा भारत देख रहा है। बंगाल की जिस धरती पर 75 वर्ष पूर्व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की वैचारिक नींव रखी थी उसी बंगाल में पहली बार भाजपा 27 सीटों के साथ सत्ता के शिखर पर पंहुची और भगवा वस्त्रों में शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। बंगाल की कैबिनेट में अभी पांच मंत्रियों को ही शपथ दिलाई गई है, जिसमें बंगाल में भाजपा का संगठन खड़ा करने में अहम भूमिका निभाने वाले दिलीप घोष, फैशन डिजाइनर से बंगाल भाजपा की सबसे मुखर नेत्री बनी अग्निमित्रा पॉल जिन्होंने तृणमूल के खिलाफ आक्रामक मोर्चा संभाला, बांग्लादेश के हिंदू शरणार्थी मतुआ समुदाय के प्रमुख चेहरे अशोक कीर्तनिया जो उत्तर 24 परगना जिले के भारत-बांग्लादेश सीमा से सटे इलाको में भाजपा के जमीनी संगठनकर्ता के रूप मे अत्यंत सक्रिय रहे हैं, छात्र राजनीति से उभरे नेता निशीथ प्रामाणिक जो 2019 में भाजपा से जुड़े और जंगल महल के आदिवासी समुदाय के बड़े नेता खुदीराम टुडू शामिल हैं। अभी इस मंत्रिमंडल है का विस्तार होना बाकी है। बंगाल में शपथ ग्रहण समारोह के मंच पर एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना के अनुरूप लघु भारत के भव्य दर्शन हो रहे थे तथा भविष्य की राजनीति के संकेत भी मिल रहे थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से आज तक बंगाल में कांग्रेस, वामपंथ और तृणमूल की सरकारें रहीं जो तुष्टिकरण में आकंठ डूबी रहीं और हिंदुओ को दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया। स्थितियां इतनी विकट हो गयी थीं कि बंगाल की धरती पर जय श्रीराम बोलने पर नफरत का कहर टूट पड़ता था। आज उसी बंगाल में जब जयश्रीराम के नारे गूंज रहे हैं तो बंगाल का हर सनातनी खुशी से सराबोर हो रहा है। बंगाल में भाजपा सरकार आने से पश्चिम बंगाल के हिन्दुओं को तुष्टिकरण की दमनकारी नीतियों और भय के माहौल से आजादी मिली है। यह विजय केवल सत्ता का परिवर्तन नही अपितु बंगाल के पुनरुत्थान का शंखनाद है। अब बंगाल सही मायने में सोनार बांग्ला बनने की ओर अग्रसर होगा। भाजपा नेताओं का कहना है कि मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल सांस्कृतिक, आध्यात्मिक व आर्थिक उत्थान के नए दौर मे प्रवेश करेगा। हार की कुंठा से ग्रसित तृणमूल व विरोधी दलों के नेता अभी भी एसआईआर, चुनाव आयोग और केंद्रीय सुरक्षाबलों वाले आरोप दोहरा रहे हैं जबकि वास्तविकता यह है कि भाजपा ने यह चुनाव लम्बे संघर्ष और अपने कार्यकर्ताओं के बलिदान के बाद जीता है। तृणमूल के राज में वर्ष 2011 से 2025 के बीच भाजपा के 321 कार्यकर्ता मारे गए, उनके विरुद्ध हुई हिंसा में हजारों घर उजाड़ दी गए, भाजपा व संघ के किसी कार्यकर्ता को बम से उड़ाया गया किसी को पेड़ से लटकाया गया। 2021 में तो भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति तृणमूल के लोगों ने क्रूरता की सभी सीमाएं लांघ दी थीं। नंदीग्राम से लेकर वीरभूम तक, कूच बिहार हो या वशीर हाट चुनाव के बाद बदले के नाम पर पूरे-पूरे गांव खाली करवा दिए गए थे। 2021 की चुनावी हिंसा में हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश दिए किंतु ममता सरकार उन सभी में अड़ंगा डालती रही। आज संदेशखाली से आर जी कर कांड तक सभी पीड़ित परिवारों के मन में एक नया सबेरा आया है कि अब न्याय होकर रहेगा। बंगाल के हिंदू जनमानस को नयी सरकार पर भरोसा है इसलिए नई सरकार को भी अत्यंत तत्परता और सतर्कता के साथ संकल्प पत्र को पूरा करना होगा। नई सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट की पहली बैठक में जो निर्णय लिए हैं उनसे उसकी गंभीरता तथा बंगाल की जनता के प्रति प्रतिबद्धता का पता चलता है। नई सरकार के पहले फैसले- शुभेंदु मंत्रिपरिषद ने अपनी पहली बैठक में ही कई बड़े निर्णय लिए हैं। जिनमें आयुष्मान भारत योजना को बंगाल में लागू करना, भारतीय न्याय सहिंता के तीन कानूनों को लागू करना, बीएसएफ को सीमावर्ती क्षेत्रों में 45 दिनों के अन्दर जमीन स्थानांतरित करना शामिल है। ममता बनर्जी की सरकार इन सभी कार्यों में लगातार अड़ंगा ही डालती रही थी।

# आश्वस्त करने वाली समन्वय की राजनीति

**मृत्युंजय दीक्षित**

यह जानना एक सुखद आश्चर्य ही है कि शुभेन्दु अधिकारी ने 'जय श्रीराम' का नारा लगाने वाले अपने प्रशंसकों को नारा लगाने से रोक दिया। उन्होंने कहा, अब वह सब के मुख्यमंत्री हैं। देश में चार राज्यों व एक केंद्रशासित प्रदेश के चुनाव संपन्न हो गये। सरकारें भी बन ही गयीं। नए मुख्यमंत्रियों ने अपनी प्राथमिकताएं भी घोषित कर दी हैं। इन घोषणाओं पर ध्यान जाना स्वाभाविक भी है, और जरूरी भी। यूं तो चुनाव कहीं भी हो, महत्वपूर्ण होते हैं, पर इन चुनावों में पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु दो ऐसे राज्य हैं जहां के परिणाम ने चुनावी पंडितों को भी चौंका दिया है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी की हार हैरान कर देने वाली है। तमिलनाडु में भी द्रविड़-राजनीति का अवसान और एक नयी पार्टी का सत्ता में आना आसानी से समझ आने वाली बात नहीं है। राजनीतिक विश्लेषक स्थिति को समझें-समझाएंगे। लेकिन राजनीतिक दलों को भी आत्म- विश्लेषण करना होगा। सोचना मतदाता को भी पड़ेगा कि जो हुआ वह कैसे हो गया। दोनों राज्यों के नए मुख्यमंत्रियों ने जीत के बाद अपने पहले वक्तव्य में जो कहा वह ध्यान आकर्षित करता है। तमिलनाडु के नये मुख्यमंत्री ने अपने मतदाताओं से 'कुछ समय' मांगते हुए जिस पहले आदेश पर हस्ताक्षर किये हैं, वह है राज्य की जनता को दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने का है। वैसे यह उनके चुनावी वादों का हिस्सा था, फिर भी जिस तेज़ी से यह घोषणा की गयी है उससे यह स्पष्ट है कि वह अपने मतदाताओं का विश्वास बनाये रखने को प्राथमिकता देने वाले नेता हैं। आज तो सभी राजनीतिक दल और राजनेता रेवड़ियां बांटने वाली इस राजनीति को अपना चुके हैं, पर ज्ञातव्य है कि इस राजनीति की शुरुआत सत्तर साल पहले तमिलनाडु से ही हुई थी। तत्कालीन कांग्रेसी मुख्यमंत्री के. कामराज ने 'मिड डे मील' के रूप में यह प्रथा शुरू की थी। धीरे-धीरे वह सभी राज्यों की रीति-नीति का हिस्सा बन गयी। फिर तो चुनावों में घरेलू ज़रूरत की चीजों और आर्थिक सहायता तक बात पहुंच गयी। देखा जाये तो यह एक तरह से वोट के बदले रिश्वत दिया जाना ही है, पर राजनीति की यह 'रेवड़ी संस्कृति' आज हमारी राजनीति का एक स्वीकृत हिस्सा बन चुकी है। इसमें संदेह नहीं है कि कुछ लाभ भी हैं इस राजनीति के। जैसे स्कूल जाने वाली लड़कियों को साइकिल बांटने से लेकर विद्यार्थियों को मोबाइल, कंप्यूटर तक मुफ्त देना शिक्षा के प्रसार में निश्चित रूप से उपयोगी सिद्ध हुआ है। पर हकीकत यह भी है कि हाल ही में हुए एक सर्वेक्षण में 56 प्रतिशत लोगों ने इस 'मुफ़्तिया नीति' को अनावश्यक बताया है और इसे वोट बटोरने का एक प्रयास कहा है। सर्वेक्षण में भाग लेने वाले 60 प्रतिशत से अधिक लोगों ने इस नीति के राष्ट्र की



वित्तीय स्थिति पर कुप्रभाव की चर्चा की है। वित्तीय सहायता बांटने वाली इस राजनीति के कुप्रभाव को लेकर चिंता प्रकट करने वालों का यह भी कहना है कि इससे पर-निर्भरता की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलता है। उदाहरण के लिए देश की 80 प्रतिशत आबादी को पांच किलो मुफ्त अनाज देने वाली नीति एक अर्से से आलोचना का शिकार हो रही है, लेकिन संबंधित सरकारों को वोट की दृष्टि से यह एक फायदे का सौदा लगता है! लेकिन इसके औचित्य पर उठने वाले सवाल एक गंभीर चिंतन की अपेक्षा करते हैं। तमिलनाडु के नये मुख्यमंत्री ने मतदाताओं को किए गये वादे को पूरा करने का एक उदाहरण तो प्रस्तुत किया है, पर यह 'मुफ्तिया राजनीति' राजनीतिक भ्रष्टाचार का भी एक उदाहरण है। लोक कल्याणकारी नीतियों का तो स्वागत होना चाहिए, पर मतदाता को नकद राशि देने वाली नीति जब एक तरह की होड़ बन जाये तो यह विषय प्रोत्साहन का नहीं, चिंता का बन जाता है। पर हमारे नेताओं को ऐसी कोई चिंता सताती नहीं है! राजनेताओं को यह चिंता सतानी चाहिए कि लालच देकर वोट खरीदने की जो यह परिपाटी हमारे देश में जड़ें जमा रही है, उसके दुष्परिणामों से कैसे बचा जा सकता है। क्या यह चिंता का विषय नहीं होना चाहिए कि महिलाओं के बैंक खातों में नकद राशि जमा करने की इस होड़ से प्रतिवर्ष देश पर 1.7 लाख करोड़ रुपए का बोझ पड़ रहा है? यह सवाल भी पूछा जाना चाहिए कि इतना पैसा मुफ्त बांटने के बाद विकास-कार्यों के लिए कितना पैसा बचेगा। लोकप्रियता बटोरने का यह तरीका वस्तुतः बहुत महंगा सौदा है। ऐसे सौदे में घाटे में देश रहता है। और देश को घाटा तब भी होता है जब धर्म के नाम पर वोट दिये और लिये जाते हैं। इस संदर्भ में एक अच्छी बात बंगाल के नये मुख्यमंत्री ने कही है। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद जब वह एक कार्यक्रम में भाग लेने गये तो वहां उपस्थित लोगों ने 'जय श्रीराम' के नारों के साथ उनका स्वागत-अभिनंदन किया। यह जानना एक सुखद आश्चर्य ही है कि मुख्यमंत्री ने 'जय श्रीराम' का नारा लगाने वाले अपने प्रशंसकों को यह नारा लगाने से रोक दिया। उन्होंने कहा, अब वह सब के मुख्यमंत्री हैं चुनाव-प्रचार के दौरान शुभेंदु अधिकारी लगातार 'जय श्रीराम' का नारा लगाते- लगवाते रहे हैं। चुनाव में विजयी होने के बाद भी उन्होंने अपनी जीत को हिंदुत्व की जीत बताया था। जय श्रीराम का नारा लगाना कतई ग़लत नहीं है, हज़ारों साल से हिंदू 'जय श्रीराम', 'जय सियाराम' कह कर एक दूसरे का अभिवादन करते रहे हैं। मैंने ऐसे गैर हिंदुओं को भी देखा है जो इस अभिवादन का प्रत्युत्तर 'जय राम जी' की कह कर करते हैं। लेकिन पिछले कुछ दशकों में यह अभिवादन जैसे एक युद्ध-घोष बन गया। कुछ लोग अपने राजनीतिक हितों को दृष्टि में रखकर इसे एक नारे के रूप में काम में लेने लगे। जिन्होंने रामानंद सागर का सीरियल 'रामायण' देखा है, उन्हें भगवान राम की भूमिका निभाने वाले पात्र की मोहक मुस्कान भी याद होगी। यह मुस्कान राम की पहचान है- अभय का आश्वासन देती हुई मुस्कान! राम सबको सन्मति देने वाले हैं। राष्ट्रपिता बापू इसी राम को अपनी प्रार्थना-सभा में स्मरण किया करते थे। पता नहीं कैसे सबको अभय का संदेश देने वाली मुस्कान एक युद्ध घोष के क्रोध में बदल गयी। सड़क से संसद तक 'जयश्री राम' का नारा गूंजने लगा और फिर यह नारा हिंदुत्व की पहचान बन गया। यह नारा लगाना किसी के हिंदू होने का प्रमाण माना जाने लगा। चुनाव-प्रचार के दौरान शुभेंदु अधिकारी की सभा में यह नारा लगाया-लगवाया जाता रहा। अब, जबकि शुभेंदु राज्य के मुख्यमंत्री बन गये हैं, यह जानकर अच्छा लगा कि उन्होंने अपने समर्थकों से कहा कि वह यह जयघोष न लगायें। उन्होंने सही कहा कि अब वह सारे राज्य के, सभी बंगाल निवासियों के मुख्यमंत्री हैं। इसका सीधा-सा अर्थ यह है कि अब उनके सब काम बंगाल के सब नागरिकों के काम होंगे। यही होना चाहिए। मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री सारे देशवासियों के लिए होते हैं। उनकी राजनीतिक विचारधारा कुछ भी हो, सारे प्रदेश या देश का हित ही उनका हित होता है। हर मुख्यमंत्री का यह दायित्व होता है कि वह राज्य के हर नागरिक के हितों की रक्षा करें। उसके अधिकारों की रक्षा करें। इसलिए शुभेंदु अधिकारी की इस पहल का स्वागत होना चाहिए। यह सही है कि चुनाव-प्रचार के दौरान उनकी सभाओं में 'जय श्री राम' का उद्घोष होता था। लेकिन हमारे भगवान राम किसी के राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति का माध्यम नहीं होने चाहिए। तमिलनाडु और बंगाल के नये मुख्यमंत्री ने जिस तरह शुरुआत की है वह कुछ आश्वस्त करने वाली है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इन दोनों राज्यों में समन्वय की राजनीति दिखेगी। हर नागरिक को भारतीय की दृष्टि से देखा जायेगा, धर्म या जाति या वर्ण के आधार पर नहीं। बीजेपी के एक पूर्व अध्यक्ष ने कहा था, उन्हें मुसलमानों के वोटों की आवश्यकता नहीं है, एक मुख्यमंत्री ने अस्सी-बीस की राजनीति की दुहाई दी थी ग़लत है यह सोच।

# विकास के नए युग में पूर्वोत्तर

**लक्ष्मण प्रसाद आचार्य**

भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि के कारण राष्ट्र की अमूल्य धरोहर रहा है। विविध जनजातीय परंपराएं, मनमोहक प्राकृतिक सौंदर्य, अद्वितीय लोक-संस्कृति और अपार संभावनाओं से परिपूर्ण यह क्षेत्र लंबे समय तक विकास की मुख्यधारा से अपेक्षाकृत दूर रहा। किंतु बीते एक दशक के दौरान पूर्वोत्तर में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है। असम सहित समूचा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास, संपर्क, शांति और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के नए युग में प्रवेश कर चुका है। दशकों तक पूर्वोत्तर क्षेत्र संपर्क, आधारभूत संरचना की कमी तथा देश के अन्य हिस्सों से अलगाव जैसी चुनौतियों से जूझता रहा, किंतु क्षेत्र के सामरिक महत्व और अपार संभावनाओं को पहचानते हुए मोदी सरकार ने इसके विकास के लिए सक्रिय और समग्र दृष्टिकोण अपनाया। इस परिवर्तन के केंद्र में एक्ट ईस्ट नीति रही है, जिसने पूर्वोत्तर को केवल सीमांत क्षेत्र के रूप में नहीं, बल्कि दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए भारत के प्रवेश द्वार के रूप में पुनर्परिभाषित किया है। एक्ट ईस्ट नीति ने पड़ोसी देशों के साथ भौतिक और आर्थिक संपर्क को सुदृढ़ करने के साथ-साथ पूर्वोत्तर की सांस्कृतिक पहचान को भी नई मजबूती प्रदान की है। राजमार्गों, रेलमार्गों, अंतर्देशीय जलमार्गों और हवाई संपर्क जैसी प्रमुख आधारभूत परियोजनाओं में तीव्र गति से प्रगति हुई है। पुलों के निर्माण और सीमा व्यापार अवसंरचना के विकास से लाजिस्टिक्स में सुधार हुआ है तथा क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा मिला है। पूर्वोत्तर राज्यों तक बेहतर रेल संपर्क और उड़ान योजना के अंतर्गत क्षेत्रीय हवाई अड्डों के विस्तार जैसी पहलों ने इस क्षेत्र को राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर और अधिक निकट ला दिया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार द्वारा पूर्वोत्तर के लिए संसाधनों के प्रवाह में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। विभिन्न मंत्रालयों को अपने सकल बजटीय समर्थन का एक निश्चित प्रतिशत पूर्वोत्तर के लिए निर्धारित करने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में प्रमुख योजनाएं दूरदराज के इलाकों तक पहुंची हैं। क्षेत्र में डिजिटल संपर्क को भी व्यापक बढ़ावा मिला है। इससे समावेशन को बढ़ावा मिला है तथा असमानता में कमी आई है। इस परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण आधार शांति और स्थिरता पर दिया गया विशेष बल रहा है। सरकार ने विभिन्न हितधारकों के साथ सक्रिय संवाद स्थापित कर लंबे समय से चले आ रहे संघर्षों के समाधान और उग्रवादी समूहों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया है। ऐतिहासिक शांति समझौतों और निरंतर संवाद ने अधिक सुरक्षित वातावरण तैयार किया है, जिससे निवेश और पर्यटन को प्रोत्साहन मिला है। कृषि, बागवानी, हस्तशिल्प और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में लक्षित निवेश के माध्यम से आधुनिक तकनीकों, बेहतर बाजार पहुंच और मूल्य संवर्धन को बढ़ावा दिया जा रहा है। स्टार्टअप और उद्यमिता को नीतिगत तथा वित्तीय सहयोग प्रदान कर क्षेत्र के युवाओं की नवाचार क्षमता को नई दिशा दी जा रही है। सरकार ने आधारभूत संरचना सुधार, पर्यटन स्थलों के प्रचार और यात्रा प्रक्रियाओं को सरल बनाकर इस क्षेत्र को देश और दुनिया के पर्यटकों के लिए अधिक आकर्षक और सुलभ बनाया है। यद्यपि आधारभूत संरचना और आर्थिक विकास महत्वपूर्ण हैं, किंतु पूर्वोत्तर की वास्तविक शक्ति उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता में निहित है। गुवाहाटी में बिहू, झुमुर और बागुरुंबा नृत्य के भव्य आयोजनों द्वारा गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड स्थापित करना केवल क्षेत्र की जीवंत परंपराओं का ही प्रतीक नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र की संस्कृति को वैश्विक मंच तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। इसने पूर्वोत्तर और देश के अन्य हिस्सों के बीच भावनात्मक एकता को और अधिक मजबूत बनाया है। इसके अतिरिक्त पूर्वोत्तर की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण पर विशेष बल दिया गया है। जोरहाट में महान आहोम सेनापति वीर लासित बोरफुकन की 125 फुट ऊंची कांस्य प्रतिमा की स्थापना क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास और देशभक्ति की भावना को समर्पित एक महत्वपूर्ण श्रद्धांजलि है। बटद्रवा थान सांस्कृतिक परिसर के विकास तथा महत्वाकांक्षी कामाख्या कारिडोर परियोजना जैसी पहलें असम और पूर्वोत्तर में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को नई गति दे रही हैं।

# श्रम योगी मानधन योजना के पंजीयन हेतु जनपद पंचायत आगर में शिविर आयोजित



**आगर मालवा।** जिले में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से श्रम विभाग द्वारा आज 14 मई 2026 को जनपद पंचायत कार्यालय आगर में श्रम योगी मानधन योजना के पंजीयन हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्रमिकों का प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत पंजीयन किया गया। साथ ही पात्र श्रमिकों के ई-श्रम कार्ड भी बनाए गए। अधिकारियों द्वारा श्रमिकों को योजना की पात्रता, लाभ एवं पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करते हुए अधिक से अधिक संख्या में योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं की हुई समीक्षा, दिये आवश्यक निर्देश



**उचेहरा।** जनपद के सभागार में सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों की बैठक जनपद सी ई ओ ओ पी अस्थाना की मौजूदगी में सम्पन्न हुई जिसमें शासन की कई हितग्राही मूलक योजनाओं की समीक्षा बिंदुवार करते सी ई ओ ने आवस्यक दिशा निर्देश देने के साथ की बैठक में अनुपस्थित रहने वाले सचिव एवं कार्य पर अनुपस्थित रहने वाले ग्राम रोजगार सहायकों का एक दिन की वेतन कटौती करने के निर्देश देने के साथ ही बैठक में अनुपस्थित रहने एवं मनरेगा योजना अन्तर्गत जॉबकार्ड धारियों के ई. के.वाय.सी. में सबसे कम प्रगति वाली ग्राम पंचायत गोबरावकला के ग्राम रोजगार सहायक अनिल शर्मा की माह मई की 07 दिवस की वेतन कटौती करने के निर्देश दिए तथा मनरेगा में प्रगतिरत जिन कार्यों में बहुत कम राशि ब्यय हुई है, ऐसे निर्माण कार्यो की आहरित राशि को मनरेगा योजना के नोडल खाते में जमा कर कार्य को यथास्थिति बंद किये जाने तथा राशि जमा कराने की जिम्मेदारी क्षेत्रीय उपयंत्रियों को सौपी गई इसके अलावा आगामी मंगलवार को उपयंत्रीवार होने वाली समीक्षा बैठक में किये जाने के निर्देश दिये वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना पूर्ण किये जा सकने वाले 136 आवास के हितग्राहियों की मजदूरी के मस्टर शत प्रतिशत लगाकर उनका भुगतान कराया जाने के साथ ही यथाशीघ्र आवास को पूर्ण कराया जाय। संबल योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर लंबित आवेदनों का परीक्षण कर निराकरण किया जाने एवं जिन आवेदनों की जॉच पूर्ण कर ली गयी है, ऐसे आवेदन पत्रों को जनपद स्तर पर प्रेषित किये जाने के योजना प्रभारी को निर्देश दिये। इसके साथ ही प्रभारी सचिव केदार सिंह ग्राम पंचायत बडखेरा, की बैठक में अनुपस्थित रहने, संबल योजना के आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं करने, मनरेगा अन्तर्गत जॉबकार्ड धारियों के ई.के.वाय.सी. नही करने, आवासों को समय से पूर्ण नही कराने, आवास हितग्राहियों के मजदूरी भुगतान समय से नही करने तथा बैठकों मे लगातार अनुपस्थित रहने, कार्य के प्रति लापरवाही एवं स्वेच्छा चारिता बरतने के कारण सचिव को निलंबित किये जाने का प्रस्ताव जिला पंचायत सतना भेजने के निर्देश दिये साथ ही सी.एम. हेल्पलाइन में समुचित प्रतिवेदन सचिव / जी.आर.एस. द्वारा दिया जाकर शिकायतों का निराकरण कर बंद कराने की बात सी ई ओ ने कही ÷गंगा जल सवर्धन÷ के समस्त स्वीकृत कार्यो को समय से पूर्ण कराने एवं सभी कार्यो के मस्टर रोल जारी किये जाने ÷मां की बगिया÷ के समस्त स्वीकृत कार्यो के मस्टर रोल जारी करने, समय से कार्यो को पूर्ण करने हेतु समस्त उपंयत्रियों, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायको को निर्देशित किया।

## सार संक्षिप्त

### विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ इंदौर में देगा धरना

**समय जगत, आगर मालवा।** विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ ने पेंशनर्स की लंबित समस्याओं के समाधान को लेकर 20 मई को इंदौर में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने की घोषणा की है। संघ ने आरोप लगाया है कि पश्चिम क्षेत्र विद्युत् वितरण कंपनी लिमिटेड से लगातार पत्राचार और उचित मंच पर वार्ता के प्रयासों के बावजूद प्रशासन द्वारा अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई है। संघ की योजना के अनुसार 20 मई को बड़ी संख्या में पेंशनर्स इंदौर स्थित जीपीएच पोलो ग्राउंड पर एकत्र होकर प्रदर्शन करेंगे। आगर शाखा के सदस्य शांतिलाल जैन, सत्यनारायण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता द्वारा इस संबंध में ऊर्जा मंत्री, सचिव, पुलिस कमिश्नर, वितरण कंपनी इंदौर सहित संबंधित अधिकारियों को 15 अप्रैल को ही सूचना दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि आगर शाखा से भी बड़ी संख्या में पेंशनर्स इस धरना-प्रदर्शन में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे और अपनी मांगों के समाधान के लिए विरोध दर्ज कराएंगे।

### सुख-समृद्धि के लिए मन्दिर में हुआ हवन, चालीसा पाठ

**उचेहरा।** संकट मोचन एवं दत्तू बाब मंदिर में मंडल प्रभारी रत्नेश गौतम के द्वारा सामूहिक रूप से 11 - 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ, हवन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया कार्यक्रम में काफी संख्या में भक्त जन शामिल हुए एवं भक्ति भाव से श्री राम संकीर्तन चालीसा पाठ उपरांत जय श्री राम जय बागेश्वर धाम के उदघोष के साथ नारे लगाये द्य इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बागेश्वर पीठाधीश्वर के द्वारा विश्व शांति के साथ साथ भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने, समाज में सुख शांति बनी रहे इसी उद्देश्य को लेकर भगवान बद्रीनाथ धाम के बर्फीले पहाड़ों में 21 दिनों की कठिन तप साधन की जा रही है। इस कठिन तप साधना के समय पूज्य गुरुदेव भगवान स्वस्थ रहे इन्ही उद्देश्यों को लेकर उनके भक्त जनों, शिष्यों द्वारा नगर के प्राचीन मंदिरों में यज्ञ अनुष्ठान किये जा रहे हैं। इस अवसर में शिष्य मंडल सहित संकट मोचन मंदिर समिति के सदस्य एवं मंदिर के प्रधान पुजारी, रमेश गौतम सुनील गुप्ता पप्पी ताम्रकार दुर्गा खटीक अशोक गौतम अशोक ताम्रकार बंटू शुक्ला दुर्गेश गौतम रज्जू ताम्रकार सहित काफी संख्या में भक्त जन मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में मादक पदार्थों के खिलाफ टीकमगढ़ पुलिस द्वारा की गई बड़ी कार्रवाई



**समय जगत, टीकमगढ़।** मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशन में प्रदेशभर में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला टीकमगढ़ पुलिस द्वारा लगातार कठोर एवं प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन मिथिलेश शुक्ला तथा उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेंज विजय खत्री के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के पर्यवेक्षण में जिले के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा वर्ष 2026 के दौरान व्यापक स्तर पर विशेष अभियान संचालित किया गया।

अभियान के अंतर्गत प्रमुख उपलब्धियां जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई सुनियोजित रेड कार्यवाहियों के दौरान कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। 2 आरोपियों से लगभग 445 किलो अफीम जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 47,93,000/- आंकी गई है। उक्त प्रकरण में 02 एनडीपीएस प्रकरण पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई। 10 आरोपियों के कब्जे एवं अवैध भंडारण स्थलों से लगभग 86 किलोग्राम गांजा जप्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 70,232/- आंकी गई है। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कठोर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया कि मादक पदार्थों को गुप्त स्थानों पर छिपाकर संग्रहित किया जा रहा था तथा अवैध रूप से उगाया भी जा रहा था, जिसका खुलासा पुलिस के सक्रिय मुखबिर तंत्र एवं सतत निगरानी के माध्यम से संभव हो सका। टीकमगढ़ पुलिस द्वारा विकसित सशक्त मुखबिर नेटवर्क एवं सतत निगरानी व्यवस्था के माध्यम से जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा रहा है। पुलिस की विशेष टीमें लगातार संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं तथा भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई और अधिक तीव्रता के साथ जारी रहेगी।

**टीकमगढ़ पुलिस का संकल्प :** नशा मुक्त समाज एवं सुरक्षित जिले के निर्माण हेतु अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान पूर्ण प्रतिबद्धता, सतर्कता एवं दृढ़ता के साथ निरंतर जारी रहेगा।

# दूधिया रोशनी में चमकेगा नटेरन: युवा शक्ति संगठन द्वारा आयोजित नाइट टूर्नामेंट सीजन-2 का आगाज

## अंतर्राष्ट्रीय खेल जैसा मिलेगा अनुभव, खिलाड़ियों व आयोजकों में दिखा उत्साह



**नटेरन।** नगर के माता वाले ग्राउंड पर क्रिकेट का रोमांच अब रात के सन्नाटे को चीरते हुए दिखाई देगा। युवा शक्ति संगठन नटेरन द्वारा आयोजित नटेरन प्रीमियर लीग सीजन-2 का भव्य शुभारंभ हुआ। यह एक नाइट टूर्नामेंट है, जहाँ शमशाबाद विधानसभा के खिलाड़ी दुधिया रोशनी (फ्लड लाइट्स) के बीच अपना दमखम दिखा रहे हैं।

25 रातें, 63 मैच और शमशाबाद की 16 टीमें आयोजकों ने स्थानीय प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर जैसा अनुभव देने के लिए इस नाइट टूर्नामेंट की रूपरेखा तैयार की है।

**क्षेत्रीय भागीदारी :** इसमें केवल शमशाबाद विधानसभा के खिलाड़ियों को ही प्रवेश दिया गया है, ताकि स्थानीय स्तर पर छिपी प्रतिभाएं सामने आ सकें।

**खिलाड़ी और मुकाबले:** कुल 208 खिलाड़ी और 16 टीमें अगले 25 दिनों तक खिताबी जंग के लिए 63 मैच खेलेंगी।

उद्घाटन रात्रि का रोमांच~ सतपाड़ा ने जीते दो मुकाबले

?14 मई की रात, उद्घाटन के अवसर पर तीन हाई-वोल्टेज मैच खेले गए~

**पहला मैच :** हिम्मत 11 बाडेर और सिद्धांत 11 सतपाड़ा के बीच खेला गया, जिसमें सतपाड़ा ने जीत दर्ज की।

**दूसरा मैच :** यूआर 11 और बाडेर के बीच हुआ, जिसमें यूआर 11 की टीम विजयी रही।

**तीसरा मैच :** यूआर 11 और सतपाड़ा के बीच हुआ। इस कड़े मुकाबले में सतपाड़ा ने रात की दूसरी जीत हासिल कर अपनी बादशाहत कायम की।

**दर्शकों में भारी उत्साह :** ?नाइट टूर्नामेंट होने के कारण नटेरन और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में खेल प्रेमी माता वाले ग्राउंड पहुँच रहे हैं। युवा शक्ति संगठन नटेरन के इस प्रयास की सराहना हो रही है, क्योंकि रात के समय आयोजित होने वाले इन मैचों ने पूरे क्षेत्र में खेल का एक नया माहौल तैयार कर दिया है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल विश्रामपुर की मान्यता जायसवाल ने रचा सफलता का इतिहास



**समय जगत, सूरजपुर।** मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास जब एक साथ मिलते हैं, तब सफलता नई पहचान बनाती है। ऐसा ही कर दिखाया है डीएवी पब्लिक स्कूल विश्रामपुर की छात्रा मान्यता जायसवाल ने, जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मान्यता ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर न केवल अपने विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे सूरजपुर जिले को भी गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि कठिन परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। मान्यता की सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। पिता मुकेश कुमार जायसवाल एवं माता नम्रता जायसवाल ने बेटी की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि मान्यता ने हमेशा मेहनत और अनुशासन को अपनी प्राथमिकता बनाया। उन्होंने इस सफलता का श्रेय बेटी की लगन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को दिया। विद्यालय परिवार ने भी मान्यता की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। शिक्षकों ने कहा कि मान्यता शुरू से ही प्रतिभाशाली एवं मेहनती छात्रा रही हैं। उनकी सफलता विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी। इस अवसर पर परिवारजनों, रिश्तेदारों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने मान्यता जायसवाल को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मान्यता की यह सफलता केवल एक परीक्षा का परिणाम नहीं, बल्कि संघर्ष, समर्पण और निरंतर प्रयास की प्रेरणादायक मिसाल बन गई है।

# संस्कार एकेडमी स्कूल की सौम्या ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**आगर मालवा।** आगर नगर की बालिका सौम्या जादम ने श्री संस्कार एकेडमी स्कूल का नाम रोशन किया। सौम्या ने सीबीएसई कक्षा 12 वी बोर्ड परीक्षा में 91.6प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आपको बता दे कि परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में उत्साह का माहौल देखने को मिला। विद्यालय संचालक पंकज अटल ने विद्यार्थियों ओर अभिभावक को मिठाई खिलाकर स्वागत सम्मान किया। यह जानकारी अंशुल सोलंकी द्वारा दी गई।

# जनगणना संभाग प्रभारी एवं जिला प्रभारी द्वारा जनगणना कार्य का किया गया निरीक्षण



**आगर मालवा।** शुक्रवार दिनांक 14.05.2026 को जनगणना कार्य निदेशालय मध्यप्रदेश भोपाल से जनगणना संभाग प्रभारी राजेश मोर्य एवं जनगणना जिला प्रभारी सुनील कुमार जैन के द्वारा चार्ज जनगणना अधिकारी कुशलसिंह डोडवे के निर्देशन मे की जा रही जनगणना कार्यवाही के संबंध मे निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जनगणना कार्य हेतु नियुक्त सुपरवाईजर एवं प्रगणको से चर्चा कर कार्य के दौरान आ रही समस्याओं का समाधान किया गया तथा वार्ड मे भ्रमण कर जनगणना कार्यवाही की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया गया। तथा जनगणना सुपरवाईजरों एवं प्रगणको को समय-सीमा मे शत-प्रतिशत कार्यवाही के संबंध मे निर्देश प्रदान किये गये। इस दौरान जनगणना चार्ज लिपिक नागेन्द्र पटेल, प्रगणक चंदरसिह मालवीय, रौनक जैन, संदीप नागर, आदि उपस्थित थे।

# मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने मनेन्द्रगढ़ कुटुम्ब न्यायालय भवन एवं जनकपुर आवासीय परियोजना का किया शिलान्यास




**समय जगत, मनेन्द्रगढ़।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति माननीय रमेश सिन्हा ने गुरुवार को वर्चुअल माध्यम से सिविल कोर्ट परिसर मनेन्द्रगढ़ में नवीन कुटुम्ब न्यायालय भवन तथा व्यवहार न्यायालय जनकपुर में न्यायिक कर्मचारियों के लिए निर्मित होने वाले आवासीय भवनों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया।

इस अवसर पर मुख्य न्यायाधिपति ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी न्यायिक जिलों को आधुनिक एवं बेहतर अधोसंरचना उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सर्वसुविधायुक्त भवन, बेहतर बुनियादी ढांचा और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना अत्यंत जरूरी है, जिससे आम जनता को त्वरित एवं सुगम न्याय मिल सके।

माननीय चीफ जस्टिस ने कुटुम्ब न्यायालय भवन मनेन्द्रगढ़ एवं कर्मचारी आवास जनकपुर के निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण सामग्री एवं सभी मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि न्याय वितरण प्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए अधोसंरचना विकास महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू, पोर्टफोलियो न्यायाधीश जिला कोरिया की गरिमामय वर्चुअल उपस्थिति रही। वहीं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बैकुण्ठपुर ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मनेन्द्रगढ़ द्वारा आभार व्यक्त किया गया तथा संचालन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बैकुण्ठपुर ने किया।

इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायालय कोरिया के न्यायिक अधिकारीगण, कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय दण्डाधिकारी, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता, जिला अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ एवं बैकुण्ठपुर के पदाधिकारी, अधिवक्तागण, पक्षकार एवं बड़ी संख्या में न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सुमन हेल्प डेस्क 24घंटे 7 दिन सेवाओं के साथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा का बनी आधार

## सराहा गया राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश मॉडल, जिलों की सभी 66 हेल्प डेस्क भी अब 24घंटे 7 दिन होंगी संचालित

**समय जगत, आगर मालवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। सुरक्षित मातृत्व, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं की समय पर उपलब्धता एवं तकनीक आधारित स्वास्थ्य मॉनिटरिंग से प्रदेश सरकार महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए प्रभावी पहल कर रही है। सुमन हेल्प डेस्क एवं इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर प्रदेश में सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मध्यप्रदेश सरकार सुरक्षित मातृत्व एवं स्वस्थ नवजात शिशु की सुरक्षा के संकल्प को तकनीक, संवेदनशीलता और सतत सेवा के माध्यम से साकार कर रही है। सुमन हेल्प डेस्क स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने, शिकायतों के त्वरित समाधान, समयबद्ध रेफरल एवं सतत निगरानी के माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सशक्त आधार प्रदान कर रही है।

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ एवं अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में संचालित सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) हेल्प डेस्क व्यवस्था प्रदेश में गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं एवं उनके परिवारों के लिए भरोसेमंद सहायक प्रणाली बनकर उभरी है। राज्य में प्रारंभिक रूप से 57 स्वास्थ्य संस्थाओं से शुरू हुई यह व्यवस्था अब विस्तारित होकर 55 जिला चिकित्सालयों, 10 शासकीय मेडिकल कॉलेजों तथा एम्स भोपाल तक पहुँच चुकी है।

राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया मध्यप्रदेश मॉडल- मध्यप्रदेश के सुमन आइसीसीसी एवं जिला हेल्प डेस्क मॉडल को भारत सरकार द्वारा आयोजित 10वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन (नेशनल समिट ऑन इनोवेशंस एंड बेस्ट प्रैक्टिसेज) में नवाचार एवं सर्वोत्तम कार्य-पद्धति के रूप में सराहा गया है।

जिलों में स्थित सभी 66 हेल्प डेस्क भी अब 24घंटेम7दिन होंगी संचालित- राज्य स्तर पर स्थित आईसीसीसी पूर्व से ही 24 घंटे सातों दिवस कार्यरत था, जबकि जिला स्तरीय हेल्प डेस्क कार्यालयीन समय में संचालित होते थे। इस व्यवस्था के सकारात्मक परिणामों को



देखते हुए मई 2026 से प्रदेश के सभी 66 जिला स्तरीय ैन्ड।छ हेल्प डेस्क को भी 24घंटेम7 दिन संचालित किया जा रहा है।

सुमन हेल्प डेस्क प्रत्येक जिले में सक्रिय- प्रदेश के प्रत्येक जिले में सुमन हेल्प डेस्क स्थापित की गई है, जहाँ 2 टेली-कॉलर एवं एक सुपरवाइजर नियुक्त हैं। हेल्प डेस्क का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं को सभी निर्धारित स्वास्थ्य सेवाएँ समय पर, निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण रूप से उपलब्धता सुनिश्चित करना है। लाभार्थी को स्वास्थ्य सेवाओं में देरी या असुविधा पर हेल्प डेस्क द्वारा संबंधित स्वास्थ्यकर्मी - एएनएम, सीएचओ अथवा अन्य मैदानी अमले से समन्वय स्थापित कर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाता है। शिकायतों का समयबद्ध निवारण इस प्रणाली की प्रमुख विशेषता है।

आइसीसीसी से जुड़ी हाई-टेक निगरानी व्यवस्था- सुमन हेल्प डेस्क व्यवस्था राज्य स्तरीय सुमन इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आइसीसीसी) से जुड़ी हुई है। कंट्रोल सेंटर से सेवाओं की सतत निगरानी, रिपोर्टिंग एवं समन्वय किया जा रहा है। यह कमांड सेंटर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, उत्तरदायी और तकनीक-आधारित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

104 टोल फ्री सेवा से मिल रहा व्यापक परामर्श- 104 टोल फ्री नंबर के माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं परिवारों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, शिकायत निवारण, शासकीय योजनाओं की जानकारी तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) सेवाओं की जानकारी, सोनोग्राफी एवं आवश्यक जांच के लिए परामर्श, आईएफए एवं कैल्शियम अनुपूरण संबंधी मार्गदर्शन, बर्थ वेटिंग होम में भर्ती के लिए प्रेरित करना, उच्च जोखिम गर्भावस्था (हाई रिस्क प्रेगनेंसी) की सतत निगरानी, नवजात शिशुओं की स्वास्थ्य ट्रैकिंग आदि सेवाएँ नियमित रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं।

लाखों माताओं और नवजातों की नियमित मॉनिटरिंग- जिला चिकित्सालय आगर मालवा के सुमन हेल्प डेस्क 1 सुपरवाइजर एवं 2 टेलीकॉलर के माध्यम से लाखों गर्भवती महिलाओं, उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली माताओं एवं नवजात शिशुओं की नियमित निगरानी की जा रही है। हेल्प डेस्क द्वारा समय-समय पर जागरूकता संदेश, स्वास्थ्य परामर्श एवं आवश्यक जानकारी भी साझा की जाती है, जिससे सुरक्षित प्रसव एवं नवजात देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

# टीकमगढ़ होकर चलाई जाए भोपाल लखनऊ वंदे भारत ट्रेन : विकास यादव



**टीकमगढ़।** भोपाल से लखनऊ को चलाई जाने वाली प्रस्तावित वंदे भारत ट्रेन को ललितपुर, टीकमगढ़, खजुराहो, चित्रकूट, प्रयागराज होते हुए चलाये जाने की मांग को लेकर भाजपा नेता विकास यादव ने रेलवे के महाप्रबंधक और मंडल रेल प्रबंधक को पत्र लिखा है। पत्र में श्री यादव ने लिखा है कि जानकारी प्राप्त हुई है कि रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भोपाल से लखनऊ तक नई वंदे भारत ट्रेन को चलाए जाने का प्रस्ताव है तो इसमें मेरा अनुरोध है कि यदि भोपाल से लखनऊ को चलाई जाने वाली वंदे भारत ट्रेन को भोपाल से बीना-ललितपुर-टीकमगढ़- खजुराहो-महोबा चित्रकूट-प्रयागराज मार्ग से लखनऊ तक चलाया जाये तो विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो, भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट, विश्व के एकमात्र त्रिवेणी संगम प्रयागराज से राजधानी भोपाल की सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी। भोपाल से लखनऊ तक यह प्रस्तावित ट्रेन वीरांगना लक्ष्मी बाई झाँसी मार्ग से 584 किलोमीटर का सफर तय करेगी और यदि इस ट्रेन को भोपाल से बीना ललितपुर टीकमगढ़-खजुराहो-महोबा-चित्रकूट-प्रयागराज मार्ग से लखनऊ तक चलाया जाये तो 886 किलोमीटर का सफर तय करेगी जो वंदे भारत ट्रेन के लिये ज्यादा नहीं है। ट्रेन के इस मार्ग से चलने से भोपाल के साथ-साथ बुंदेलखण्ड अंचल के धर्मप्रेमियों, पर्यटकों एवं आमआदमी को भी बेहतर रेल सेवा का लाभ मिल सकेगा। श्री यादव ने उम्मीद जताई है कि बुंदेलखंड अंचल के लोगों की इस मांग के समर्थन में रेलवे द्वारा आवश्यक रूप से सकारात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# संयुक्त निदेशक बांदा ने महिला जिला चिकित्सालय की परखी स्वास्थ्य सुविधाएं

## डॉ. अभय प्रताप सिंह ने मरीजों से किया संवाद, सुविधाओं की ली जानकारी

**महोबा।** संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण चित्रकूट धाम मण्डल बांदा डॉ. अभय प्रताप सिंह ने शुक्रवार को जिला महिला चिकित्सालय महोबा का औचक निरीक्षण कर मरीजों को गर्मी से बचाव हेतु किए गए प्रबंधों का भौतिक सत्यापन कर हकीकत देखी। उन्होंने मरीजों से मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में फीड बैक लिया। शुक्रवार की दोपहर संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण चित्रकूट धाम मण्डल बांदा डॉ. अभय प्रताप सिंह ने जिला महिला अस्पताल महोबा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, लेबर रूम, आयुष्मान वार्ड, दवा वितरण कक्ष, जच्चा बच्चा वार्ड आदि का निरीक्षण कर मरीजों को गर्मी से बचाव हेतु किए गए प्रबंधों जैसे कूलर ए.सी. को देखा। जो भली भांति चलते पाए गए और महिला अस्पताल का वातावरण पूर्ण रूप से ठंडा पाए जाने पर



प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने मरीजों के पीने वाले शीतल पेयजल को देखा। उन्होंने मरीजों को आयुष्मान योजना से मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। लेबर रूम एवं वार्ड में भर्ती प्रसूताओं और उनके तीमारदारों से मिलने वाली सुविधाओं, दवाओं एवं डाक्टरों के व्यवहार के बारे में जानकारी ली। मरीजों ने बेहतर सेवाएं मिलने की सहमती जताई। संयुक्त निदेशक डॉ. अभय प्रताप सिंह ने मरीजों एवं तीमारदारों से प्रसव और उपचार के नाम पर स्टाफद्वारा अवैध रूप से रुपए मांगे जाने के बारे में फीड बैक लिया। लेकिन किसी भी मरीज ने रुपए लेने की शिकायत नहीं की। निरीक्षण में व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से अच्छी और बेहतर मिलने पर सन्तोष व्यक्त करते हुए उन्होंने उपस्थित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुरेन्द्र कुमार वर्मा की पीठ थपथपाते हुए हौसला अफजाई किया और आगे भी शासन की मंशानुरूप गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओ एवं उपचार हेतु आने वाले मरीजों को अच्छी से अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के लिए कड़े दिशा निर्देश दिए।

इस मौके पर वरिष्ठ महिला चिकित्सक डॉ. सुरेन्द्र कुमार वर्मा, प्रभारी चीफ फार्मासिस्ट सन्तोष कुमार कुशवाहा, हिमांशु शुक्ला, काउन्सलर रजनी चौरसिया, नरेन्द्र कुमार, एल. टी. राजेश कुमार, काउन्सलर राधा साहू सहित अन्य चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफमौजूद रहा।

# युवक के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने का वीडियो वायरल होने पर हुई कार्यवाही

**पनवाड़ी/महोबा।** जिले के थाना महोबकंठ के ग्राम उमरई निवासी युवक के साथ गाली गलौज करते हुए बेरहमी पूर्वक मारपीट करने का वीडियो वायरल होने पर पुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह द्वारा मामले का संज्ञान ले दरोगा को तत्काल लाइन हाजिर कर मामले की जाँच सीओ चरखारी को सौंपी गई है। पुलिस अधीक्षक की इस कार्यवाही से विभाग में हड़कम्प मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना महोबकंठ के ग्राम उमरई निवासी एक अधेड़ द्वारा पड़ोसी पर बेटी को परेशान करने का आरोप लगाते हुए 10 मई को शिकायती पत्र दिया था। आरोप है कि आरोपी युवक द्वारा भी शिकायती पत्र देकर



जंजीर छीनने का आरोप लगाया गया था। इस मामले की जाँच हल्का इंचार्ज दरोगा द्वारा की गई जिसमें युवक की जंजीर छीनने की शिकायत झूठी मिली जबकि जांच में युवक द्वारा पड़ोसी लड़की को परेशान करने का मामला सही पाया जाना बताया गया। पुलिस इस मामले की जाँच कर रही थी। इसी बीच 15 मई शुक्रवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। जिसमें महोबकंठ थाना में तैनात एक दरोगा सरेशाम युवक को मां बहिनों की बुरी बुरी गालियां देते हुए बेरहमी पूर्वक लात घूंसे से मारपीट करते नजर आ रहे है। पुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए तत्काल दरोगा रामबाबू यादव को लाइन हाजिर करते हुए विभागीय जांच के आदेश दिए है। मामले की जाँच पुलिस क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे को सौंपी गई है। पुलिस अधीक्षक की इस कार्यवाही से विभाग में हड़कम्प मच गया है।

## साप्ताहिक पुलिस परेड का एसपी ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस लाइन महोबा में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ग्रहण की गई। तत्पश्चात परेड का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए पुलिस बल को अनुशासन, एकरूपता एवं उत्कृष्ट टर्नआउट बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। परेड उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर विभिन्न शाखाओं एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान परिवहन शाखा का विशेष रूप से निरीक्षण करते हुए वहां रखे अभिलेखों एवं उपकरणों की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान पेशी रजिस्टर का अवलोकन कर अभिलेखों की गुणवत्ता एवं अद्यतन स्थिति की जांच की गई तथा अभिलेखों के समुचित संधारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। पुलिस लाइन परिसर में स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई के उच्च मानकों को बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त डायल-112 वाहनों का निरीक्षण कर उनमें उपलब्ध फर्स्ट एड किट की जांच की गई। इस दौरान सभी आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी सहायता प्रदान की जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### अपर पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों की सुनी समस्याएं



**महोबा।** अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में जनपद के पुलिस पेंशनर्स के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों की समस्याओं को सुनना तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना रहा। बैठक के दौरान उपस्थित पेंशनर्स द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों को अपर पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा गया, जिनमें मुख्य रूप से पेंशन से संबंधित तकनीकी समस्याएं, चिकित्सा सुविधाएं, एवं अन्य प्रशासनिक विषय शामिल रहे। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस ने कहा कि पुलिस विभाग अपने सेवानिवृत्त कर्मियों के प्रति सदैव संवेदनशील है और उनकी समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार की बैठकें आयोजित कर पेंशनर्स से संवाद बनाए रखा जाएगा। बैठक के दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

### ग्रामीण महिलाओं के नाम पर फाइनेंस से वाहन उठाने वाले गिरोह का इनामी आरोपी हुआ गिरफ्तार



**धौलपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान धौलपुर के निर्देशानुसार जिलेभर में चलाए जा रहे इनामी, टॉप-टेन एवं जघन्य अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत बाड़ी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने ग्रामीण महिलाओं के नाम पर फर्जी तरीके से दोपहिया वाहन फाइनेंस कराने वाले गिरोह के तीन वर्षों से फरार चल रहे ?5 हजार के इनामी आरोपी पंकज बंसल को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा के अनुसार आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर संगठित रूप से धोखाधड़ी करता था। गिरोह ग्रामीण महिलाओं की आईडी और दस्तावेजों का दुरुपयोग कर उनके नाम से दोपहिया वाहन फाइनेंस पर उठाता था, जबकि उन वाहनों का इस्तेमाल स्वयं आरोपी और उसके साथी करते थे। मामले में इससे पहले गिरोह में शामिल ?5 हजार के इनामी आरोपी दीपक सोनी को भी पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पंकज बंसल पिछले तीन वर्षों से गिरफ्तारी से बचने के लिए उत्तर प्रदेश में फरारी काट रहा था। बाड़ी पुलिस ने उसे आगरा क्षेत्र स्थित रोहता नहर के पास से दबोचने में सफलता प्राप्त की। आरोपी की गिरफ्तारी में नीरज शर्मा एवं राजेन्द्र की विशेष भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जांच के दौरान इस संगठित फर्जीवाड़े में शामिल अन्य आरोपियों के नामों का भी खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है। बाड़ी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में इनामी एवं टॉप-टेन अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### प्रकरणों के निराकरण के संबंध में आयोजित हुई बैठक

**बांदा।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस के प्रकरणों के निस्तारण हेतु समीक्षा बैठक संपन्न हुई। समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आईजीआरएस की रिपोर्ट गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ प्रेषित की जाए। निस्तारण से पूर्व शिकायतकर्ता से वार्ता कर संतुष्ट करने की कार्यवाही की जाए। अनावश्यक रूप से स्पेशल क्लोज न किए जाएं। अधिकारी स्वयं शिकायतों के निस्तारण को चेक करें एवं गुणवत्तायुक्त रिपोर्ट प्रस्तुत करें। प्रकरणों के निस्तारण का एक रजिस्टर बनाया जाए। यदि कोई प्रकरण उनके विभाग से संबंधित नहीं है तो उसे चेक कर शीघ्र वापस भेजा जाए, जिससे संबंधित विभाग से रिपोर्ट प्राप्त कर समय से निस्तारण हो सके। ऐसे मामलों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया कि पुनरावृत्ति न हो, अन्यथा संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। विभागवार प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि कोई भी प्रकरण डिफाल्टर न होने पाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0 सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी के आदेश के पालन में बरती जा रही है शिथिलता

**बांदा।** जनपद में ग्राम पंचायत अधिकारियों के सामने जिलाधिकारी का आदेश भी बौना साबित हो रहा है। ग्राम पंचायत अधिकारी को अपने उच्च अधिकारी का किसी प्रकार का भी भय नहीं रहा। खबरों के क्रम में बताते चलें की विगत 12 मार्च 2026 को तत्कालीन जिलाधिकारी जे रीभा द्वारा एक क्लस्टर का अनुमोदन किया गया था। जिसमें ग्राम डिघवट, बरेठी कला तथा पदारथपुर शामिल है। ग्राम पंचायत अधिकारी अभिषेक राठोर द्वारा केवल ग्राम पंचायत पदारथपुर का चार्ज दिया गया। अन्य दो गांव का चार्ज अभी तक नहीं दिया गया। सूत्र बताते हैं कि सचिव द्वारा पदारथपुर का दस्तावेज चार्ज देने के बाद भी दबंगई के बल पर उस गांव का भुगतान राठौर के द्वारा अभी तक किए जा रहे हैं। नवनियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारी अंकित अवस्थी सम्बंधित अधिकारियों के चौखट पर दस्तक दे रहा है लेकिन कोई भी सक्षम अधिकारी सचिव अभिषेक राठौर के धनबल बाहुबल और तानाशाही पूर्ण रवैए के चलते जहमत उठाने की कोशिश नहीं कर रहा। ग्राम पंचायत अधिकारी अंकित अवस्थी ने कहा कि इस प्रकरण को लेकर वह कई बार सक्षम अधिकारी से मिल चुका है, लिखित प्रार्थना पत्र भी दे चुका है। लेकिन कोई सार्थक परिणाम नहीं मिला।

# मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिये निर्देश

**महोबा।** रोगी कल्याण समिति जिला महिला चिकित्सालय की कार्यकारी समिति व अनुश्रवण समिति की बैठक शुक्रवार को जिला महिला अस्पताल महोबा में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस. के. वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें भीषण गर्मी के इस मौसम में गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओ को गर्मी से बचाव हेतु हर सम्भव प्रयास किए जाने तथा मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने पर विशेष बल दिया गया। शुक्रवार की सुबह जिला महिला अस्पताल महोबा में रोगी कल्याण समिति की बैठक वरिष्ठ महिला चिकित्सक डॉ. एस. के. वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें समिति सदस्यों द्वारा उपचार के लिए जिला महिला अस्पताल आने वाली गर्भवती महिलाओं, प्रसूताओं एवं नवजात शिशुओ



को पड़ रही भीषण गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक प्रबन्ध किए जाने, मरीजों और तीमारदारों को पीने के लिए शीतल पेयजल उपलब्ध कराने, भर्ती जच्चा बच्चा को शासन की मंशानुरूप सुबह मानक और मीनू के अनुरूप नाश्ता एवं दोनों समय डॉक्टर की सलाह अनुसार पौष्टिक गुणवत्ता परक भोजन उपलब्ध कराने हेतु कार्यदाई संस्था को कड़े दिशा निर्देश दिए जाने पर चर्चा की गई। समिति के सदस्यों द्वारा अस्पताल का भ्रमण कर संचालित कूलर पंखे एवं ए. सी. को देखा। पूरा अस्पताल का आंतरिक परिसर ठंडा ठंडा कूल कूल मिलने पर सन्तोष व्यक्त किया। इस बैठक में डॉ. सुरेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ.अमृता सिंह, प्रभारी चीफ फार्मासिस्ट सन्तोष कुशवाहा, समिति सदस्यों में भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. विभा पुरवार, आल्हा परिषद अध्यक्ष शरद तिवारी दाऊ, समाज सेवी शिवकुमार गोस्वामी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका एवं प्रभारी सीएमओ डॉ. रमाकांत चौरिहा विभागीय कार्य से सीएमओ कार्यालय गए हुए बताया गया।

## चित्रकूट की 5 ग्राम पंचायतें पुरस्कृत

**समय जगत चित्रकूट।** मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में जनपद चित्रकूट की 05 ग्राम पंचायतें क्रमशः सरधुआ (पहाड़ी), छीबों (रामनगर), शिवरामपुर (कर्वी), उन्नायबन्ना (पहाड़ी) एवं किहुनिया (मानिकपुर) पुरस्कृत हुयी है, जिन्हे पुरस्कार की धनराशि माह मार्च 2026 में ग्राम पंचायतों के ओ.एस.आर. खातों में प्राप्त हो चुकी है। योजनान्तर्गत प्रथम से पचम स्थान तक क्रमशः 35, 30, 20, 15, 10 लाख की धनराशि पुरस्कार के रूप में शासन स्तर से प्राप्त होती है। ग्राम पंचायतें उक्त धनराशि को एक कार्ययोजना तैयार कर सम्बन्धित पोर्टल पर अपलोड करके विकास एवं ग्राम पंचायत की आय सृजन सम्बन्धी कार्यों पर व्यय कर सकेंगी। इसके लिये निदेशक पंचायतीराज के स्तर से 17 साकेंतिक कार्यों यथा- सदभावलॉन, रूरलमार्ट, सार्वजनिक पुस्तकालय आदि की सूची प्रेषित की गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा उक्त धनराशि से ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी केन्द्र (यदि पूर्व से उपलब्ध न हो), शासकीय प्रा0 30 प्राथमिक विद्यालय की बाउण्ड्रीवाल एवं कायाकल्प के अन्य पैरामीटर को पूर्ण कराने एवं पुस्तकालय कक्ष (यदि पूर्व में न हो) निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता दिये जाने के निर्देश दिये गये हैं। मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में ग्राम पंचायत द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष में सतत् विकास लक्ष्यों के कार्यों की 09 थीम पर विकास कार्यों एवं स्वयं की सृजन पर आधारित प्रश्नावली के मूल्यांकन में प्राप्त अंकों के आधार पर चयन की कार्यवाही विकासखण्ड/जनपद स्तरीय मूल्यांकन समिति की संस्तुति पर राज्य स्तरीय समिति द्वारा की जाती है। जनपद की पंचायतों से अपील है कि वह विकास कार्यों पर थीमवार कार्ययोजना बनाते हुये कार्य करें, स्वयं की आय अर्जित करें और प्रतिवर्ष मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में प्रतिभाग करें।

# सामाजिक सरोकारों का निर्वहन करें विभाग :इंदु मीणा

## जिला परिवहन विभाग परिसर में बांधे गए परिंडे

**धौलपुर, समय जगत।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा पक्षियों के संरक्षण एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से विभागीय परिसर में परिंडे बांधे गए। इस अवसर पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी इंदु मीणा ने कहा कि विभाग को अपने प्रशासनिक कार्यो के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों का भी जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में जल स्रोतों की कमी के कारण पक्षियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में पक्षियों की प्यास से मृत्यु हो जाती है। ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक का दायित्व बनता है कि वह अपने घर, दुकान, कार्यालय एवं



आसपास के स्थानों पर पक्षियों के लिए परिंडे बांधकर उनमें नियमित रूप से स्वच्छ पानी एवं दाना उपलब्ध कराए। इंदु मीणा ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए आमजन की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। छोटे-छोटे प्रयासों से हम जीव-जंतुओं और पक्षियों के जीवन की रक्षा कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं और सामाजिक संगठनों से भी इस अभियान से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान विभागीय कर्मचारियों ने परिसर में विभिन्न स्थानों पर परिंडे लगाए तथा नियमित रूप से उनमें पानी भरने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में शहर के सार्वजनिक स्थलों पर भी परिंडे लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। परिंडो पर यातायात नियमों की जानकारी भी अंकित कराई गई है। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव, परिवहन निरीक्षक एवं विभागीय कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# खनिजों लगातार जारी अवैध उत्खनन पर कब लगेगी रोक, अधिकारियों की सक्रियता की है दरकार

## ग्रामीणों द्वारा उठाए जा रहे हैं सवाल

**समय जगत चित्रकूट।** जिला प्रशासन की जांच रिपोर्ट ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि कागजों पर बहने वाली ईमानदारी और धरातल पर बहती यमुना की जलधारा में जमीन-आसमान का अंतर है। सोशल मीडिया पर जलधारा के बीच अवैध खनन की चीख-पुकार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की संयुक्त जांच टीम ने पूरी तरह झूठ का पुलिंदा करार देते हुए खनन माफियाओं को क्लीन चिट की चादर ओढ़ा दी है।



प्रशासन की जांच में किया गया दावाः प्रशासन का दावा है कि खबरों / प्राप्त शिकायतों के क्रम में श्री सुरेन्द्र कुमार शुक्ला के पक्ष में स्वीकृत उपखनिज बालू/मोरम के खनन पट्टा ग्राम-तीरधुमाई गंगू के गाटा संख्या-2/2 खण्ड सं0-03 रकबा 23.00 हे0 एवं श्री जगजीत सिंह के पक्ष में स्वीकृत उपखनिज बालू/मोरम के खनन अनुज्ञा ग्राम-गुरगौला खादर के गाटा संख्या-29 ख रकबा-22.54 एकड़ क्षेत्रों की संयुक्त जॉच दिनांक 25.04.2026 को राजस्व विभाग एवं खनन विभाग से करायी गयी। जॉच आख्या के अनुसार पट्टाधारकों द्वारा नदी की जलधारा के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं पायी गयी है और न ही नदी की जलधारा में खनन / अवैध खनन किया जाना पाया गया।

**जीपीएस तस्वीरों की गवाही बनाम सरकारी सफाई :** क्षेत्र के ग्रामीणों ने जीपीएस टैग वाली तस्वीरें और वीडियो साक्ष्य के रूप में पेश किए हैं, जिनमें पोकलैंड मशीनें नदी की जलधारा के बीचों-बीच बालू निकालती साफ दिख रही हैं। आरोप है कि आवंटित गाटा संख्या से काफी दूर निकलकर माफिया अवैध रूप से खनन कर रहे हैं। प्रशासन का तर्क-जांच टीम का कहना है कि जलधारा सुरक्षित है। सवाल यह है कि क्या सरकारी कैमरों को वही दिखता है जो माफिया दिखाना चाहते हैं?

भ्रष्टाचार के घाव पर जुर्माने का मरहम प्रशासन ने जनता का गुस्सा शांत करने के लिए दो खदानों पर करीब 10.68 लाख का जुर्माना तो लगा दिया, लेकिन मुख्य मुद्दे (अवैध जलधारा खनन) पर चुप्पी साध ली। गुरगौला खादर~? 5.68 लाख जुर्माना। तीरधुमाई गंगू~? 5 लाख जुर्माना। सवाल यह है कि जब अवैध खनन हुआ ही नहीं, तो यह जुर्माना किस बात का? और अगर अनियमितता इतनी बड़ी थी, तो पट्टा निरस्त करने के बजाय सिर्फ पेनल्टी की लीपापोती क्यों?

भ्रष्टाचार का सिंडिकेट और पंगु टास्क फोर्स सिस्टम पर सवाल आरोप है कि जांच टीम ने मौके पर जाने के बजाय माफियाओं के वातानुकूलित कैंपों में बैठकर रिपोर्ट तैयार की है। जिलाधिकारी के सख्त गश्त के निर्देश सिर्फ कागजों तक सीमित हैं। रात के अंधेरे में जब यमुना का सीना छलनी होता है, तब टास्क फोर्स की सक्रियता शून्य हो जाती है।

## बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की हुई बैठक



**बांदा।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ से पूर्व तैयारियों की बाढ़ स्टीयरिंग ग्ररुप की बैठक संपन्न हुई। जिसमे जिलाधिकारी ने बाढ़ निरोधक कार्यों के क्षतिग्रस्त स्थल, तटबंध चेक किए जानें को कहा। रात्रि में कर्मचारियों की ड्यूटी एवं जनरेटर की व्यवस्था करनें को कहा। अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रखंड तृतीय को वर्षा से पूर्व बांधों के फाटकों को ठीक कराने एवं तटबंधों की मरम्मत कराने को कहा। अधिशासी अभियंता केन नहर प्रखंड जल प्लावन के दृष्टिगत नहर पटरियों को ठीक करने एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष बनाने को कहा। जो सड़के निर्माणाधीन हैं एवं जिन सड़कों में पूर्व में जल भराव हुआ है, उन पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए। वर्षा से पूर्व पुल, पुलिया, रपटों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में खंड विकास अधिकारी एवं शहरी क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी नाले, नालियों की सफाई कराने को कहा। समस्त अधिशासी अधिकारी वर्षाकाल से पूर्व कूड़े के ढेर हटवाने एवं साफ-सफाई व्यवस्था करने को कहा। खंड विकास अधिकारी बाढ़ से पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था व जल भराव वाले क्षेत्रों में नालियों का निर्माण कराएं। उप जिलाधिकारी बाढ़ चैकियों को चिन्हित कर कार्य योजना बनाएं तथा समय से मैपिंग करें कि किन गांवों में बाढ़ की संभावना है। तहसील स्तर पर बैठकें कर नाविकों, मोटर बोट आदि की समुचित व्यवस्था की जाए। तहसील, ब्लॉक एवं न्याय पंचायत स्तरों पर बाढ़ समितियों का गठन किया जाए। बाढ़ नियंत्रण कक्ष एवं प्रभारी दैवीय आपदा अधिकारी को बाढ़ चैकियों के सत्यापन की रिपोर्ट दी जाए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत लाइन ठीक की जाए, लूजिंग समाप्त की जाए। जल भराव वाले क्षेत्रों में तत्काल विद्युत काटी जाए। स्वास्थ्यरू मुख्य चिकित्सा अधिकारी आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करें एवं कीट नाशक छिड़काव कराएं। जिला कृषि अधिकारी को वर्षा से पूर्व पर्याप्त भूसा एकत्र करने को कहा। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0, अपर पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# शनि जयंती और शनिश्चरी अमावस्या आज बरसेगी शनिदेव और पितरों की विशेष कृपा

**समय जगत,सारंगपुर।** ज्येष्ठ अमावस्या पर्व केवल एक तिथि नहीं, बल्कि आकाशीय संकेतों से सजा हुआ वह अद्भुत क्षण है, जब कर्म, काल और कृपा तीनों एक साथ मानव जीवन को स्पर्श करने उतर रहे हैं। आज का दिन सनातन परंपरा में एक ऐसे दिव्य योग का साक्षी बनने जा रहा है, जिसे ज्योतिषाचार्य दुर्लभ संयोग और महाशुभ कालखंड बता रहे हैं। इस दिन शनि जयंती और शनिश्चरी अमावस्या का महासंयोग एक साथ बन रहा है, जिसके कारण सम्पूर्ण क्षेत्र सहित नगर में श्रद्धा, साधना और शनि आराधना की दिव्य लहर प्रवाहित होगी। खेड़ापति हनुमान मंदिर के पुजारी पं विप्र पवन ब्रज जगदीश पारीक ने बताया कि जब अमावस्या शनिवार को आती है तो वह शनिश्चरी अमावस्या कहलाती है, और उसी दिन सूर्यपुत्र भगवान शनिदेव की जयंती का होना मानो कर्मफल के अधिपति स्वयं पृथ्वी पर अपने भक्तों के लिए कृपा-द्वार खोल रहे हों। धर्मग्रंथों में यह दिन दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्ति प्रदान करने वाला माना गया है। इस वर्ष यह महासंयोग विशेष माना जा



रहा है क्योंकि शनि देव अपनी स्वराशि कुंभ में स्थित होकर शश महापुरुष योग तथा शश राजयोग का निर्माण कर रहे हैं। साथ ही केदार योग, बुद्धादित्य योग, सौभाग्य योग और शोभन योग जैसे शुभ ग्रह-संयोग इस पर्व को और अधिक प्रभावशाली बना रहे हैं। पं. विप्र पवन ब्रज जगदीश पारीक के अनुसार ऐसा बहुस्तरीय योग अत्यंत दुर्लभ होता है, जो व्यक्ति के जीवन में आर्थिक उन्नति, मानसिक स्थिरता, कर्म शुद्धि और आध्यात्मिक जागरण का कारण बन सकता है। धार्मिक मान्यता है कि शनिदेव केवल दंड के देवता नहीं, बल्कि न्याय और संतुलन के अधिपति हैं। वे व्यक्ति के कर्मों के अनुसार फल प्रदान करते हैं। यही कारण है कि जिन लोगों पर साढ़ेसाती, ढैया, शनि महादशा अथवा जीवन में निरंतर संघर्ष और विलंब की स्थिति बनी रहती है, उनके लिए यह दिन विशेष रूप से कल्याणकारी माना गया है।16 मई को अमावस्या तिथि प्रातः 5 बजकर 11 मिनट से प्रारंभ होकर 17 मई रात्रि 1 बजकर 30 मिनट तक रहेगी। पं. पारीक के अनुसार शनिवार की संध्या विशेष फलदायी मानी जा रही है। इस दिन प्रातःकालीन स्नान, तिल-तेल से अभिषेक, पीपल पूजन, दीपदान और मंत्रजाप का महत्व कई गुना बढ़ जाता है। विशेष रूप से अमावस्या तिथि होने के कारण इस दिन पितृ तर्पण, पिंडदान, पितृपूजन तथा पवित्र नदियों में स्नान-दान का भी अत्यंत पुण्यफल बताया गया है। मान्यता है कि इस दिन किए गए तर्पण और दान से पितृ प्रसन्न होते हैं तथा परिवार में सुख-शांति और समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। श्रद्धालु क्षेत्र तीर्थ कपिलेश्वर धाम पर कालीसिंध नदी एवं तीर्थ स्थलों पर स्नान कर तिल, जल और कुश से पितरों का तर्पण करेंगे। इस पावन अवसर पर क्षेत्र सहित नगर के शनि मंदिरों में भव्य आयोजन होंगे। विशेष रूप से कपिलेश्वर तीर्थ पर स्थित शनि मंदिर, सुदर्शन नगर स्थित शनि मंदिर, शनिधाम किशनपुरा तथा अनेक मंदिरों में शनि महाराज का विशेष पूजन, अर्चन, अभिषेक, सुंदरकांड पाठ, यज्ञ-अनुष्ठान और महाआरती के आयोजन श्रद्धा का अनुपम दृश्य प्रस्तुत करेंगे। मंदिरों में तेल, तिल और पवित्र नदियों के जल से शनिदेव का अभिषेक किया जाएगा, वहीं भक्तों की लंबी कतारें इस आध्यात्मिक पर्व की महिमा को जीवंत करेंगी। पीपल वृक्ष के नीचे सरसों के तेल का दीपदान,काले तिल, उड़द एवं वस्त्रों का दान, पितरों के निमित्त तर्पण एवं अन्नदान,तथा हनुमान जी को चोला धारण एवं हनुमत आराधना अत्यंत फलदायी मानी गई है।

## शिक्षा विभाग की नाकामी हो रही है उजागर

# तीन साल से एक की जगह पर जमे हुए हैं कारिंदे

**समय जगत, बैतूल।** जिले में संचालित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावासों को लेकर एक बार फिर सियासी और प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। ताज़ा जानकारी के मुताबिक जिले के कई छात्रावासों में वार्डन और सहायक वार्डन बीते 10 से 15 वर्षों से एक ही जगह जमे हुए हैं। आलम यह है कि सरकार और राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के बार-बार जारी हुए आदेश भी इन मलाईदार पदों पर बैठे जिम्मेदारों को हिला नहीं सके। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा मई 2025 को जारी आदेश में साफ तौर पर कहा गया था कि जिन छात्रावासों में वार्डनों का कार्यकाल 3 वर्ष और सहायक वार्डनों का कार्यकाल 5 वर्ष पूरा हो चुका है, वहां तत्काल प्रभाव से बदलाव किया जाए। इतना ही नहीं, नई नियुक्तियों और प्रभार परिवर्तन की चयन सूची अप्रैल 2025 में ही तैयार हो चुकी थी और जून 2025 तक इसे अमल में लाया जाना था। मगर हकीकत यह है कि आज तक आदेश सिर्फ फाइलों और दफ्तरों की आलमारियों में धूल फांक रहे हैं। मामले ने अब इंतजामिया की नीयत पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। शिक्षा विभाग के सूत्रों की मानें तो वर्ष 2017, 2018, 2021 सहित कई बार राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा छात्रावासों में प्रभार परिवर्तन को लेकर निर्देश जारी किए गए, लेकिन जिले में उन आदेशों की तामील नहीं हुई। यही वजह है कि अब पूरे मामले में गड़बड़झाले और सांठगांठ की बू आने लगी है। जानकारी के मुताबिक चिचोली विकासखंड के खपरिया छात्रावास में वार्डन श्रीमती शशिकला इरपाचे लगभग 10 वर्षों से पदस्थ हैं। इसी तरह गोधना में सुजाता उईके, कुनखेड़ी भीमपुर में किरण भलावी, सदर बैतूल में श्रीमती फाटे, चिल्कापुर भैंसदेही में श्रीमती सेलकरी, शाहपुर में श्रीमती अनवाने, चिल्लौर भीमपुर में लता मरकाम और अन्य कई वार्डन वर्षों से एक ही छात्रावास की कमान संभाले हुए हैं। कुछ मामलों में यह अवधि 15 से 20 वर्षों तक पहुंच चुकी है। सूत्र बताते हैं कि कई छात्रावासों में पूर्व में अनियमितताओं और व्यवस्थाओं को लेकर विरोध भी हुआ, मगर कभी किसी जिम्मेदार वार्डन पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। यही कारण है कि चयनित शिक्षिकाओं में भी अब नाराजगी पनपने लगी है। खबर है कि नई चयनित शिक्षिकाएं प्रभार नहीं मिलने से परेशान होकर जिला परियोजना समन्वयक से मुलाकात की तैयारी कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार अप्रैल 2026 में पुराने वार्डनों को हटाकर नई चयनित शिक्षिकाओं को जिम्मेदारी सौंपने की बात कही गई थी, लेकिन अप्रैल माह बीत जाने के बाद भी कोई आधिकारिक आदेश ज़मीन पर नजर नहीं आया।

## संक्षिप्त समाचार

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत पानी चौपाल का आयोजन ग्राम रामपुरा में हुआ संपन्न



**समय जगत, भीकनगांव ।** समीपस्थ ग्राम रामपुरा वि.ख.भीकनगांव जिला खरगोन में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पानी चौपाल कार्यशाला आयोजित की गई । जिसमें किसानों को जल की बचत के साथ उद्यानिकी फसलों की उन्नत खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया । सर्व प्रथम प्रभारी वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी सुरेश डोडे ने किसानों को विभागीय योजना लाभ लेने के लिए पंजीयन कैसे किया जाता हैं एवं अवश्यक दस्तावेज की जरूरत होती है विस्तृत जानकारी दी । इसके उपरांत ग्रा.उ.वि.अधिकारी जितेंद्र यादव ने विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं एवं अनुदान के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी देते हुए साथ ही पानी की बचत किस प्रकार कर सकते हैं उसके लिए विभाग से संचालित सूक्ष्म सिंचाई ड्रिप, मिनिस्प्रिंकलर तथा फल पौध रोपण, संरक्षित खेती, बागवानी यंत्रीकरण सब्जी एवं मसाला क्षेत्र विस्तार के लाभों के बारे में किसानों को अवगत कराया गया । इस पूरे कार्यक्रम में समस्त ग्राम रामपुरा के गणमान्य कृषक बन्धु उपस्थित रहे ।

### ग्राम बड़ोदिया की पेयजल व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**समय जगत, रतलाम ।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर पेयजल व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है । इसी क्रम में रतलाम विकासखंड के ग्राम बड़ोदिया में पीएचई विभाग के सहायक यंत्री श्री डी.सी. कथिरिया एवं जिला सलाहकार आनंद व्यास ने गांव का भ्रमण कर पेयजल व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लिया । निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गांव में हैंडपंप, ट्यूबवेल एवं निजी जल स्त्रोतों की स्थिति के संबंध में सरपंच, सचिव तथा ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त की । सरपंच मानसिंह पडियार ने बताया कि गांव में पेयजल की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं ।

### वरिष्ठ कर्मचारी नेता गजेन्द्र कोठारी का मनाया जन्मदिन



**समय जगत, भोपाल ।** निगम मंडल कर्मचारी संघ के महामंत्री अधिकारी संघ के अध्यक्ष गजेन्द्र कोठारी का जन्मदिन जिला सिविल सप्लाई कार्पोरेशन कार्यालय में कर्मचारी नेता अनिल वाजपेई अरविंद शर्मा अंजय श्रीवास्तव नीलू भाई श्याम सुंदर श्रीवास्तव संतोष मिश्रा जिझौतिया ब्राह्मण कल्याण परिषद अध्यक्ष दिनेश तिवारी उपाध्यक्ष मदन त्रिपाठी पीयूष मिश्रा हर्ष लिटोरिया हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी अनिल भार्गव वायु हेमंत शर्मा सहित अनेक साथियों द्वारा मनाया गया ।

# सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का करें त्वरित निराकरण : करोसिया




**समय जगत, रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में म.प्र.राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया (कैबिनेट मंत्री दर्जा) की अध्यक्षता में जिला अधिकारियों और सफाई कर्मचारी, संगठनों के प्रतिनिधियों, सभी सीएमओ नगरीय निकाय एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, नगर निगम कमिश्नर अनिल भाना, पीओ डूडा अरूण पाठक सहित सभी सीएमओ एवं संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में आयोग के अध्यक्ष करोसिया ने सफाई कामगारों के वेतन भत्ते, एन.पी.एस., अनुकम्पा नियुक्ति, रिक्त पदों की पूर्ति, पेंशन, पी.एफ., ईएसआई प्रकरणों के त्वरित निराकरण, बस्ती विकास, सामुदायिक भवन, प्रधानमंत्री आवास योजना में नगरीय निकायवार सफाई कामगार सदस्यों की आनुपातिक भागीदारी की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने संबंधित विभाग प्रमुखों को सफाई कामगारों के लिए शासन के निर्देशानुसार हर तरह की मदद के लिए निर्देशित किया। शासन की योजनाओं में हितलाभ प्रदान किए जाये। सफाई कर्मियों से जुड़े कोर्ट केसो का त्वरित निराकरण करवायें। बैठक में आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया ने विभिन्न कार्यालयों व नगरीय निकायों में सफाई कामगारों के स्वीकृत पद रिक्त पदों की जानकारी की विभागवार विस्तार से समीक्षा की। करोसिया ने कहा कि 2007 तक नगरीय निकायों में सेवा देने वाले दैनिक वेतन भोगियो को विनियमित किया गया है, उन्हें रिक्त पदों पर नियमित करने की कार्यवाही करें। जिस वर्ग के लिए पद रिक्त हैं उसी वर्ग से भरने एवं मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार सफाई कर्मचारियों के नियमितीकरण की कार्यवाही की जाये एवं विभिन्न निकायों और कार्यालयों द्वारा विनियमितीकरण किए गए कर्मचारियों को पात्रतानुसार स्थाई करने की कार्यवाही करें। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार रिक्त पदों के विरुद्ध संविदा पर कर्मचारियों की भर्ती करें। बैठक में करोसिया ने नगर निगम रतलाम द्वारा रखे गये कर्मचारियों के ई एस आई कटौत्रा की जानकारी लेकर आयुक्त नगर एवं आवास मंत्रालय भोपाल को पत्र लिखने के लिए श्रम पदाधिकारी को निर्देश दिए। अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में 30 दिन के अंदर आवेदक को लिखित में सूचित करने एवं रतलाम नगर निगम मे हुई नियुक्तियो की जाच के निर्देश एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव को दिए। मण्डी मे सफाई करने वाले कर्मचारियों का भौतिक सत्यापन करने, ई एस आई कटौत्रो की जानकारी 15 दिवस मे भेजने के निर्देश श्रम पदाधिकारी को दिए। मण्डी सचिव को ठेके पर रखे गये सफाई कर्मियों को रखे जाने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी सात दिवस मे देने के निर्देश दिए। डीन मेडिकल कॉलेज एवं सीएमएचओ को निर्देश दिये कि मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय एवं जिले के अन्य चिकित्सालयों में रखे गये आउटसोर्स कर्मचारियों की बैठक दो तीन माह मे लेकर उनकी समस्याओं को सुने और ठेकेदारों को अवगत कराये । अगले 15 दिवस मे बैठक कर अवगत करवाने के निर्देश दिए। बैठक में करोसिया ने निर्देश दिए कि सफाई कामगारों को नियमानुसार अवकाश तथा सफाई कामगारों को काम का प्रशिक्षण दिया जाए। आयोग के अध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों के परिवारों के लिए सामाजिक कार्यक्रमों के लिए महर्षि वाल्मीकि सामुदायिक भवन बनवाये जाने के निर्देश दिए। करोसिया ने कहा कि दैनिक वेतन भोगी एवं विनियमित कर्मचारियों की मृत्यु की स्थिति में परिजनों को आर्थिक मदद के साथ, परिजनों को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अस्थाई पदो पर रोजगार भी उपलब्ध करवा सकते हैं। सभी नगरीय निकाय सफाई कर्मचारियों को काबिज भूमि का आवास के लिए आवासीय भूमि का पट्टा प्रदान कर आवास स्वीकृत करें। शासन की स्वरोजगार योजनाओं में सफाई कर्मियों को लाभान्वित करें। कर्मचारियों की सुरक्षा एवं उनके परिजनों के हितलाभ का विशेष ध्यान रखा जाये ।

## ज्येष्ठ पुरुषोत्तम मास 17 मई से 15 जून तक

# श्री जी के बड़े मंदिर में मनेंगे सालभर के उत्सव



**समय जगत, नरसिंहगढ़।** नगर स्थित श्री गोवर्धननाथ जी की हवेली श्री जी का बड़ा मंदिर में 17 मई से पवित्र ज्येष्ठ अधिक पुरुषोत्तम मास उत्सव का शुभारंभ होने जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 15 जून तक श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में आयोजित किया जाएगा। मंदिर के मुखिया मोहित भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरुषोत्तम मास के इस विशेष अवसर पर वर्षभर में आने वाले प्रमुख उत्सव और पर्व एक ही माह में ठाकुर जी के लिए विधिवत मनाए जाएंगे। आयोजन के दौरान रथ यात्रा, होली उत्सव, जन्माष्टमी, नंदोत्सव सहित अनेक पारंपरिक धार्मिक आयोजन श्रद्धाभाव के साथ संपन्न होंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 12 बजे राजभोग के समय श्री ठाकुर जी का विशेष तिलक होगा।

वहीं प्रतिदिन शाम 6 बजे पुरुषोत्तम मास की कथा आयोजित की जाएगी। इसके अलावा रात्रि 7.30 बजे से प्रतिदिन अलग-अलग मनोरथों के दर्शन श्रद्धालुओं को कराए जाएंगे, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्ति और उत्सवमय वातावरण से सराबोर रहेगा। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से परिवार एवं इष्ट मित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर दर्शन एवं धार्मिक आयोजनों का लाभ लेने की अपील की है।

## घोसीखेड़ा को मिलेगी पानी की किल्लत से निजात

# विधायक ऊषा ठाकुर ने किया तीन किमी पाइपलाइन का भूमिपूजन



**सिमरोल (समय जगत)।** तहसील की ग्राम पंचायत घोसीखेड़ा में लंबे समय से चली आ रही पेयजल की गंभीर समस्या अब जल्द ही समाप्त होने वाली है। गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक ऊषा ठाकुर ने ग्रामीणों की उपस्थिति में 3 किलोमीटर लंबी नवीन पेयजल पाइपलाइन का विधिवत भूमिपूजन किया। इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र की बड़ी आबादी को शुद्ध पेयजल सुलभ होगा। विधायक ऊषा ठाकुर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र का विकास और जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। घोसीखेड़ा में पेयजल की समस्या वर्षों से बनी हुई थी, जिसे देखते हुए इस पाइपलाइन की स्वीकृति दी गई है। आने वाले समय में विधानसभा के हर घर तक नल से जल पहुँचाने का हमारा संकल्प है। ग्राम पंचायत घोसीखेड़ा के सरपंच सुनील मीणा ने बताया कि गर्मी के दिनों में ग्रामीणों को पानी के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। इस 3 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन के बिछ जाने से पंचायत के हर कोने में पानी का दबाव बना रहेगा और महिलाओं को दूर-दराज से पानी लाने की समस्या से मुक्ति मिलेगी। यह पूरे गांव के लिए हर्ष का विषय है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष रुपेश वाघमोडे, जनपद सदस्य राजू डामोर, प्रदीप गवली, आशीष ठाकुर व ग्राम पंचायत के पंचगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने पाइपलाइन की सौगात मिलने पर विधायक का आभार व्यक्त किया।

## स्वच्छता के नाम पर बड़े घोटाले का आरोप

# कांग्रेसियों ने पत्रकारवार्ता आयोजित कर साधा निशाना



**समय जगत, इटारसी।** नगर पालिका परिषद इटारसी में स्वच्छता कार्यों के नाम पर चल रहे बड़े खेल का कांग्रेस नेताओं ने पर्दाफाश किया है। शहर को स्वच्छ बनाने के नाम पर आई करीब पौने दो करोड़ रुपये की राशि को नपा अधिकारियों और ठेकेदार ने मिलकर डकार लिया है। कांग्रेस ने एक पत्रकार वार्ता कर इस पूरे घोटाले की पोल खोली और नपा की जिम्मेदार अधिकारी मीनाक्षी चौधरी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए उन पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर की जनसुनवाई में कर दी गई है। अधिकारी मीनाक्षी चौधरी की घोर लापरवाही और ठेकेदार से साठगांठ के आरोप कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि लीगेसी वेस्ट (पुराने कचरे) के निष्पादन के नाम पर नगर पालिका में भारी अनियमितता की गई है। इस पूरे घोटाले के केंद्र में नपा की अधिकारी मीनाक्षी चौधरी की भूमिका को कटघरे में खड़ा किया गया है। कांग्रेस का सीधा आरोप है कि मीनाक्षी चौधरी की घोर लापरवाही और ठेकेदार से कथित साठगांठ के चलते ही ठेका फर्म एस आर मैप टेक्नोलॉजी, ग्वालियर ने नियमों की धज्जियां उड़ाई। नियमों के मुताबिक, लीगेसी वेस्ट का निष्पादन ट्रॉमल मशीन के जरिए किया जाना था, लेकिन अधिकारी मीनाक्षी चौधरी की अनदेखी के चलते ठेका फर्म ने बिना ट्रॉमल मशीन का इस्तेमाल किए ही काम को निपटाने का ढोंग रच दिया। जिस काम के पूरे होने का अता-पता नहीं है, उसके लिए ठेका फर्म को मार्च 2026 तक 84 लाख रुपये से ज्यादा का भारी-भरकम भुगतान किया जा चुका है। ठेकेदार को यह पूरा कचरा मात्र 4 महीने के भीतर निष्पादित करना था, लेकिन नपा अधिकारियों की मेहरबानी से 3 साल बीत जाने के बाद भी कचरे का पहाड़ ज्यों का त्यों पड़ा हुआ है। कागजों में भले ही कचरा साफ हो रहा हो, लेकिन जमीनी हकीकत यह है।

# विश्व की धरोहर हैं साधु-संत : उपाध्याय विशेषसागर



**समय जगत,हरदा।** सभी धर्मों में गुरु की महिमा का वर्णन किया गया है, गीता ग्रंथ में गुरु शब्द को महामंत्र कहा गया है,गुरु याने हितैषी,शुभ चिंतक,मार्ग दर्शक,उपकारक कहा जाता है।जिसके जीवन में गुरु नहीं उसका जीवन शुरू नहीं,गुरु के बिना व्यक्ति मन का राजा हो जाता, हम जो कह रहे वही सहि है,हम जो कर रहे वहीं सहि है उक्त उद्गार प.पू.विराग किर्ती,वात्सल्य शिरोमणी उपाध्याय श्री 108 विशेषसागर जी गुरुदेव ने हरदा में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा। पू.उपाध्याय श्री ने आगे कहा कि महाराष्ट्र को संतों की भूमि कहा है, यहाँ कहावत है साधु संत येती घरा तोची दिवाली दशहरा,साधु-संत विश्व की धरोहर है,जिस समाज में साधु संतों का आदर-सत्कार होता है वहाँ हरियाली - खुशहाली रहती है,दिगम्बर संत त्याग-तपस्या की साक्षात मुर्ति होते हैं, धन दौलत के त्यागी होते है,अपने पास पिच्छि-कमण्डल व आवश्यक शास्त्र ही रखते है,गर्मी में एसी कूलर,पंखा आदि व सर्दी में रुम हिटर आदि का प्रयोग नहीं करते। दिन में एक बार ही कर पात्र में शुद्ध आहार लेते हैं, चौके में स्वाद का नहीं शुद्धि का ध्यान रखते है,संत स्वोपकार के साथ परोपकार की भावना रखते है,समाज में कैंची का नहीं सुई का कार्य करते है,समाज को जोड़ने की बात करते है,पंथवाद,संतवाद की नहीं आगम की बात करते है। पंथवाद-संतवाद-व्यक्ति को संसार भ्रमण कराता,आगमानुसार चलने वाला एक दिन संसार से पार होता है।

# अध्यापन शिविर का हुआ आयोजन



**समय जगत, इटारसी।** सिन्धी साहित्य अकादमी-म.प्र.द्वारा पूज्य पंचायत सिंधी समाज एव भारतीय सिंधु सभा शाखा इटारसी के सहयोग से सिंधी समाज के सामाजिक बधुओ के लिए सिन्धी भाषा (देवनागरी लिपि) अध्यापन शिविर का आयोजन तारीख 14 मई से सिंधु भवन सिंधी कालोनी मे प्रारंभ हुआ। रोजाना शिविर का समय शाम 5.30 बजे से 7 बजे तक रहेगा। शिविर का उद्घाटन आज शाम 5.30 बजे पूज्य पंचायत सिंधी समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष कैलाश नवलानी उपाध्यक्ष अनिल मिहानी संरक्षक मोहन मोरवानी द्वारा भगवान भगवान श्री झूलेलाल जी की ज्योत प्रज्वलित करके किया गया।

# देवास में पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग कई लोगों के हताहत होने की आशंका



**देवकरण झांजा- समय जगत गुलाना।** टोंक कला क्षेत्र स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में गुरुवार को भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे में कई लोगों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि प्रशासन की ओर से अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही प्रशासन, पुलिस और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए गए। दमकल की कई गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार फैक्ट्री से तेज धमाकों की आवाजें भी सुनाई दीं, जिसके बाद आसपास के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर हटाया गया। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया। प्रशासन द्वारा फैक्ट्री में मौजूद कर्मचारियों और नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

# माचक उपनहर के टेल क्षेत्र में पानी संकट, मूंग फसल सूखने की कगार पर, किसानों का फूटा गुस्सा

## कृषकों ने किया जल सत्याग्रह, सिंचाई विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी, 24 घंटे में पानी नहीं छोड़ा तो उग्र आंदोलन की चेतावनी

**समय जगत, खिरकिया।** माचक उपनहर के टेल क्षेत्र में इन दिनों सिंचाई पानी की भारी किल्लत से किसान परेशान हैं। ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के लिए समय पर पानी नहीं मिलने से खेत सूखने लगे हैं और किसानों की मेहनत पर संकट मंडराने लगा है। पानी की समस्या को लेकर शुक्रवार को सारसूद, बावड़ियां, जूनापानी, पड़वा, तारापुर, पहेट और छीपाबड़ सहित आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में किसान माचक नहर पर एकत्रित हुए और अर्धनग्न होकर नहर में खड़े होकर अनोखा प्रदर्शन किया। किसानों ने सिंचाई विभाग हाय-हाय, पानी दो-पानी दो, किसानों को न्याय दो जैसे नारे लगाकर प्रशासन और सिंचाई विभाग के खिलाफ जमकर आक्रोश जताया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कहा कि विभागीय लापरवाही के कारण नहर के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे हजारों एकड़ में लगी मूंग की फसल सूखने की स्थिति में पहुंच गई है। किसानों का आरोप है कि नहर से जुड़े प्रभावशाली क्षेत्रों में पानी पर्याप्त मात्रा में छोड़ा जा रहा है, लेकिन टेल क्षेत्र के गांवों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। कई बार शिकायत और मांग के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी समस्या का स्थायी समाधान नहीं कर पाए हैं। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने कहा कि उन्होंने महंगे बीज, खाद और सिंचाई पर लाखों रुपए खर्च कर मूंग की फसल लगाई है। अब यदि समय पर पानी नहीं मिला तो पूरी फसल बर्बाद हो जाएगी और किसानों पर आर्थिक संकट गहरा जाएगा। किसानों ने बताया कि लगातार बढ़ती गर्मी के कारण खेतों में नमी समाप्त हो रही है और फसल पीली पड़ने लगी है। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि अगले 24 घंटे के भीतर माचक नहर में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा गया तो आंदोलन और अधिक उग्र किया जाएगा। किसानों ने कहा कि वे चक्काजाम, धरना-प्रदर्शन और सिंचाई विभाग कार्यालय का घेराव करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। किसानों का कहना था कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और सिंचाई सुविधाएं बेहतर करने के दावे करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति बिल्कुल विपरीत दिखाई दे रही है। टेल क्षेत्र के किसान हर वर्ष पानी के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं।



**प्रशासन और विभाग पर उठे सवाल:** क्षेत्र के किसानों ने सवाल उठाया कि आखिर हर बार टेल क्षेत्र ही पानी संकट का शिकार क्यों होता है? यदि नहर संचालन की सही मॉनिटरिंग हो रही है तो अंतिम गांवों तक पानी क्यों नहीं पहुंच रहा? किसानों ने नहर वितरण व्यवस्था की जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग भी की। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने एकजुट होकर कहा कि अब वे अपनी फसल और अधिकारों के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ेंगे।

**किसानों के बयान:** किसान आशुतोष कोठारी ने कहा, हज़ारों किसानो ने फसल लगाई है। अगर समय पर पानी नहीं मिला तो पूरा नुकसान हो जाएगा। विभाग केवल आश्वासन देता है, जमीन पर कुछ नहीं होता। अगर 24 घंटे मे पानी नहीं आता है तो उग्र आंदोलन करने हेतु विवश होना पड़ेगा। हर साल टेल क्षेत्र के किसानों के साथ अन्याय होता है। ऊपर के गांवों में पानी भरपूर रहता है और हमारे खेत सूख जाते हैं। अब हम चुप नहीं बैठेंगे। किसान शंकर सोलंकी ने कहा कि 10 दिन हो गए हैं पानी नहीं आया है, और दो दिनों से धरना प्रदर्शन जारी है अधिकारी आये और आश्वासन देकर चले गए। अगर जल्द ही पानी नहीं आया तो जल्द ही उग्र प्रदर्शन करने हेतु विवश होना पड़ेगा। किसान सुनील राजपूत ने कहा कि 24 घंटे मे पानी नहीं आया तो छीपाबड़ महाराणा प्रताप चौराह पर चक्काजाम कर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया जायगा।

### किसानों की प्रमुख मांगें

- माचक नहर में तत्काल पर्याप्त पानी छोड़ा जाए
- टेल क्षेत्र तक नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए
- नहर वितरण व्यवस्था की निष्पक्ष जांच हो
- जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए
- फसल खराब होने पर किसानों को मुआवजा दिया जाए

### इनका कहना है

नहर में पानी की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को लेकर लगातार निगरानी की जा रही है। जल्द ही टेल क्षेत्र तक पानी पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। विभाग ने किसानों से संयम बनाए रखने की अपील भी की है।
**रोहन**, माचक उपनहर एसडीओ हरदा

## लाखों के राजस्व का नुकसान, अपर कलेक्टर को ज्ञापन देकर उठाई कार्यवाही की मांग

# बिना टेंडर और नीलामी के तोड़ी गईं शासकीय इमारतें, नगर पालिका पर गंभीर आरोप





**पांढुरना (देवेन्द्र खुरसंगे)।** नगर पालिका परिषद एक बार फिर विवादों के केंद्र में आ गई है। पुराने साइंस कॉलेज भवन, फायर स्टेशन और मुख्य नगर पालिका अधिकारी के शासकीय बंगले के डिस्मेंटल (ध्वस्तीकरण) को लेकर मामला लगातार गरमाता जा रहा है। नगर कांग्रेस कमेटी पांढुरना ने इस पूरे प्रकरण को वित्तीय अनियमितता, शासकीय संपत्ति के दुरुपयोग और नियमों की अनदेखी से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए, जिला प्रशासन से तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जयंत घोड़े, नेता प्रतिपक्ष सुरेश सुरजुसे, पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के नाम एक विस्तृत स्मरण पत्र अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री को सौंपा। ज्ञापन में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर वैधानिक कार्रवाई की मांग की गई है।

**पहले भी दिए गए थे आवेदन, कार्रवाई नहीं होने का आरोप:** स्मरण पत्र में उल्लेख किया गया है, कि नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा इस मामले को लेकर पहले भी 24 मार्च 2026 और 21 अप्रैल 2026 को जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत किए गए थे, लेकिन अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कांग्रेस नेताओं का आरोप है, कि शिकायतों के बावजूद नगर पालिका प्रशासन ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

**बिना टेंडर शुरू कर दिया गया डिस्मेंटल कार्य:** कांग्रेस नेताओं के अनुसार नगर पालिका द्वारा ÷कॉम्प्लेक्स निर्माण÷ के नाम पर पुराने शासकीय साइंस कॉलेज भवन को बिना वैधानिक अनुमति और बिना नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया अपनाए तोड़ना शुरू कर दिया गया। उनका कहना है, कि इतनी बड़ी शासकीय इमारत को गिराने से पहले न तो सार्वजनिक सूचना जारी की गई और न ही पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई गई। विरोध और शिकायत के बाद कार्य को रोका गया, लेकिन भवन का डिस्मेंटल पूरी तरह नहीं हुआ। कांग्रेस ने इसे शासन के वित्तीय नियमों और कानूनों का खुला उल्लंघन बताया है।

**2012 से 2025 तक हुए खर्च और सामग्री का हिसाब नहीं:** ज्ञापन में एक और बड़ा आरोप लगाया गया है, कि वर्ष 2012 से 2025 तक संबंधित शासकीय भवनों पर नगर पालिका परिषद द्वारा जो राशि खर्च की गई, उसका कोई स्पष्ट लेखा-जोखा सार्वजनिक नहीं किया गया है। साथ ही डिस्मेंटल के बाद भवनों से प्राप्त सामग्री का भी कोई आधिकारिक मिलान नहीं कराया गया। कांग्रेस नेताओं का कहना है, कि इतने वर्षों तक जिन भवनों पर सरकारी धन खर्च हुआ, उनके ध्वस्तीकरण के बाद निकली सामग्री और संपत्ति का रिकॉर्ड सार्वजनिक न होना गंभीर वित्तीय अनियमितता की ओर संकेत करता है।

**लाखों रुपये के राजस्व नुकसान की आशंका:** ज्ञापन में आरोप लगाया गया है, कि भवनों से निकले लोहे के सरिए, सागौन की लकड़ी, दरवाजे, खिड़कियां और अन्य कीमती सामग्री का न तो मूल्यांकन कराया गया और न ही सार्वजनिक नीलामी की गई। कांग्रेस नेताओं के अनुसार इससे नगर पालिका परिषद को लगभग 10 लाख रुपये या उससे अधिक के राजस्व नुकसान की आशंका है। नेताओं का कहना है, कि यदि नियमानुसार नीलामी प्रक्रिया अपनाई जाती तो यह राशि नगर पालिका के राजस्व में जमा हो सकती थी।

**निगरानी समिति पर भी उठे सवाल:** नेता प्रतिपक्ष सुरेश सुरजुसे ने आरोप लगाया कि मामले को दबाने और कार्रवाई को वैध दिखाने के लिए नगर पालिका ने एक तथाकथित ÷निगरानी समिति÷ का गठन कर दिया। उन्होंने कहा कि समिति में उनका नाम भी शामिल कर दिया गया, जबकि उनसे न तो सहमति ली गई और न ही किसी बैठक में बुलाया गया। उन्होंने इसे प्रशासनिक प्रक्रिया की पारदर्शिता पर बड़ा सवाल बताते हुए, कहा कि नगर पालिका अधिनियम में ऐसी समिति के गठन का स्पष्ट प्रावधान नहीं है।

**भाजपा पार्षद ने भी उठाए सवाल:** रानी दुर्गावती वार्ड के भाजपा पार्षद यादवराव ढोबले ने भी मामले को संदेहास्पद बताते हुए कहा कि डिस्मेंटल कार्य शुरू होने से पहले ही अधिकारी आवास से मूल्यवान सामग्री हटाई गई। उन्होंने इसे शासकीय संपत्ति के दुरुपयोग, वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार से जुड़ा गंभीर मामला बताया।

**कांग्रेस की प्रमुख मांगें:** नगर कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन से मांग की है कि: पूरे डिस्मेंटल प्रकरण की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, भवनों से हटाई गई सामग्री का भौतिक सत्यापन कराया जाए, सामग्री का सूचीकरण और स्वतंत्र मूल्यांकन कराया जाए, ध्वस्तीकरण से जुड़े सभी दस्तावेज और स्वीकृतियां सार्वजनिक की जाएं, नगर पालिका को हुई संभावित आर्थिक क्षति की भरपाई जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों से कराई जाए, भविष्य में सभी सार्वजनिक भवनों के डिस्मेंटल कार्यों में पारदर्शी टेंडर और नीलामी प्रक्रिया अनिवार्य की जाए।

**आंदोलन की चेतावनी:** कांग्रेस नेताओं और पार्षदों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। वहीं शिकायत मिलने के बाद अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री ने मामले की जांच कराने का भरोसा दिया है।

### इनका कहना है

नगर पालिका द्वारा शासकीय भवनों का डिस्मेंटल पूरी तरह अपारदर्शी तरीके से किया गया है। बिना टेंडर और नीलामी के भवन तोड़ना सीधे-सीधे नियमों का उल्लंघन है। भवनों से निकली सामग्री का भौतिक सत्यापन और स्वतंत्र मूल्यांकन कराया जाना चाहिए, ताकि नगर पालिका को हुए नुकसान की सच्चाई सामने आ सके।
**जयंत घोड़े,**
अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी पांढुरना

मेरी बिना सहमति के निगरानी समिति में नाम जोड़ दिया गया। मुझे किसी बैठक में नहीं बुलाया गया। यह पूरी प्रक्रिया को वैध दिखाने का प्रयास है। हम चाहते हैं कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई हो।
**सुरेश सुरजुसे**, नेता प्रतिपक्ष

डिस्मेंटल कार्य शुरू होने से पहले ही अधिकारी क्वार्टर से सामग्री हटाई गई, जिससे मामला संदेहास्पद लग रहा है। शासकीय संपत्ति का इस तरह उपयोग होना गंभीर विषय है और इसकी उच्च स्तरीय जांच होना जरूरी है।
**यादवराव ढोबले**, भाजपा पार्षद

# सरकार की मंशा—हर व्यक्ति तक पहुंचे स्वास्थ्य और विकास : नरेन्द्र सिंह तोमर

## पोरसा को मिली आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की सौगात, 50 बिस्तरीय अस्पताल का लोकार्पण



**मुरैना।** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं आम जनता तक पहुँचना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से केन्द्र एवं प्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इस मंशा को साकार करने के लिए पोरसा क्षेत्र में अनेक विकास कार्य कराए गए हैं। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर शुक्रवार को पोरसा विकासखंड में 17 करोड़ 32 लाख 90 हजार रुपये की लागत से निर्मित 50 बिस्तरीय नव निर्मित सिविल अस्पताल एवं 06 एफ-टाइप तथा 06 जी-टाइप आवासीय गृहों के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सांसद शिव मंगलसिंह तोमर, चंबल आयुक्त सुरेश कुमार, कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़, पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा, समाजसेवी कमलेश कुशवाह, डॉ. योगेशपाल गुप्ता, जनपद अध्यक्ष पोरसा मती अनुराधा देवेश तोमर, नगर पालिका अध्यक्ष पोरसा मती कुशमा रामवीर सिंह तोमर, पूर्व विधायक कमलेश जाटव, सत्यप्रकाश सखवार, कमलेश सुमन, एसडीएम अंबाह रामनिवास सिकरवार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पद्मेश उपाध्याय, बीएमओ सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय महिला-पुरुष उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि आज अत्यंत प्रसन्नता का अवसर है कि 50 बिस्तरीय सिविल हॉस्पिटल का लोकार्पण किया जा रहा है। इसके निर्माण से अब गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि अम्बाह, मुरैना, जौरा, कैलारस, सबलगढ़, विजयपुर एवं श्योपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने विशेष ध्यान दिया है, जिसके परिणामस्वरूप व्यापक परिवर्तन देखने को मिले हैं।

उन्होंने कहा कि कोई भी सार्वजनिक संरचना एक बार बन जाने के बाद आने वाले कई वर्षों तक लोगों को लाभ पहुंचाती है। सरकारी अस्पताल गरीबों के उपचार का सबसे बड़ा माध्यम हैं। लोगों को सरकारी सुविधाओं का उपयोग करते हुए उन पर विश्वास करना चाहिए। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों से भी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा कि अनावश्यक रूप से मरीजों को मुरैना या ग्वालियर रेफर न किया जाए। केवल गंभीर स्थिति होने पर ही मरीजों को रेफर किया जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर बेहतर उपचार उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि पोरसा शहर में पहले 30 बिस्तरों का अस्पताल था, जिसे अब 50 बिस्तरीय सिविल हॉस्पिटल में परिवर्तित किया गया है। चिकित्सकों के आवास भी निर्मित किए गए हैं, जिससे डॉक्टर बेहतर तरीके से लोगों का उपचार कर सकें। उन्होंने कलेक्टर को पोरसा एवं जौरा में पोस्टमार्टम भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने के लिए कहा ताकि यह सुविधा भी लोगों को सहज रूप से मिल सके।


## अधर्म के खिलाफ आवाज उठाना ही धर्म है : श्यामसुंदर दास महाराज

**जौरा।** जौरा अधर्म के खिलाफ आवाज उठाना ही धर्म है धर्म की रक्षा के लिए ही श्री राम भगवान ने धरती पर अवतार लिया धर्म की रक्षा की धर्म विरोधियों को परास्त किया ऐसा कहना था श्री राम कथा के पहले दिन अयोध्या से पधारे कथावाचक श्यामसुंदर दास जी महाराज का अग्रसेन भक्त मंडल के तत्वाधान में अग्रवाल धर्मशाला में शुक्रवार से प्रारंभ हुई। श्री राम कथा से पूर्व नगर में भव्य एवं आकर्षक ढंग से कलश यात्रा निकाली गई पुराना जौरा स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर से यात्रा का श्री गणेश विधि विधान मंत्र उपचार के साथ हुआ यात्रा में गर्मी का मौसम होने के बावजूद महिलाएं एवं पुरुष भक्ति भाव के साथ कलश लेकर चल रहे थे जगह-जगह यात्रा का स्वागत हुआ पुष्प भी बरसाए गए। कथावाचक श्याम सुंदर दास जी महाराज का स्वागत सत्कार भी नगर की व्यापारियों समाजसेवियों ने अपने-अपने निवास प्रतिष्ठानों पर किया कलश यात्रा सदर बाजार तहसील चौराहा नया बाजार चंद्रशेखर आजाद रोड होते हुए कथा स्थल अग्रवाल धर्मशाला पहुंची कथा की पहले दिन महाराज श्यामसुंदर दास जी ने अपने मुखारविंद से कथा का श्रवण करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने धर्म की रक्षा के लिए ही धरती पर अवतार लिया दुष्टों एवं धर्म का विरोध करने वाले अधर्मियों का नाश किया जो धर्म की राह पर चलते हैं उन्हें हमेशा भगवान का आशीर्वाद भी मिलता है श्री राम कथा 15 मई से 23 मई तक चलेगी कथा स्थल पर महिलाओं के लिए अलग से बैठने की विशेष व्यवस्था भी की गई है।



# रेल्वे ओवरब्रिज के लिए 28.61 करोड़ का टेंडर मंजूर

**पांढुरना।** शहरवासियों के लंबे समय से प्रतीक्षित पांढुरना-अमरावती मार्ग स्थित प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य को आखिरकार बड़ी प्रशासनिक सफलता मिल गई है। बुधवार को लोक निर्माण विभाग के सेतू विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई, जिससे अब ओवरब्रिज निर्माण कार्य को जल्द गति मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस महत्वाकांक्षी परियोजना की अनुमानित लागत 30.61 करोड़ रुपये तय की गई थी। टेंडर प्रक्रिया में कुल तीन कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें रायसिंग एंड कंपनी, राजेंद्र सिंह किलेदार कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. बैतूल एवं विद्या प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. शामिल रहीं। टेंडर खोलने के बाद सबसे कम 28.61 करोड़ रुपये की बोली रायसिंग एंड कंपनी द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसके आधार पर विभागीय स्तर पर टेंडर स्वीकृत कर दिया गया है। रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति मिलने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। लंबे समय से रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम और आवागमन की परेशानी से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। यह ओवरब्रिज पांढुरना शहर के यातायात को सुगम बनाने के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा नेताओं के प्रयासों की सराहना की जा रही है। छिंदवाड़ा-पांढुरना के सांसद विवेक बंटी साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड, पूर्व मंत्री नाना मोहोड, भाजपा जिला उपाध्यक्ष उज्ज्वल सिंह चौहान एवं नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे के निरंतर प्रयासों को इस परियोजना की सफलता का प्रमुख आधार माना जा रहा है।



## गांधी आश्रम में 'भाई जी बाल मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल' का शुभारंभ

# शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति : पी. वी. राजगोपाल



**समय जगत, जौरा।** शिक्षा, संस्कार और सामाजिक चेतना को नई दिशा देने की पहल के रूप में महात्मा गांधी सेवा आश्रम, जौरा परिसर में 'भाई जी बाल मंदिर इंग्लिश मीडियम विद्यालय' का शुभारंभ प्रख्यात गांधीवादी चिंतक पी. वी. राजगोपाल के करकमलों द्वारा गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं नगर-ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए पी. वी. राजगोपाल ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति शिक्षा से ही संभव है। बच्चों को केवल पुस्तक ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिकता, अनुशासन, सेवा भावना और मानवता की शिक्षा देना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही कल देश और समाज की दिशा तय करेंगे तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त कर पूरे अंचल का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय प्रबंधन द्वारा बताया गया कि सी.बी.एस.ई. पद्धति पर आधारित इस विद्यालय में आधुनिक इंग्लिश मीडियम शिक्षा के साथ गांधीवादी संस्कारों को भी विशेष महत्व दिया जाएगा। साथ ही ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग कक्षाएं भी संचालित की जाएंगी, जिससे ग्रामीण एवं सामान्य परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिल सके। कार्यक्रम में डोंगर शर्मा, रमेश शर्मा, रामदत्त सिंह तोमर, दिलीप जैन, प्रफुल्ल कुमार श्रीवास्तव, हाजी साकिर सहित अनेक समाजसेवियों एवं बुद्धिजीवियों ने सहभागिता की।

## आज शनिश्चरी अमावस्या पर आयोजित होगा मेला

**मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के अंतर्गत देवस्थान श्री शनिदेव मंदिर, ग्राम ऐंती में 16 मई 2026 को शनिश्चरी अमावस्या के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत ने 15 से 17 मई 2026 तक खनिज परिवहन करने वाले भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। अपर कलेक्टर ने बताया कि शनिचरा पहाड़ी के आसपास पत्थर खदानें स्थित हैं, जहां से खनिजों का परिवहन शनिचरा मार्ग से होकर किया जाता है।

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा एवरेस्ट प्रेस ई-49/8 औखला, इंडस्ट्रीयल-एरिया प्लॉट-2 प्रींटिंग प्रेस से मुद्रित एवं बी-125 सादतपुर कालोनी दिल्ली-110094 से प्रकाशित। RNI NO. DELHIN/2005/14553, **प्रधान संपादक:** अशोक त्रिपाठी * **संपादक** अनिल श्रीवास्तव * **समाचार संपादक** सौरभ वार्ष्णेय
**दिल्ली कार्यालय :** एस-557, हीरा कॉम्पलेक्स 203 द्वितीय तल मुख्य मार्ग शकरपुर दिल्ली- 01142173537, 9899589700, **भोपाल कार्यालय** - 9, रायल हाउस, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-1, भोपाल। **फोन :** 0755-4273868, 4203479 **फैक्स :** 4094417 **ई-मेल** dainiksamayjagat.delhi@gmail.com *(समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)

# रीवा के निजी अस्पतालों में मरीजों से लूट–खसोट, इलाज के नाम पर मनमानी फीस वसूली

## स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी से बढ़ी लोगों की परेशानी

**रीवा।** शहर के निजी अस्पतालों में इलाज अब आम आदमी की पहुंच से धीरे-धीरे दूर होता जा रहा है। निजी अस्पतालों द्वारा मनमाने तरीके से फीस वसूली और नियमों की अनदेखी ने मध्यम एवं गरीब वर्ग की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मरीजों और उनके परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन बीमारी से ज्यादा मरीज की आर्थिक स्थिति देखकर शुल्क तय कर रहे हैं। जांच, दवाइयों, भर्ती और ऑपरेशन के नाम पर हजारों रुपये वसूले जा रहे हैं, जबकि स्वास्थ्य विभाग इस पूरे मामले में मूकदर्शक बना हुआ है। शहर में लगातार बढ़ रहे निजी अस्पतालों की संख्या के साथ मरीजों की परेशानियां भी बढ़ रही हैं। इलाज कराने पहुंचे लोगों का कहना है कि निजी अस्पतालों में प्रवेश करते ही सबसे पहले मोटी फीस वाली पर्ची काटी जाती है। कई अस्पतालों में डॉक्टर से मिलने के पहले ही 500 रुपये या उससे अधिक की फीस जमा करनी पड़ती है। इसके बाद मरीज को सामान्य बीमारी होने पर भी कई प्रकार की जांचें लिख दी जाती हैं। मरीज और परिजन बीमारी से ज्यादा अस्पताल के बढ़ते बिल को देखकर परेशान हो जाते हैं।मरीजों का कहना है कि निजी अस्पतालों में इलाज से पहले जांच कराने का दबाव बनाया जाता है। कई मामलों में ऐसी जांचें भी लिख दी जाती हैं जिनकी आवश्यकता तक नहीं होती। डॉक्टरों द्वारा अस्पताल में उपलब्ध लगभग सभी जांचें मरीज को कराने के लिए कहा जाता है। गंभीर मरीजों के मामले में तो प्राथमिक उपचार शुरू करने से पहले ही हजारों रुपये जमा करा लिए जाते हैं। महिलाओं के प्रसव के मामलों में भी निजी अस्पतालों की मनमानी सामने आ रही है।

सामान्य प्रसव से लेकर सिजेरियन डिलीवरी तक के लिए 25 हजार से 60 हजार रुपये तक की फीस वसूली जा रही है। गरीब और मध्यम वर्ग के परिवार मजबूरी में कर्ज लेकर इलाज कराने को विवश हैं। कई महिलाओं के परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पतालों द्वारा सोनोग्राफी और अन्य जांचों के लिए एक निश्चित सेंटर पर भेजा जाता है, जहां मनमाना शुल्क लिया जाता है। शहर के कई सोनोग्राफी सेंटर और पैथोलॉजी लैब में भी रेट सूची प्रदर्शित नहीं है। मरीजों से उनकी स्थिति देखकर शुल्क लिया जाता है। कुछ लैब में एक ही जांच के अलग-अलग मरीजों से अलग-अलग पैसे लेने की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही।नियमों के अनुसार प्रत्येक निजी अस्पताल में इलाज, जांच, ऑपरेशन और वार्ड शुल्क की रेट सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य है। लेकिन शहर के अधिकांश अस्पतालों में यह नियम सिर्फ



कागजों तक सीमित है। मरीजों को पहले से यह जानकारी ही नहीं मिल पाती कि किस सेवा के लिए कितना शुल्क लिया जाएगा। अस्पताल में भर्ती के बाद जब बिल सामने आता है, तब मरीज और उनके परिजन हैरान रह जाते हैं। कई अस्पतालों में जनरल वार्ड और निजी वार्ड की फीस तक स्पष्ट रूप से नहीं लिखी गई है। मरीजों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन मरीज की मजबूरी का फायदा उठाते हुए मनमाने तरीके से बिल तैयार करते हैं। इलाज के दौरान दवाइयों और इंजेक्शन तक के अलग-अलग शुल्क वसूले जाते हैं।निजी अस्पतालों में बढ़ती मनमानी के बीच स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि विभाग द्वारा समय-समय पर अस्पतालों की जांच नहीं की जाती। कई अस्पताल ऐसे हैं जहां न तो रेट सूची लगी है और न ही जरूरी प्रमाण पत्र प्रदर्शित किए गए हैं, फिर भी उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होती।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि निजी अस्पतालों पर प्रभावी निगरानी नहीं होने के कारण अस्पताल संचालकों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। यदि नियमित निरीक्षण हो और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाए तो मरीजों को राहत मिल सकती है।नियमों के अनुसार निजी अस्पतालों में कई व्यवस्थाएं अनिवार्य हैं। इनमें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का प्रमाण पत्र, सीएमएचओ कार्यालय का पंजीयन, अग्निशमन यंत्र, योग्य डॉक्टर और प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता शामिल है। साथ ही पैथोलॉजी जांच, ऑपरेशन और वार्ड शुल्क की सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करना भी जरूरी है।लेकिन हकीकत में शहर के कई अस्पतालों में इन नियमों का पालन नहीं किया जा रहा। कुछ अस्पतालों में अग्निशमन व्यवस्था तक अधूरी है। वहीं कई जगह डॉक्टरों और स्टाफ की योग्यता संबंधी जानकारी भी सार्वजनिक नहीं की गई है। निजी अस्पतालों की बढ़ती फीस का सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। गंभीर बीमारी की स्थिति में परिवारों को जमीन बेचने, कर्ज लेने या गहने गिरवी रखने तक की नौबत आ रही है।

कई लोग सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त सुविधाएं न मिलने के कारण मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख करते हैं और आर्थिक शोषण का शिकार बन जाते हैं।सामाजिक संगठनों ने भी प्रशासन से मांग की है कि निजी अस्पतालों की फीस तय की जाए और नियमित जांच अभियान चलाया जाए। लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य जैसी संवेदनशील सेवा को केवल कमाई का जरिया नहीं बनाया जाना चाहिए। शहरवासियों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि निजी अस्पतालों की जांच कर नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए। अस्पतालों में रेट सूची अनिवार्य रूप से लगवाई जाए और मरीजों से अतिरिक्त शुल्क वसूले जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो आम आदमी के लिए निजी अस्पतालों में इलाज कराना और मुश्किल हो जाएगा। रीवा में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उठ रहे ये सवाल अब प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। जरूरत इस बात की है कि मरीजों के हितों को प्राथमिकता देते हुए निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाए, ताकि इलाज लोगों के लिए राहत बने, बोझ नहीं।

## टू-व्हीलर, फोर-व्हीलर गैराज और होटलों में सिमट रहा बचपन

### स्कूल की जगह मजदूरी कर रहे मासूम

# गृहस्थी के बोझ तले दबा बचपन

**रीवा।** शहर से लेकर गांव तक इन दिनों एक चिंताजनक तस्वीर तेजी से सामने आ रही है। जहां एक ओर सरकार बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और बाल श्रम रोकने के लिए अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर गरीबी और मजबूरी के कारण कई मासूमों का बचपन मजदूरी की भेंट चढ़ता जा रहा है। कोई बच्चा होटल में जूठे बर्तन साफ कर रहा है, कोई ढाबे में ग्राहकों को पानी और खाना परोस रहा है, तो कोई टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर गैराज में दिनभर औजार उठाकर गाड़ियों की मरम्मत करते दिखाई दे रहा है। इन बच्चों के हाथों में किताबों और कॉपियों की जगह अब पाना, पेचकस, कपड़ा और बर्तनों की टोकरी नजर आने लगी है। गर्मी की छुट्टियां शुरू होते ही बाल मजदूरी के मामलों में और अधिक बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। शहर के प्रमुख बाजारों, चौराहों, बस स्टैंड, ढाबों, चाय दुकानों, वाहन सुधार केंद्रों और निर्माण स्थलों पर बड़ी संख्या में नाबालिग बच्चे काम करते दिखाई दे रहे हैं। सुबह सूरज निकलने से पहले काम पर पहुंचने वाले ये मासूम देर रात तक मजदूरी करते रहते हैं। इतनी कम उम्र में जिम्मेदारियों का बोझ इनके चेहरे की मासूमियत छीनता जा रहा है।



**स्कूल छोड़ मजदूरी की राह पर बच्चे:** सबसे दुखद पहलू यह है कि इन बच्चों का स्कूल जाना लगभग बंद हो चुका है। कई बच्चे ऐसे हैं जिन्होंने गरीबी के कारण पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। कुछ बच्चे कभी स्कूल पहुंचे ही नहीं, जबकि कई बच्चे छुट्टियों के बाद भी स्कूल लौट नहीं पाते। माता-पिता की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे बच्चों को पढ़ाने के बजाय काम पर भेजना ज्यादा जरूरी समझते हैं। यही कारण है कि शिक्षा से दूर हो रहे ये बच्चे कम उम्र में ही मजदूरी की दुनिया में धकेल दिए जाते हैं।होटलों और ढाबों में काम करने वाले बच्चों से सुबह सफाई करवाने से लेकर बर्तन धुलवाने, चाय पहुंचाने और ग्राहकों को खाना परोसने तक का काम कराया जाता है। वहीं गैराजों में काम करने वाले बच्चे गाड़ियों की सफाई, पंचर बनाना, इंजन के पुर्जे पकड़ाना, तेल बदलना और वाहन धोने जैसे काम करते हैं। दिनभर मेहनत करने के बावजूद इन्हें बेहद कम मजदूरी दी जाती है।

**कम पैसों में ज्यादा काम:** दुकानदार और गैराज संचालक भी बच्चों को काम पर रखने में इसलिए रुचि दिखाते हैं क्योंकि वे कम पैसे में ज्यादा काम कर लेते हैं। जहां एक वयस्क मजदूर 300 से 400 रुपये प्रतिदिन की मांग करता है, वहीं बच्चे 70 से 100 रुपये में पूरा दिन काम करने को मजबूर हो जाते हैं। कई स्थानों पर तो बच्चों को मजदूरी के नाम पर केवल खाना और चाय देकर ही काम कराया जाता है।गैराजों में काम करने वाले बच्चों की स्थिति और भी खराब है। यहां उन्हें भारी औजार उठाने पड़ते हैं, गाड़ियों के नीचे घुसकर काम करना पड़ता है और कई बार चोट लगने का खतरा भी बना रहता है। तेल, ग्रीस और धुएं के बीच घंटों काम करने से उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। बावजूद इसके जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई सख्त कार्रवाई दिखाई नहीं देती।

**हुनर सीखने के नाम पर हो रहा शोषण:** कुछ अभिभावकों की सोच भी बाल मजदूरी को बढ़ावा दे रही है। कई माता-पिता का मानना है कि पढ़ाई से नौकरी की गारंटी नहीं मिलती, इसलिए बच्चों को कम उम्र से ही कोई काम सीख लेना चाहिए। इसी सोच के चलते कई बच्चों को टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर गैराजों में भेज दिया जाता है। शुरुआत में काम सीखने के नाम पर बच्चों से सफाई और छोटे-मोटे काम करवाए जाते हैं, लेकिन धीरे-धीरे उनसे पूरे दिन मजदूरी करवाई जाने लगती है।गैराज संचालक बच्चों को आराम करने तक का समय नहीं देते। सुबह से शाम तक लगातार काम करने के बाद भी बच्चों को न तो पर्याप्त मजदूरी मिलती है और न ही सुरक्षा। कई बार बच्चों को डांट-फटकार और मारपीट तक झेलनी पड़ती है। इसके बावजूद परिवार की मजबूरी के कारण वे काम छोड़ नहीं पाते।

**ढाबों और होटलों में बीत रहा बचपन:** शहर के कई ढाबों और होटलों में नाबालिग बच्चे खुलेआम काम करते दिखाई देते हैं। कोई ग्राहकों को पानी दे रहा है तो कोई जूठे बर्तन साफ कर रहा है। कई बच्चे गर्म तंदूर और चूल्हों के बीच खाना बनाने में मदद करते नजर आते हैं। इतनी कम उम्र में कठिन मेहनत करने से उनके मानसिक और शारीरिक विकास पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है।कुछ बच्चों ने बताया कि वे सुबह से रात तक काम करते हैं और महीने के अंत में मिलने वाले पैसों से परिवार का खर्च चलता है। परिवार की गरीबी के कारण वे चाहकर भी स्कूल नहीं जा पाते। कई बच्चों के मन में पढ़ने की इच्छा आज भी जिंदा है, लेकिन हालात उन्हें मजदूरी करने पर मजबूर कर रहे हैं।

**जिम्मेदार विभागों की अनदेखी:** बाल श्रम रोकने के लिए कानून बने हुए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका पालन कमजोर नजर आता है। श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और प्रशासन की ओर से समय-समय पर अभियान चलाने की बातें जरूर होती हैं, लेकिन शहर में खुलेआम हो रही बाल मजदूरी पर रोक नहीं लग पा रही। होटल, ढाबों, गैराजों और निर्माण स्थलों पर बच्चों से काम कराना आम बात बन चुकी है। बसों और टैक्सियों में भी कई नाबालिग बच्चे खलासी का काम करते दिखाई देते हैं। वाहन चेकिंग के दौरान भी इन बच्चों पर ध्यान नहीं दिया जाता। यही वजह है कि बाल श्रम धीरे-धीरे सामान्य होता जा रहा है और बच्चों का भविष्य अंधकार में डूबता जा रहा है।

**बचपन बचाने की जरूरत:** समाज और प्रशासन दोनों को मिलकर इस गंभीर समस्या पर ध्यान देने की जरूरत है। केवल अभियान चलाने से समस्या खत्म नहीं होगी, बल्कि गरीब परिवारों को आर्थिक सहायता और बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रभावी प्रयास करने होंगे। यदि समय रहते इन मासूमों को स्कूलों तक नहीं पहुंचाया गया, तो उनका भविष्य हमेशा के लिए मजदूरी की चक्की में पिस जाएगा। हर बच्चे का अधिकार है कि वह स्कूल जाए, पढ़े-लिखे और अपने सपनों को पूरा करे। लेकिन जब बचपन ही जिम्मेदारियों के बोझ तले दब जाए, तो सपने भी अधूरे रह जाते हैं। रीवा सहित पूरे जिले में बढ़ती बाल मजदूरी अब एक गंभीर सामाजिक चिंता बन चुकी है, जिस पर तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है।

## वैदिक साहित्य एवं भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर गुणवत्ता संवर्धन व्याख्यान का आयोजन





**रीवा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, रीवा (मध्यप्रदेश) के भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ द्वारा वैदिक साहित्य एवं भारतीय ज्ञान परंपरा÷ विषय पर गुणवत्ता संवर्धन व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का गरिमामय शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं वक्ता प्रो. देवेन्द्र प्रसाद मिश्र (आचार्य एवं अध्यक्ष, वेद विभाग, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली), महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रवीन्द्रनाथ तिवारी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. शिवकुमार दुबे और प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. केशरकली तिवारी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत गुलाब के पौधे भेंटकर किया गया, जिसके पश्चात छात्राओं सौम्या तिवारी एवं नैन्सी सिंह ने मधुर संस्कृत स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके पश्चात डॉ. केशरकली तिवारी ने अपना स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए भारतीय संस्कृति में अतिथियों के सत्कार की गौरवशाली परंपरा पर प्रकाश डाला और कहा कि हमारे ज्ञान के समस्त स्रोतों का मूल आधार वेद ही हैं। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. शिवकुमार दुबे ने विषय प्रवर्तन किया। उन्होंने कर्म, पाप एवं प्रायश्चित की महत्ता को रेखांकित करते हुए अष्टावक्र और उनके पिता की मृत्यु से संबंधित कथा का उद्धरण दिया, तथा वर्तमान मानव समाज में वैदिक ज्ञान की प्रासंगिकता और एक मजबूत भावी पीढ़ी के निर्माण में इसकी भूमिका को विस्तार से समझाया। मुख्य वक्ता प्रो. देवेन्द्र प्रसाद मिश्र ने अपने व्याख्यान के प्रारंभ में साहित्य के महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा कि अंधकार है वहाँ जहाँ आदित्य नहीं है, अंधा है वह देश जहाँ साहित्य नहीं है। उन्होंने संस्कृत को %आत्मा की भाषा% बताते हुए ज्ञान की अवधारणा को स्पष्ट किया और कहा कि ज्ञान का वास्तविक स्वरूप सत्य का बोध कराना है। उन्होंने स्वाध्याय को अपनी वेद शाखा के अध्ययन से जोड़ा और बताया कि मूल रूप से वेद एक ही था, जिसे महर्षि वेदव्यास ने लोक-कल्याण के लिए चार भागों में विभाजित किया था। अपने वक्तव्य को पुष्ट करने के लिए उन्होंने महर्षि मनु का संदर्भ दिया कि वेद में समस्त विद्याओं का ज्ञान समाहित है, तथा अभिनवगुप्त का उल्लेख करते हुए बताया कि सारी भाषाएँ देवी का ही स्वरूप हैं।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रवीन्द्रनाथ तिवारी ने अपने उद्बोधन में मनुष्य और पशु के स्वभाव की तुलना करते हुए बताया कि 84 लाख योनियों में केवल मनुष्य योनि ही कर्म योनि है। उन्होंने यह विश्वास भी व्यक्त किया कि आने वाले समय में भारतीय ज्ञान परंपरा ही पूरी दुनिया को सही दिशा दिखाने का सामर्थ्य रखती है। संपूर्ण कार्यक्रम का अत्यंत कुशल संचालन डॉ भारतेन्दु मिश्र द्वारा किया गया। अंत में डॉ. प्रीति विश्वकर्मा ने उपस्थित सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

## नीट पेपर लीक को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**रीवा ।** देश की प्रतिष्ठित नीट परीक्षा में हुए कथित पेपर लीक प्रकरण में संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं। लाखों मेहनती विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की आशाओं के साथ हुए इस अन्याय के विरोध में तथा दोषियों पर कठोर कार्यवाही करने एवं पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 16 मई 2026 को सायं 6:30 बजे मशाल जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया है। यह मशाल जुलूस विवेकानंद पार्क से प्रारंभ होते हुए मानस भवन, प्रकाश चौराहा से होतेशिल्पी प्लाजा तिराह मे जुलूस का समापन होगा। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा एवं शहर अध्यक्ष अशोक पटेल 'झब्बू' ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, महापौर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, जिले के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष/ब्लॉक प्रभारीगण, प्रदेश प्रतिनिधि, नगर निगम रीवा के वर्तमान एवं पूर्व पार्षदगण, पार्षद प्रत्याशी, महिला कांग्रेस, सेवादल, अल्पसंख्यक विभाग, युवक कांग्रेस, एन.एस.यू.आई., मोर्चा संगठन, विभाग एवं प्रकोष्ठ, आई.टी. सेल, जिले के सभी नगर अध्यक्ष, मण्डलम एवं बूथ कमेटी के पदाधिकारीगण सहित समस्त कांग्रेसजनों से सायं 6:30 बजे विवेकानंद पार्क के समक्ष पहुंचकर मशाल जुलूस में शामिल होने की अपील की है।

### राज्य स्तरीय समर कैंप में प्रदेश स्तर पर दूसरे स्थान पर है रीवा

# खेलों में अब रीवा भी अव्वल श्रेणी में

**रीवा।** खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित आरोह 2026 समर कैंप का संचालन कलेक्टर/पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के उपलब्ध विभिन्न खेल मैदानो पर 17 खेलों का संचालन जिसमें युवक व युवतियो के लिए एक सैकडा प्रशिक्षकों के द्वारा युवा खिलाड़ियों के प्रतिभा को सवारने में लगे है, खेल परिसर की विभिन्न खेल सुविधाओ का लाभ उठाते हुये सैकडो खिलाडी प्रशिक्षण अभ्यास के लिए प्रातः 05:30 से एवं शाम 05:00 बजे से लगातार आ रहे है मध्यप्रदेश में इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, भोपाल, उज्जैन जिलों से भी अधिक खिलाडी रीवा में ऑनलाईन पंजीयन हुये है, रीवा मध्यप्रदेश में दूसरे स्थान पर है क्रमाशः धार 2328 एवं रीवा 2138 ग्वालियर 1977, उज्जैन 1970, सिवनी 1899 खिलाड़ी पंजीकृत हुये है, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में प्रतिदिन युवा खिलाड़ियों का मेडिकल चेकअप प्रति शनिवार पालको के लिए फनी गेम व मनोरंजनात्मक खेल सामाजिक बुराईयों से दूर रहे, सायबर पुलिस क्राईम द्वारा मोटिवेशनल एडिक्शन आदि विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है,



ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर (आरोह 2026) ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के युवाओं को खेल को सर्व सुलभ बनाने के उद्देश्य से निम्नानुसार खेलो को शामिल किया गया ,जिसमें बास्केटबाल, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स रीवा एवं सरदार पटेल जेपी स्कूल रीवा, व्हॉलीबाल, टी.आरएस कॉलेज रीवा, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स रीवा, चिरहुला कॉलोनी रीवा, कबड्डी- सरस्वती स्कूल निराला नगर रीवा, टी.आरएस कॉलेज रीवा, कराते- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स रीवा, कला मंदिर, महिला सेल्फ डिफेन्स- पाण्डेन टोलो, पुलिस लाईन, एथलेटिक्स- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, टी.आरएस कॉलेज रीवा, फुटबाल- एसएएफग्राउण्ड रीवा, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स रीवा, टी.आरएस कॉलेज, ताईक्वांडो- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स रीवा, मार्तण्ड स्कूल क्र-03, टेबल-टेनिस- मेडिकल कॉलेज, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, हैण्डबाल- एनसीसी ग्राउण्ड, अगडॉल, तीरंदाजी- महाराजा पब्लिक स्कूल, बॉक्सिंग- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, खो-खो- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, एनसीसी ग्राउण्ड, मॉडल स्कूल, क्रिकेट- एपीएस खेल मैदान, वेटलिफ्टिंग- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, बैडमिन्टन- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, वेंकट क्लब, शतरंज- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, बुशू- दून पब्लिक स्कूल। ग्रामीण क्षेत्रों में विकासखण्डवार रायपुर कर्चुलियान में फुटबाल, कबड्डी-श्रीमती ज्योति सिंह , 9713583388, ब्लॉक सिरमौर में कबड्डी एवं खो-खो, श्रीमती वंदना सिंह 9644773929, ब्लॉक गंगेव में व्हॉलीबाल एवं एथलेटिक्स श्री विकास कुमार सोनी 9200688980 , ब्लॉक जवा में व्हॉलीबाल एवं एथलेटिक्स श्री नीरज कुमार द्विवेदी 6262252379, ब्लॉक हनुमना में व्हॉलीबाल एवं फुटबाल श्रीमती पुष्पादेवी पटेल 9691047124, ब्लॉक रीवा में फुटबाल एवं कबड्डी श्री दिलीप सिंह 826535523, ब्लॉक त्योथर में व्हॉलीबाल एवं एथलेटिक्स, श्रीमती प्रतिभा खरे 9981389629, ब्लॉक मऊगंज में फुटबाल एवं कराते श्री अमर पासी 9685074255, ब्लॉक नईगढी श्री आर.जे. खॉन एवं श्री विक्रम दीपांकर से संपर्क कर ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित होने हेतु सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकतें। श्री एम.के धौलपुरी, संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी द्वारा खिलाडियों से आग्रह किया गया है, प्रातः 05:30 से 07:30 बजे तक नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है, तथा खिलाडियो के अभिभावक एवं पालको के बीच मनोरंजनात्मक खेलों का आयोजन प्रति शनिवार को प्रातः 07:00 से किये जाते है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर (आरोह 2026) में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी दिये गये लिंक पर अपना रजिस्ट्रेशन कराकर भाग ले सकते है।

## एक ही प्रोजेक्ट का चौथा भूमिपूजन ! मेयर ने जताई आपत्ति

**रीवा।** रीवा नगर निगम में 12.5 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर नया विवाद सामने आया है। महापौर अजय मिश्रा ने नगर निगम आयुक्त अक्षत जैन को पत्र लिखकर वार्ड-06 में प्रस्तावित भूमिपूजन कार्यक्रम पर कड़ी आपत्ति जताई है। जिसका पहले ही कई बार भूमिपूजन हो चुका, उसका दोबारा कार्यक्रम क्यों? महापौर का कहना है कि जिस परियोजना का भूमिपूजन और लोकार्पण पहले ही हो चुका है, उसका फिर से कार्यक्रम कराना जनता को भ्रमित करना है।

**2009 से 2016 तक हो चुके हैं कार्यक्रम:** महापौर के अनुसार, इस एसटीपी का पहला भूमिपूजन 2009 में हुआ था और उसी साल दूसरा भी हुआ। इसके बाद 2016 में पहला लोकार्पण भी किया जा चुका है। बावजूद इसके अब चौथे भूमिपूजन की तैयारी की जा रही थी, जिस पर उन्होंने आपत्ति दर्ज कराई है।

**जनता में जाएगा गलत संदेश:** महापौर कार्यालय से जारी पत्र में कहा गया कि एसटीपी का निर्माण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने कराया था और इसका लोकार्पण तत्कालीन विधायक व वर्तमान उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल कर चुके हैं। दोबारा कार्यक्रम प्रस्तावित करना प्रशासनिक और



जनमानस दोनों दृष्टि से अनुचित है।

**अनुबंध में सिर्फ कमीशनिंग, निर्माण नहीं:** पत्र में यह भी बताया गया कि ठेकेदार के अनुबंध में केवल कमीशनिंग का प्रावधान है, नए निर्माण का नहीं। ऐसे में दोबारा भूमिपूजन और लोकार्पण कराना संस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करता है। महापौर ने नगर निगम की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए बिना स्वीकृति के नए खर्च को नियमों के विपरीत बताया है।

**एसटीपी अब भी पीएचई विभाग की संपत्ति:** महापौर ने स्पष्ट किया कि संबंधित एसटीपी अभी भी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की संपत्ति है। निर्माण एजेंसी की जिम्मेदारी है कि प्लांट को चालू हालत में नगर निगम को हस्तांतरित किया जाए।

# जिले की जमीन उगलती है कच्ची शराब, जमीन में गाड़कर रखे अवैध शराब के लाहन को किया गया नष्ट

**दतिया।** समूचे दतिया जिले में कच्ची शराब अवैध रूप से बनाने का काम होता चला आ रहा है। अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध पुलिस व आबकारी विभाग कार्यवाही भी करती रहती है परंतु यह धंधा बंद होने का नाम नही ले रहा है। इस धंधे को एक जाति समुदाय विशेष के लोग करते हैं। सरकार द्वारा प्रदेश व देश में सभी जाति वर्ग के लिए अनेक योजनाएं चलाई जाती हैं परंतु इस वर्ष (कंजर) के स्वरूप को बदलने की दिशा में कोई ठोस कदम नही उडाए गए ऐसा प्रतीत होता है जिसके चलते यह लोग आज भी यही धंधा अपनाए हुए हैं। इस धंधे में इन लोगों को आर्थिक हानि भी सहन करना पडती है और सामाजिक स्तर भी गिरती है। पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध शराब विरोधी अभियान के तहत इंदरगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 95 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब एवं करीब 2000 लीटर गुड़ लहान जब्त कर नष्ट किया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है। इंदरगढ़ थाना पुलिस ने भांडेर रोड स्थित भरत कंजर के डेरे पर दबिश दी जहां जमीन के अंदर नीले ड्रमों में बड़ी मात्रा में कच्ची शराब और गुड़ लहान भरा मिला। पुलिस ने जेसीबी की मदद से ड्रम निकलवाकर सामग्री को मौके पर ही नष्ट कराया। कार्रवाई के दौरान आरोपी भरत पुत्र गुड्डन कंजर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इस दौरान टीआई गौरव शर्मा सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

**इंदरगढ़ पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई**



# साफ- सफाई का है घोर अभाव: चेतावनी के बाद भी नहीं जागी नगर पालिका

**समय जगत, टीकमगढ़।** शहर में सफाई व्यवस्था की बदहाली अब सीधे मासूम बच्चों की सेहत पर चोट कर रही है। वार्ड क्रमांक 16, मदीना मस्जिद के पीछे स्थित इंदिरा कॉलोनी में हालात इतने खराब हैं कि गली-गली में भरा गंदा पानी, उठती बदबू और मच्छरों का आतंक लोगों के लिए रोज़ का संकट बन चुका है। लगातार खबरें सामने आने और तस्वीरें उजागर होने के बावजूद नगर पालिका प्रशासन अब भी गहरी नींद में नजर आ रहा है। जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं, जबकि मोहल्ले के लोग नारकीय हालात में जीने को मजबूर हैं।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, बिना बारिश के ही सड़कों पर गंदा पानी जमा रहता है, जिससे मलेरिया और अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। लेकिन सफाई व्यवस्था सुधारने के नाम पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।



**मासूम पर पड़ी मार:** इन्हीं हालातों के बीच 6 साल के मासूम अलकैफ खान की तबीयत बिगड़ गई। उसकी मां फरजाना उसे लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचीं, जहां डॉक्टर ने साफ कहा– बच्चों को साफ-सफाई में रखें और गंदगी से दूर रखें।

**लेकिन बड़ा सवाल यही है**— जब पूरी गली में गंदगी, बदबूदार पानी और मच्छरों का कब्जा हो, तो आखिर एक मां अपने बच्चे को कैसे सुरक्षित रखे?

**वार्ड वासियों का फूटा गुस्सा:** अब वार्ड वासियों का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही हालात नहीं सुधरे, तो वे सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## कार्यालय,नगर पालिक निगम,रतलाम (म0प्र0)

क्रमांक / 943 / लो.नि.वि. / रतलाम, दिंनाक 13.05..2026

:: ई–निविदा आमंत्रण ::

नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है जिसकी विस्तृत जानकारी ऑनलाईन वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है:–

| क्र. | ऑन लाईन निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवंलागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 507166 | वार्ड क्रमांक 02 लक्ष्मणपुरा में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार ।(तृतीय आमंत्रण) | 1- 03 माह 2- 723890/- | 1- 2000/- 2- 14780/- | 27-05-2026 15:30 |
| 2 | 507167 | वार्ड क्रमांक 02 विशाल चौरासी के घर से पुरानी कलाली तक सी.सी. रिन्यूअल कोट कार्य एस्टीमेट अनुसार ।(तृतीय आमंत्रण) | 1- 03 माह 2- 440340/- | 1- 2000/- 2- 8810/- | 27-05-2026 15:30 |
| 3 | 507169 | वार्ड क्रमांक 16 राजेन्द्र नगर श्री जयवंतजी के घर के आस–पास डामरीकरण कार्य एस्टीमेट अनुसार ।(द्वितीय आमंत्रण) | 1- 03 माह 2- 607975/- | 1- 2000/- 2- 12160/- | 27-05-2026 15:30 |
| 4 | 507170 | वार्ड क्रमांक 20 ऋषभ देव नगर मे सी.सी. सड़क निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार ।(तृतीय आमंत्रण) | 1- 03 माह 2- 724900/- | 1- 2000/- 2- 14498/- | 27-05-2026 15:30 |
| 5 | 507171 | विधायक निधि से वार्ड क्रमांक 24 ज्योति नगर संत रविदास चौक चमारिया नाका में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार। (चतुर्थ आमंत्रण) | 1- 03 माह 2- 254030/- | 1- 2000/- 2- 5085/- | 27-05-2026 15:30 |
| 6 | 507172 | वार्ड क्रमांक 25 जुनी कलाल रोरी में डामरीकृत सड़क निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार ।(द्वितीय आमंत्रण) | 1- 03 माह 2- 436090/- | 1- 2000/- 2- 8725/- | 27-05-2026 15:30 |

नोट :– निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेब साईड पर ही किया जावेगा , पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, रतलाम

## संक्षिप्त समाचार

### बिना मंडी शुल्क चुकाए ट्रक से हो रहा था सोयाबीन का परिवहन, मंडी सचिव ने लिया संज्ञान



**समय जगत, आमला।** शुक्रवार दोपहर आमला बोरदेही रोड़ पर देशमुख पेट्रोल पंप के सामने औचक निरीक्षण के दौरान मंडी सचिव शिला खातरकर की टीम ने बिना मंडी शुल्क चुकाए सोयाबीन का परिवहन कर रहे ट्रक को पकड़कर जुर्माना वसूला। मंडी सचिव ने बताया आमला–बोरदेही रोड पर जांच के दौरान ट्रक में 54 क्विंटल सोयाबीन, कुल 90 बोरे भरे मिले। फर्म मोहन बाबूलाल, निवासी आमला के इस ट्रक में सोयाबीन का मूल्य 3,51,000 रुपये आंका गया। बिना मंडी शुल्क परिवहन करने पर नियमानुसार पांच गुना मंडी शुल्क 17,550 रुपये, निराश्रित शुल्क 702 रुपये और समन शुल्क 500 रुपये समेत कुल 18,752 रुपये की वसूली की गई। वही मंडी सचिव ने आमला स्थित साहू फर्म के गोदाम का भी बारीकी से निरीक्षण किया निरीक्षण में खुला ढेर एवं बोरो में रखा हुआ सोयाबीन मॉल मिला जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित की गई। मॉल का मंडी स्टॉक पंजी से मिलान कर शेष बचे मॉल पर कार्यवाही की जाएंगी।

### खेलों से व्यक्ति का होता है शारीरिक व मानसिक विकास : अरुणादित्य देव



**समय जगत, दतिया।** दतिया के ग्राम पहाड़ में आयोजित नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता समापन समारोह में अरुणादित्य देव मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेल जीवन में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आपसी सहयोग की भावना विकसित करते हैं इसलिए युवाओं को खेलों से जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने प्रतियोगिता आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में आयोजन समिति के नवनीत महंत एवं अन्य सदस्यों ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने दभेरा और खेड़ापति क्रिकेट क्लब के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर दोनों टीमों के बीच टॉस कराया। मुकाबले में दभेरा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 4 विकेट पर 126 रन बनाए। अटल तिवारी ने 27 गेंदों पर 66 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में खेड़ापति क्रिकेट क्लब की टीम 101 रन ही बना सकी और दभेरा ने 25 रन से मैच जीत लिया। अटल तिवारी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# स्कॉर्पियो से शराब की तस्करी करते तीन आरोपी हुए गिरफ्तार

**समय जगत, दतिया।** सेवढ़ा थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार, शराब और एक स्कॉर्पियो वाहन सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें एक नाबालिग बालक भी शामिल है। प्रेस को जानकारी देते हुए एसडीओपी सेंवढ़ा अजय चानना एवं टीआई सुनील वानोलिया ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक यूपी 75 वी 2500 में कुछ लोग अवैध हथियार और शराब लेकर गुजरने वाले हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील बनौरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी की। पुलिस को देखकर स्कॉर्पियो चालक ने वाहन तेज गति से भगाने का प्रयास किया और कच्चे रास्ते की ओर मुड़ गया लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर वाहन को रोक लिया। वाहन की तलाशी में 2 देसी कट्टे, 1 देसी अधिया, 4 जिंदा राउंड तथा 7 पेटी अवैध देसी सफेद शराब बरामद की गई। पुलिस ने अंश प्रताप सिंह, अभि चौहान और अनिकेत चौहान के साथ एक नाबालिग को हिरासतमें लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम एवं आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अमित कुमार सिंह छारी पुत्र श्री होतम सिंह वर्तमान पता– प्लॉटन. 394–D, फ्लॅट न. 201, द्वारका हाइट्स –I, सैक्टर –B, सर्वधर्म कोलार रोड, भोपाल म.प्र. के नाम से जाना जाता था मेंने अपना नाम परिवर्तित कर अमित सिंह कर लिया है। भविष्य में भी मुझे मेरे परिवर्तित नाम से जाना पहचाना जाये एवं मेरे सभी दस्तावेजों में यही पढ़ा जाए। भविष्य में अब इसी परिवर्तित नाम से ही हस्ताक्षर करूंगा।

**पुराना नाम : अमित कुमार सिंह छारी**
**परिवर्तित नाम : अमित सिंह**

अमित सिंह
स्थायी पता- ए/8 न्यू विवेक नगर, मेला ग्राउंड के पीछे, संस्कृति गार्डन के सामने, ठाटीपुर, ग्वालियर म.प्र.
वर्तमान पता- प्लॉट न. 394-D, फ्लैट न. 201, द्वारका हाइट्स –I, सैक्टर –B, सर्वधर्म कोलार रोड, भोपाल म.प्र.

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मेरा नाम मदन शीलू पिता बाबूलाल शील (MADAN SHILU S/O BABULAL SHILU) निवासी 72, कुंडाई, ग्राम कुंडाई, कुंडाई, मोहखेड़, छिन्दवाड़ा, म.प्र. हैं। परंतु मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम ककड़ा शीलू पिता बाबूलाल शीलू (KAKDA SHEELU S/O BABULAL SHEELU) अंकित हो गया हैं, जो की गलत है मेरा वास्तविक सही नाम मेरे निर्वाचन आयोग कार्ड में भी दर्ज है।

प्रकाशन उपरांत मेरा नाम मदन शीलू पिता बाबूलाल शील (MADAN SHILU S/O BABULAL SHILU) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावें।

**पुराना नाम-ककड़ा शीलू पिता बाबूलाल शीलू**
**(KAKDA SHEELU S/O BABULAL SHEELU)**

**नया नाम-मदन शीलू पिता बाबूलाल शील**
**(MADAN SHILU S/O BABULAL SHILU)**

# कार्यालय नगर पालिका परिषद आष्टा, जिला सीहोर, म.प्र.

**क्रमांक / 398 / ई-टेण्डरिंग / तक.शा. / न** पा/ 2026 **आष्टा दिनांक 11/05/2026**

**--:: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::--**

एतद द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन (Online) निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट - www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | ऑनलाईन टेंडर नं. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_506745_1 | नगरीय क्षेत्र आष्टा में हेण्डपम्प का गडढे पुनर्भरण निर्माण कार्य। द्वितीय आमंत्रण। | 1 माह 1485042/- | 5000/- 11140/- | 19.05.2026 सायं 17:30 तक |
| 2 | 2026_UAD_506745_2 | नगरीय क्षेत्र आष्टा में घरेलू वर्षा जल संचयन कार्य। द्वितीय आमंत्रण। | 1 माह 1613547/- | 5000/- 11140/- | 19.05.2026 सायं 17:30 तक |
| 3 | 2026_UAD_506745_3 | इन्दौर-भोपाल रोड दरगाह के सामने निर्माणाधीन कार्यालय भवन के पास एवं खसरा क. 117 पर रिक्त भूमि पर Pre Cast RCC बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। तृतीय आमंत्रण। | 2 माह 3115200/- | 5000/- 23365/- | 19.05.2026 सायं 17:30 तक |

**नोट:-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। जी.एस.टी. का भुगतान पृथक से देय होगा। निकाय की वित्तीय स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित ठेकेदार को भुगतान किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **विनोद कुमार प्रजापति** | **कमलेश जैन** | **सिद्धीका बी भूरू भाई** | **हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा** |
| **मुख्य न.पा. अधिकारी** | **प्रभारी** | **उपाध्यक्ष** | **अध्यक्ष** |
| **न.पा.प. आष्टा** | **लो०नि० विभाग, न.पा.आष्टा** | **न.पा.प. आष्टा** | **न.पा.प. आष्टा** |

# पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट : पांच मजदूरों की मौत, घायलों का उपचार जारी



**समय जगत, देवास।** जिले के टोंककलां इलाके में बीते गुरुवार सुबह हुए एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट ने पूरे प्रदेश को दहला दिया है। धमाके में मौत का आंकड़ा बढ़कर 5 हो गया है और घायलों का उपचार जिला अस्पताल देवास, अमलतास अस्पताल देवास और इंदौर के अस्पताल में किया जा रहा है, कुछ घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। मजदूरों का कहना है कि अभी कुछ साथियों की हमे जानकारी नहीं मिली है जिसमें 2 मजदूर लापता बताए जा रहे है। सकुशल मजदूरों को प्रशासन की मदद से वापिस घर भेज दिया गया है।

गुरुवार देर रात मुख्यमंत्री भी घायलों का हाल जानने इंदौर और देवास के अस्पताल पहुंचे थे। देवास विधायक गायत्री राजे पंवार, संसद महेंद्र सिंह सोलंकी, उप मुख्यमंत्री से भी घायलों का हाल जाना। मामले में कलेक्टर ने आरोपी अनिल पिता दिनेश मालवीय एवं आरोपी आजास पिता नजाम खान के विरूद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। कलेक्टर ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध निरुद्ध आदेश जारी कर कहा है कि आरोपियों को तीन माह तक की अवधि के लिए निरुद्ध कर केन्द्रीय जेल भेरूगढ़ उज्जैन में रखा जाएगा। कार्यवाही पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये प्रतिवेदन के आधार पर की गई है।

वही मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने जिले के टोंककला में संचालित आतिशबाजी विनिर्माण/विक्रय फैक्ट्री में घटित घटना की जांच के लिए दल का गठन किया है। दल में अधीक्षण यंत्री विद्युत विभाग देवास, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड देवास और उप संचालक औद्योगिक एवं स्वास्थ्य सुरक्षा देवास को सदस्य बनाया है।

## न्यायालय तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल

RS/444/0700/18109/2025)
प्रकरण क्रमांक /अ-6/24-25

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक शैलेन्द्र गुप्ता, आत्मज डी.एन. गुप्ता, निवासी 403 फोर्थ फ्लोर ब्लॉक 4 बावड़िया भोपाल, म0प्र0 भू0रा0 संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र. 670 आकृति ईको सिटी, दिनांक ग्राम बावड़िया कला, प0ह0न0- ............ स्थित भूमि खसरा नंबर 151/3/1/40, फ्लैट क्र. 403 फोर्थ फ्लोर ब्लॉक A-5 एच.आई.जी ए राईज बावड़िया कला भोपाल भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है।

2- उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 30/04/2026 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 14/4/2026 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील-कोलार भोपाल**

## न्यायालय नजूल अधिकारी, तहसील कोलार, भोपाल

**ईश्तहार**

आवेदकगण श्री नितिन नाहर आ0 श्री राजेन्द्र नाहर व श्री राजेन्द्र नाहर आ0 श्री मानिकलाल नाहर निवासीगण– म.नं. ई–2/118, अरेरा कॉलोनी, शाहपुरा, कोलार, भोपाल द्वारा ग्राम शाहपुरा, स्थित लीज होल्ड दो मंजिला मकान क्रमांक ई–5/105 क्षेत्रफल 4000 वर्गफिट का आवेदकगण के नाम पंजीकृत विक्रय पत्र पंजीयन क्र. MP431GR16952026A10023482 दिनांक 07.01.2026 के आधार पर नामांतरण किए जाने के संबंध में सुसंगत दस्तावेजों सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त पट्टा नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/3/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**तहसील कोलार, भोपाल**

## म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

**आम सूचना**

अयोध्या नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्रमांक एम.आई.जी. 65 (भूतल) सी–1 टाईप, (फ्लैट जी+3) जी–सेक्टर मण्डल द्वारा श्री राधा कृष्णन पिल्लई (आर.के. पिल्लई) आत्मज स्व. श्री वासुदेवन पिल्लइ (स्व. श्री के.वी. पिल्लई), के नाम भाड़ाक्रय खरीद करार के आधार पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 2493 दिनांक 09/11/2005 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 23/11/2005 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। केता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ–पत्र, संयुक्त शपथ–पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री रमन धाकड़ आत्मज श्री जवाहर सिंह धाकड़ के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 23/01/2026 को केता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री रमन धाकड़ आत्मज श्री जवाहर सिंह धाकड़ के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल**

## म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

**आम सूचना**

बागमुगालिया एक्सटेंशन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्रमांक एच.आई.जी. 297 मण्डल द्वारा श्री रूप सिंह मीना आत्मज श्री राम नारायण मीना के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 20/04/2005 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। केता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ–पत्र, संयुक्त शपथ–पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री राजेश कुमार मीना आत्मज श्री डाल चंद मीना एवं श्री रोहित कुमार मीना आत्मज श्री डाल चंद मीना के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 23/02/2026 को केता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री राजेश कुमार मीना आत्मज श्री डाल चंद मीना एवं श्री रोहित कुमार मीना आत्मज श्री डाल चंद मीना के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति /उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल**

## म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

**आम सूचना**

सतलापुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मण्डीदीप जिला रायसेन में भूखण्ड/भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. 59 ए–सेक्टर मण्डल द्वारा श्री रामजीत सिंह आत्मज श्री लालधारी सिंह के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 11/01/1991 को उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 07/11/2025 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। केता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ–पत्र, संयुक्त शपथ–पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती रेखा बाई चौहान पत्नी श्री सुकराम चौहान के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 24/04/2026 को केता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती रेखा बाई चौहान पत्नी श्री सुकराम चौहान के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी /या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल**

## म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

**आम सूचना**

अयोध्या एक्सटेंशन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल भूखण्ड / भवन क्रमांक बी/ एच.आई.जी. 262 मण्डल द्वारा श्री अमित सिंह ठाकुर आत्मज श्री तुलसीराम ठाकुर के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 07/07/2011 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री अमित सिंह ठाकुर द्वारा भवन का विक्रय विलेख दिनांक 23/09/2016 को उप पंजीयक कार्यालय से निष्पादित कराकर श्री घनश्याम सिंह वर्मा आत्मज स्व. श्री जालम सिंह वर्मा को विक्रय कर दिया गया, परन्तु श्री घनश्याम सिंह वर्मा के द्वारा संपत्ति का मण्डल से हस्तान्तरण नही कराया गया। श्री घनश्याम सिंह वर्मा आत्मज स्व. श्री जालम सिंह वर्मा (पति) की दिनांक 22/09/2021 एवं श्री हेमेन्द्र कुमार वर्मा आत्मज स्व. श्री घनश्याम सिंह वर्मा (पुत्र) की दिनांक 02/04/2015 को मृत्यु होने के उपरांत उनकी पत्नी / माता जी श्रीमती यशोदा वर्मा पत्नी स्व. श्री घनश्याम सिंह वर्मा के द्वारा आवेदन पत्र, शपथ–पत्र (स्वयं का), परिवार के अन्य वारिसों का अनापत्ति शपथ–पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए विक्रय विलेख दिनांक 23/09/2016 के आधार पर उक्त संपत्ति अपने नाम नामान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। उनके द्वारा यह शपथ–पत्र भी प्रस्तुत किया है कि भवन के मूल आवंटी श्री अमित सिंह ठाकुर आत्मज श्री तुलसीराम ठाकुर एवं उनके परिवार का वर्तमान में कही पता नही चल रहा है। भविष्य में किसी भी वाद–विवाद हेतु वह स्वयं जिम्मेदार होगी। प्रस्तुत दस्तावेजो एवं विक्रय विलेख दिनांक 23/09/2016 के आधार पर उक्त संपत्ति श्री अमित सिंह ठाकुर आत्मज श्री तुलसीराम ठाकुर के नाम से श्री घनश्याम सिंह वर्मा आत्मज स्व. श्री जालम सिंह वर्मा के नाम पर हस्तान्तरण करते हुए श्रीमती यशोदा वर्मा पत्नी स्व. श्री घनश्याम सिंह वर्मा के नाम पर नामान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो ता 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल**

## ग्रामीण नल जल सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की कवायद

# प्लम्बर, ऑपरेटर एवं वाल्व ऑपरेटरों की कार्यशाला संपन्न

**पन्ना ।** ग्रामीण नल जल सेवाओं को बनाए रखने हेतु प्लम्बर, ऑपरेटर एवं वाल्व ऑपरेटरों की आय, सामाजिक एवं स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन स्वयं सेवी संस्था समर्थन एवं ए एम फाउन्डेसन के सहयोग एवं जिला प्रशासन के समन्वय से जिले मेंआयोजित की गई। जल जीवन मिशन को सुदृढ ,निरंतरता,शुद्ध पेयजल एवं पर्याप्त पानी सब को मिल सके इसके लिये कार्य कर रहा है। ग्राम पंचायतो को योजना के संचालन एवं संधारण का कार्य राज्य सरकार ने सौपा है इस को देखते हुए संस्था ने प्रशिक्षित टीम का कैडर खड़ा कर जिले में एक मॉडल विकसित किया जा रहा है। जिले में आजिविका प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी, ऐश्वर्या महाजन एम3एम फाउन्डेसन, परियोजना अधिकारी संजयसिंह परिहार, एसडीओ पीएचई ए.के अवस्थी,आरसेटी निदेशक



अरविन्द गुप्ता जल निगम प्रबंधक निशा परिहार,राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन प्रमोद शुक्ला श्रम विभाग की टीम , संस्था के बरिष्ठ साथी एवं कार्यक्रम निदेशक देवीदास किशन निमजे की उपस्थिति रहे ।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी ने कहा कि पन्ना जिले को देश में जल प्रदाय योजनाओं के मरम्मत एवं संचालन (ह्न×रू) का मॉडल जिला बनाया जाना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल सेवाएं नियमित एवं सुचारु रूप से संचालित हो सकें। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु जिले में कार्यरत सभी प्लम्बर, ऑपरेटर एवं वाल्व ऑपरेटरों का प्रशिक्षण एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए पंजीयन किया जाएगा। उन्होंने जल जीवन मिशन को सतत एवं प्रभावी बनाए रखने के लिए तकनीकी दल की सुरक्षा, सम्मान और विकास को अत्यंत आवश्यक बताया। स्न३रू फाउंडेशन के ऐश्वर्या महाजन ने कहा कि ÷हमने पूरे देश में ऐसा पहला मॉडल देखा है, जो गांव से जिले तक सहज रूप में संचालित हो रहा है। बिना प्रभावी ह्न×रूव्यवस्था के हर घर जल की परिकल्पना पूर्ण नहीं की जा सकती उल्लेखनीय है कि समर्थन संस्था ने पन्ना जिले में यह पहल ग्रामीण जल प्रणालियों के लिए सुलभ, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण मरम्मत एवं रखरखाव सेवाएं सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। स्थानीय तकनीशियनों को संगठित एवं सशक्त बनाकर यह मॉडल अधिक उत्तरदायी एवं टिकाऊ सेवा व्यवस्था विकसित करने का प्रयास कर रहा है। सेवा वितरण में सुधार के साथ-साथ यह पहल तकनीशियनों के कौशल उन्नयन, पेशेवर क्षमता निर्माण एवं उनकी सामाजिक स्थिति को मजबूत करने पर भी बल देती है। कार्यक्रम में समर्थन से कमलचन्द्र सेन ,उपेन्द्र सिंह चालीराजा,गगन सोनी, आपरेटर एवं जल मित्रों ने सहयोग किया।

# स्वच्छता मित्रों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कलेक्टर ने ली बैठक

## स्वच्छता मित्र हैं समाज के नायक : यादव

**समय जगत, दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि जनसुनवाई में आए स्वच्छता मित्रों द्वारा अपनी समस्याएं बताई गई थीं। समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल उनके निराकरण के उद्देश्य से नगर पालिका के सफाई दरोगाओंए सीएमओ नगरपालिकाए परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण एवं स्वच्छता मित्रों के साथ बैठक आयोजित की गई।



उन्होंने कहा कि वर्तमान में स्वच्छता सर्वेक्षण चल रहा हैए इसलिए यह आवश्यक है कि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार का व्यवधान न हो और नगर की छवि बेहतर बने तथा अच्छी रैंकिंग प्राप्त हो। बैठक में स्वच्छता मित्रों ने बताया कि उन्हें वेतन समय पर नहीं मिलताए एरियर भुगतान में भी असमानता है तथा अब तक सुरक्षा किट उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसके साथ ही उन्होंने दुर्घटना की स्थिति में बीमा सुविधा की मांग भी रखी। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता मित्रों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उनके लिए समूह बीमा कराने का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत किसी दुर्घटना की स्थिति में प्रभावित कर्मचारी को 10 लाख रुपए तक की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि शासन से मिलने वाली चुंगी क्षतिपूर्ति राशि में विलंब होने के कारण वेतन भुगतान प्रभावित होता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि भोपाल स्तर पर संपर्क कर राशि शीघ्र उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जाएगा ताकि प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में ही वेतन भुगतान सुनिश्चित हो सके। स्वच्छता मित्रों द्वारा यह भी बताया गया कि अन्य कर्मचारियों को पहले वेतन दे दिया जाता है और उन्हें बाद में भुगतान किया जाता है। इस पर कलेक्टर ने सीएमओ को निर्देशित किया कि सबसे पहले छोटे कर्मचारियों का वेतन भुगतान किया जाएए उसके बाद अन्य कर्मचारियों को भुगतान किया जाए। बैठक में यह भी सामने आया कि एरियर राशि का 75 प्रतिशत भुगतान कुछ कर्मचारियों को तथा केवल 25 प्रतिशत भुगतान स्वच्छता मित्रो को किया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एरियर राशि का समान रूप से 50-50 प्रतिशत भुगतान किया जाए जिससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ सके।

## संक्षिप्त समाचार

### लंबित प्रकरणों का समय सीमा में करें निराकरण : सौम्या आनंद

**समय जगत, श्योपुर।** सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद की अध्यक्षता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान जनपद पंचायत श्योपुर, कराहल एवं विजयपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, परियोजना अधिकारी, एपीओ, एलडीएम, आजीविका मिशन के अधिकारी एवं संबंधित शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से भी संबंधित अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई। सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद ने बैठक के दौरान अतिरिक्त आंगनवाड़ी भवन, सामुदायिक भवन, आवास एवं अन्य विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर उनके द्वारा लंबित टीएल प्रकरण, जनशिकायतें, सीएम हेल्पलाइन, हाईकोर्ट प्रकरण, विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति एवं निरीक्षण प्रतिवेदनों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने, नियमित मॉनिटरिंग करने एवं विभागीय कार्यों में गुणवत्ता एवं प्रगति बनाए रखने के निर्देश दिए।

### कर्तव्य में लापरवाही पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पर गिरी गाज

**समय जगत, आमला।** ग्राम कोठिया गोपालढाना की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीतू यादव की निरंतर लापरवाही पर एसडीएम शैलेंद्र बड़ोनिया ने सेवा से पृथक करने की कार्रवाई प्रस्ताङ्कित करने के निर्देश दिए हैं। मामला लादी में आयोजित कलेक्टर की रात्रि चौपाल से जुड़ा है, जहां क्लस्टर अधिकारी ने शिकायत की थी कि नीतू यादव नियम अनुसार केंद्र का संचालन नहीं कर रही हैं। कलेक्टर के निर्देश पर परियोजना अधिकारी निर्मल सिंह ठाकुर को नोटिस जारी करने को कहा गया था। मंगलवार को एसडीएम शैलेंद्र बड़ोनिया के निर्देश पर परियोजना अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक पुष्पा खातरकर, भावना चौधरी, रोशनी धुर्वे और बीसी मनोज शर्मा की संयुक्त टीम ने मौके पर जांच की। जांच में आंगनवाड़ी केंद्र पूरी तरह बंद पाया गया। परियोजना अधिकारी ने ग्रामवासियों के समक्ष पंचनामा बनाकर कार्यकर्ता और सहायिका दोनों को नोटिस जारी किया। नोटिस का जवाब संतोषजनक न मिलने पर एसडीएम को सेवा से पृथक करने का प्रस्ताव भेजा जाएगा। ग्रामवासियों का आरोप है कि नीतू यादव बारंगवाडी पंचायत सचिव की पत्नी हैं और पति के सचिव होने के कारण लापरवाही बरत रही हैं। एसडीएम के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग आमला ने लापरवाह कार्यकर्ताओं पर अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### लोगों को जाम की समस्या से मिली राहत

**समय जगत, दमोह।** हटा में दमोह-पन्ना फोरलेन और पटेरा रोड निर्माण के चलते अंधियारा बगीचा क्षेत्र पिछले एक सप्ताह से भीषण जाम की गिरफ्त में था। हालत यह थी कि शाम होते ही चौराहे पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती थीं और लोग महानगरों जैसी ट्रैफिक समस्या झेलने को मजबूर थे। कई बार एक वाहन को निकलने में दो-दो घंटे तक लग रहे थे। लगातार बढ़ती परेशानी और जिला मुख्यालय तक पहुंची शिकायतों के बाद एसडीएम राकेश मरकाम ने बुधवार को अधिकारियों की बैठक लेकर जाम से राहत की कार्ययोजना बनाई। इसका असर उसी शाम सड़कों पर साफ दिखाई दिया।

## अध्यक्ष ने आठ महीने बाद परिषद की बैठक संभाली कमान

# हजारेश्वर महादेव मेले के टेंडर को पार्षदों की सहमति से दी गई स्वीकृति

**समय जगत, श्योपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग ने लगभग आठ महीने बाद गुरुवार को परिषद की कमान संभाली। हाईकोर्ट की ओर से 8 अक्टूबर 2025 को अध्यक्षीय कार्यो पर रोक लगाए जाने के बाद यह पहला अवसर था जब उन्होंने नगर पालिका परिषद की बैठक की अध्यक्षता की। हजारेश्वर महादेव मेले के टेंडर अनुमोदन के लिए बुलाई गई यह बैठक मात्र 10 मिनट में समाप्त हो गई, लेकिन इस दौरान परिषद सभागार में नेता प्रतिपक्ष और सीएमओ के बीच तीखी बहस हुई। बैठक शुरू होने से पहले उन्होंने हाईकोर्ट आदेश की प्रति सीएमओ को सौंपी। इसके बाद सीएमओ ने नगर पालिका के अधिवक्ताओं से विधिक राय ली और फिर उन्हें अध्यक्षता की अनुमति दी।



बैठक शुरू होते ही वार्ड 6 के कांग्रेसी पार्षद और नेता प्रतिपक्ष सलाउद्दीन खान ने नपा सीएमओ आरआर यादव को माला पहनाई। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अध्यक्ष की गैरमौजूदगी में पूरे शहर को चौपट करने÷ के लिए उनका सम्मान किया जा रहा है। इसके बाद उन्होंने पिछले आठ महीनों में शहर की पेयजल, सफाई और विकास व्यवस्था खराब होने के आरोप लगाए। सलाउद्दीन खान ने यह भी कहा कि नामांतरण से लेकर जनता के कई काम लंबित रखे गए और पार्षदों द्वारा भेजे गए प्रस्तावों को निरस्त किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि नपा पर करीब 8 लाख रुपए बकाया रखने वाले ठेकेदार को दोबारा मेला ठेका दिए जाने का प्रस्ताव लाया गया है। बैठक के बाद सत्तापक्ष के पार्षदों और सीएमओ सहित नगर पालिका कर्मचारियों ने रेणु गर्ग का माला पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्षीय अधिकार वापसी को भाजपा पार्षदों ने वापसी के रूप में पेश किया।

इस पर सीएमओ आरआर यादव ने भी कड़े तेवर दिखाए। उन्होंने सलाउद्दीन खान से कहा कि आपको काम नहीं, पैसा दिख रहा है और आरोप लगाया कि उनके पास मेले वाले से पैसे मांगने के सबूत हैं। इसके बाद परिषद में कुछ देर तक तीखी नोकझोंक चलती रही। हालांकि, इस विवाद के बावजूद हजारेश्वर महादेव मेला 2026 के टेंडर को पार्षदों की सहमति से अंततः मंजूरी दे दी गई।

**24 अप्रैल को कुर्सी से दूरी, 14 मई को उसी परिषद की अध्यक्षता:** 24 अप्रैल को हुई परिषद बैठक में रेणु गर्ग परिषद कक्ष में पहुंची थीं, लेकिन कुर्सी पर नहीं बैठीं और कुछ मिनट बाद वापस लौट गई थीं। उस समय उपाध्यक्ष संजय माहना की अध्यक्षता में बजट बैठक हुई थी। गुरुवार को तस्वीर पूरी तरह बदल गई। बैठक शुरू होने से करीब आधे घंटे पहले रेणु गर्ग नगर पालिका पहुंचीं। उनके पहुंचने से पहले ही चैंबर खोल दिया गया था। भाजपा पार्षदों ने उनसे मुलाकात की और बाद में वे पार्षदों के साथ सभागार पहुंचीं।

# अमानगंज में ट्रक की चपेट में आकर युवक की मौत

**समय जगत, पन्ना।** अमानगंज क्षेत्र में भारी वाहनों की अनियंत्रित रफ्तार एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। एक अज्ञात ट्राले ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद घायल युवक करीब एक घंटे तक सड़क पर लहूलुहान हालत में तड़पता रहा, जिसकी सूचना राहगीरों ने डायल 112 की मदद से स्थानीय पुलिस सूचना दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गंभीर यादव पिता लखन सिंह यादव, उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी ग्राम बलगहा, जेके प्लांट में मजदूरी करने जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ओवरलोड ट्राले ने क्रॉसिंग और ओवरटेक करने के चक्कर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक हीरो डीलक्स के परखच्चे उड़ गए और युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा, जिससे उसका बायां पैर पूरी तरह से फ्रैक्चर हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्राला चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंचे प्रधान आरक्षक आशुतोष तिवारी, पायलट हरि पटेल और रक्षा समिति सदस्य छंगा ने घायल को राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि हादसे में युवक का पैर बुरी तरह फ्रैक्चर हो गया है तथा शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। राहगीरों का आरोप है कि शासन और प्रशासनिक उदासीनता के कारण छ्व्य सीमेंट प्लांट ट्रासंपोर्ट के वाहनों की मनमानी बढ़ गई है न तो कभी उस पर ध्यान दिया जा रहा है न संज्ञान लिए जा रहा है जबकि प्रतिदिन कोई न कोई गंभीर सड़क हादसे का शिकार हो रहा है और अपनी जान से हाथ धो रहा है। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि जेके सीमेंट प्लांट से जुड़े ट्राले, डंपर और टैंकर लंबे समय से अनियंत्रित गति और ओवरलोडिंग के साथ सड़कों पर दौड़ रहे हैं तथा आए दिन दुर्घटना हो रही है । बावजूद प्रशासन की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। लगातार हो रहे हादसे अब सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं।

## नेशनल हाईवे पर सुरक्षा के लिए दिए कड़े निर्देश

# पुलिस अधीक्षक ने किया थानों का औचक निरीक्षण

**समय जगत, कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा जिले की कानून-व्यवस्था और सड़क सुरक्षा को लेकर पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आए। एक ओर जहाँ उन्होंने थानों का औचक निरीक्षण कर पुलिसिंग को और अधिक मानवीय और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए, वहीं दूसरी ओर नेशनल हाईवे पर हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एनएचएआई अधिकारियों के साथ मोर्चा संभाला। पुलिस अधीक्षक अचानक उमरियापान और स्लीमनाबाद थानों का दौरा किया। इस दौरान थाने के स्टाफ में हड़कंप की स्थिति रही। उन्होंने हवालात, मालखाना, सीसीटीएनएस कक्ष और अपराध रजिस्टरों की बारीकी से जांच की। उन्होंने स्पष्ट किया कि थाने आने वाले हर फरियादी की बात संवेदनशीलता से सुनी जाए। शिकायतों का त्वरित निराकरण पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। थानों में महिला हेल्प डेस्क के कामकाज का अवलोकन किया गया और महिला व



बाल अपराधों में 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाने के निर्देश दिए गए। डायल-112 के रिस्पॉन्स टाइम को सुधारने और रात में गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने की बात कही ताकि सक्रिय अपराधियों पर नकेल कसी जा सके। जिले में सड़क हादसों के बढ़ते ग्राफ को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने पीर बाबा बायपास (नेशनल हाईवे) का मौका मुआयना किया। यहाँ डायवर्जन पॉइंट पर भ्रम की स्थिति के कारण अक्सर हादसे होते हैं। मौके पर मौजूद नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों को एसपी ने टूटे हुए डायवर्जेंट पोल और खराब लाइटों को तत्काल दुरुस्त करने को कहा। साथ ही नए सांकेतिक चिन्ह और डिस्प्ले बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। बायपास के पास जिन दुकानदारों ने अवैध अतिक्रमण कर रखा है, उन्हें तत्काल हटाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। यातायात पुलिस और झिंझरी चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि तेज रफ्तार और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ निरंतर चालानी कार्रवाई की जाए।

## नीट पेपर लीक के खिलाफ युवाओं ने जताश आक्रोश

# आम आदमी पार्टी ने किया जोरदार प्रदर्शन


## बड़ी संख्या में शामिल हुए कार्यकर्ता

**कटनी।** नीट पेपर लीक के विरोध में आम आदमी पार्टी द्वारा सुभाष चौक में कल जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं, अभिभावक, युवा एवं पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। युवाओं ने हाथों में ततियां लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाई। प्रदेश कोर कमेटी सदस्य प्रताप सिंह परमार ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि देश का युवा रात-रात भर जागकर पढ़ाई करता है, माता-पिता अपनी जिंदगी की जमा पूंजी बच्चों की पढ़ाई में लगा देते हैं, लेकिन भाजपा सरकार की लापरवाही और भ्रष्ट व्यवस्था युवाओं के सपनों को बार-बार कुचल रही है। नीट पेपर लीक केवल एक परीक्षा का मामला नहीं, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य की हत्या है। जब लगातार चौथी बार पेपर लीक हो रहा है



तो यह साफ है कि सरकार शिक्षा व्यवस्था संभालने में पूरी तरह विफल हो चुकी है। नैतिकता बची है तो शिक्षा मंत्री तुरंत इस्तीफा दें। जिलाध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर ने कहा कि '22 लाख छात्रों की मेहनत को सत्ता के संरक्षण में चल रहे शिक्षा माफियाओं ने तार-तार कर दिया। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार अपने बच्चों को डॉक्टर बनाने का सपना देखते हैं, लेकिन हर बार पेपर लीक उनके सपनों पर डाका डाल देता है। यह सरकार युवाओं को रोजगार नहीं दे पा रही, ऊपर से उनके भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रही है। देश का युवा अब चुप नहीं बैठेगा। आम आदमी पार्टी सड़क से संसद तक इस अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ेगी। पार्टी ने कहा पेपर लीक की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्यवाही की जावे तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री नैतिकता के आधार पर स्तीफा दे।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले नवेन्द्र अठया का हुआ लोक सम्मान



**समय जगत, दमोह।** हटा तहसील के करैया गांव में बुधवार 13 मई को भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर होकर सामने आए शिक्षक नवेन्द्र कुमार अठया का लोक सम्मान किया गया। हाल ही में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय दमोह में भ्रष्टाचार के मामले में लोकायुक्त सागर द्वारा की गई ट्रैप कार्रवाई के बाद यह सम्मान कार्यक्रम चर्चा का विषय बना रहा। कार्यक्रम का आयोजन हटा के सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेन्द्र अग्रवाल के आव्हान पर किया गया। उनका कहना था कि भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़े होने वाले लोकसेवकों को समाज द्वारा सम्मानित किया जाना चाहिए ताकि अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिल सके। करैया गांव में नवेन्द्र अठया के निवास पर चल रही भागवत कथा के दौरान सेवानिवृत्त सहायक संचालक नन्हें सिंह ठाकुर एवं सुरेन्द्र अग्रवाल ने उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भ्रष्टाचार आज समाज और व्यवस्था को खोखला करने वाला सबसे बड़ा दैत्य बन चुका है और इसके खिलाफ जनजागरण की आवश्यकता है। वक्ताओं ने महाभारत का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने अन्याय के विरुद्ध पांडवों का साथ दिया था, उसी प्रकार समाज को भी सत्य और न्याय के पक्ष में खड़े लोगों का समर्थन करना चाहिए। उन्होंने नागरिकों और राष्ट्रहितैषी लोकसेवकों से भ्रष्टाचार के खिलाफ आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में गौरव शर्मा सहित सतना से आए श्री शुक्ला भी उपस्थित रहे। सम्मान समारोह के दौरान नवेन्द्र अठया के पिता ने अतिथियों के स्वागत में गीत प्रस्तुत किया। जिससे वातावरण भावुक हो उठा।

## प्रशासन द्वारा समस्याओं का किया जा रहा है त्वरित निराकरण

# एसडीएम ने आवेदनों का त्वरित निराकरण कर पहुंचाई आमजनों को राहत

**समय जगत, सिवनी मालवा।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। सुशासन की दृष्टि से कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया हैं कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता से विचार करते हुए आवेदकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में 12 मई 2026 को आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आवेदकों को एक ही दिवस में राहत प्रदान की गई। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी मालवा श्री विजय राय को निर्देशित किया गया कि वे आवेदकों की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुनकर तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। निर्देशों के अनुपालन में




अनुविभागीय अधिकारी सिवनी मालवा द्वारा संबंधित प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई की गई। ग्राम सीरूपुरा निवासी आवेदिका नर्मदीबाई ने अपनी कृषि भूमि के वर्ष 1990-95 के खसरा पंचसाला एवं वर्तमान नक्शे की सत्यप्रतिलिपि प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। प्रकरण पर त्वरित संज्ञान लेते हुए आवेदिका को बिना किसी अनावश्यक औपचारिकता के निःशुल्क राजस्व अभिलेखों की सत्यप्रतिलिपि मौके पर ही उपलब्ध कराई गई। आवेदक गणेश प्रसाद पिता रविशंकर रघुवंशी निवासी ग्राम निरखी ने रास्ता खुलवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन पर कार्रवाई करते हुए अनुविभागीय अधिकारी ने संबंधित हल्का पटवारी को तत्काल मौके पर पहुंचकर रास्ता खुलवाने और की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। आवेदिका सुमनबाई निवासी सोनखेड़ी तहसील डोलरिया ने पुराने राजस्व प्रकरण की जानकारी तथा नकल प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। चूंकि संबंधित ग्राम पूर्व में तहसील सिवनी मालवा के क्षेत्राधिकार में था, इसलिए जिला अभिलेखागार से अभिलेख की जांच कराई गई। जांच में पाया गया कि मूल भूमि स्वामी वख्तार के निधन उपरांत उत्तराधिकारियों के नाम दर्ज करने हेतु आदेश पारित कर प्रकरण का निराकरण किया जा चुका हैं।

# एमआरपी पर सीमा लगाने के लिए कानून बनाने की उठी पुरजोर मांग

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत राजगढ़ इकाई ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**समय जगत, राजगढ़।** कलेक्टर के माध्यम प्रधानमंत्री को पूरे भारत में ज्ञापन के माध्यम से मांग की जा रही है कि एमआरपी मुद्रण पर सीमा लगाने के लिए कानून बनाया जाए अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत 53 वर्षों से उपभोक्ता जागरूकता उपभोक्ता शिक्षण और उपभोक्ताओं के मुद्दों पर मार्गदर्शन के क्षेत्र में कार्यरत है जिसके सभी राज्यों में 35000 से अधिक सदस्य एक साथ कार्य कर रहे हैं ? । अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला सचिव विट्ठल अहिरवार ने बताया है कि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और उपभोक्ता मामलों के संचालन के माध्यम से ऐसा कानून बनाया जाए जो एमआरपी को उपभोक्ताओं के लिए अधिक सार्थक और लाभकारी बनाएं एक स्वतंत्र प्राधिकरण एवं बोर्ड या आयोग का गठन किया जाए जिसके पास नियम के तहत आदेश जारी करने और अधिक मूल्य के प्रतिकूल प्रभावों को समाप्त करने का अधिकार हो मौजूद कानून में आवश्यक संशोधन किया जाए ताकि कड़ाई से पालन हो और उल्लंघन पर कड़ी सजा दी जाए भ्रमक एमआरपी के कारण उपभोक्ताओं के साथ व्यापारी मनमाने एमआरपी से लवांवित हो रहे हैं और निर्माता मनमाने तरीके से एमआरपी से प्रिन्ट करते हैं जिससे उपभोक्ताओं को सीधा नुकसान होता है उपभोक्ताओं को इसकी संरक्षण की कोई जानकारी नहीं होती है कई बार उपभोक्ता ऐसे कदम उठा चुका है जो उत्पादन योग्य से संबंधित नहीं होते हैं इससे अधिक मूल्य देकर अधिक पैसा देने का सामना करना पड़ता है विशेष कर अत्यधिक या बड़ा चढ़कर एमआरपी प्रिंटिंग के कारण यह परिस्थितियों हुई है जिसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को अधिक शुल्क से बचाना मूल्य प्रतिष्ठा सुनिश्चित करना है और मुद्रण की गुणवत्ता को अंकित किया जाऐ साथ ही वस्तु कि लागत एवं कृय कि मूल्य स्पष्ट रूप से प्रिन्ट कि जाए इस मौके पर प्रांतीय सचिव श्री राजेश बाबू दांगी जी,जिला श्री अध्यक्ष मुकेश चौधरी जी जिला सचिव रंगलाल नगर, जिला कोषाध्यक्ष श्री राजेश जायसवाल जी, जिला सह सचिव श्री महेश दांगी जी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नीट यू जी परीक्षा में हुई गड़बड़ी के खिलाफ शिक्षा मंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**समय जगत, आरोन।** 14 मई 26 को छात्र संगठन ऑल इंडिया डीएसओ एवं युवा संगठन ऑल इंडिया डी वाय ओ के द्वारा अधिकारी को नीट यूजी में हुई धांधली के खिलाफ एक ज्ञापन सौंपा गया।जिसमें कहा गया कि ÷हमें यह देखकर गहरी चिंता हो रही है कि मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रव्यापी संयुक्त प्रवेश परीक्षा, नीट यू जी का प्रश्न पत्र इस वर्ष बड़े पैमाने पर लीक हो गया है। ऐसी ही एक घटना पहले भी घटित हुई थी, और इस प्रश्न पत्र लीक को देखते हुए, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने इस वर्ष 3 मई को आयोजित नीट यू जी परीक्षा को रद्द करने की घोषणा की है। इतने बड़े पैमाने पर प्रश्न पत्र लीक एन टी ए की घोर लापरवाही के बिना नहीं हो सकता, जो सीधे केंद्र सरकार के अधीन कार्य करती है, और न ही कोचिंग उद्योग के साथ मिलीभगत के बिना। जब नीट की शुरुआत की गई थी, तब यह आश्वासन दिया गया था कि प्रवेश परीक्षा की यह नई प्रणाली भ्रष्टाचार और पक्षपात से मुक्त होगी, जो अब असत्य सिद्ध हो गया है। इस प्रश्न पत्र लीक के माध्यम से, लाखों मेधावी छात्रों को प्रभावी रूप से घोर अनिश्चितता में धकेल दिया गया है। कई छात्र और अभिभावक पहले से ही गंभीर मानसिक तनाव से जूझ रहे हैं, और कई अवसाद का शिकार हो रहे हैं। इन परिस्थितियों में छात्र संगठनों की मांग है कि 1) इस घटना की उच्च-स्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए। 2) इस भ्रष्टाचार में शामिल सभी लोगों की पहचान की जाए और उन्हें अनुकरणीय दंड दिया जाए। 3) यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपाय भी किए जाएं कि भविष्य में इस तरह के प्रश्न पत्र लीक न हों। 4) भविष्य में नीट यू जी परीक्षा आयोजित करने के लिए एन टी ए को समाप्त कर दिया जाए। परीक्षाओं के आयोजन की संपूर्ण जिम्मेदारी सरकार को स्वयं लेनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक संपन्न



**सिरोंज।** स्थानीय शालीमार गार्डन में शुक्रवार को 11 बजे विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक का आयोजन संगठन की ओर से रखा गया जिसमें गठन गतिविधियों एवं कार्य योजना पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। बैठक में मंदसौर से आए जिला प्रभारी राजेश रघुवंशी जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी विधानसभा प्रभारी प्रशांत पाराशर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला प्रभारी राजेश रघुवंशी ने कहा कि अब नए सिरे से संगठन में कार्य करने की आवश्यकता है इसी उद्देश्य से विधानसभा के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को यहां बुलाया गया है आगामी समय में सभी पदाधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी जो पदाधिकारी अपने कार्य नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें अन्य जिम्मेदारियां दी जाएगी कार्यकर्ताओं की क्षमता अनुसार ही उन्हें कार्य सोंपे जाएंगे। जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए अनेक सुझाव दिए। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्षों ने भी संगठन की विस्तार से जानकारी रखी जिसमें सिरोंज ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश यादव लटेरी ब्लॉक अध्यक्ष यदवीर सिंह बघेल देवपुर ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन राजपूत सिरोंज नगर अध्यक्ष सैफू गौरी लटेरी नगर अध्यक्ष गुलाब अहिरवार एवं अनेक स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने भी अपनी बात रखी, इस मौके पर अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिसमें गगनेंद्र रघुवंशी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राजपूत अशोक त्यागी, केसर खान देवी सिंह बघेल कल्याण सिंह यादव दिमान सिंह दांगी पहलवान सिंह बघेल सुरेंद्र रघुवंशी विनोद सेन रिंकी रघुवंशी नरेश सक्सेना, सादिक कुरैशी, रजत गौड़ , नीलेश शर्मा, आदि प्रमुख है। कार्यक्रम का संचालन सिरोंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश यादव ने किया और आभार देवपुर उपब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत ने किया।

### जिलाधीश ने वन स्टॉप सेंटर एवं बाल संप्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**समय जगत, झाबुआ।** कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने आज वन स्टॉप सेंटर एवं बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण कर वहां संचालित व्यवस्थाओं, सुरक्षा उपायों एवं हितग्राहियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। वन स्टॉप सेंटर के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सेंटर की प्रशासक श्रीमती लीला परमार से महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, सहायता सेवाओं एवं संचालन व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने महिला हेल्पलाइन 181 के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों की प्रक्रिया, शिकायत दर्ज होने के बाद की जाने वाली कार्यवाही तथा पीड़ित महिलाओं को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने सेंटर में पदस्थ काउंसलर से भी चर्चा करते हुए काउंसलिंग प्रक्रिया, मानसिक एवं सामाजिक सहयोग के माध्यम से महिलाओं को दी जा रही सहायता तथा पुनर्वास संबंधी प्रयासों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने सेंटर में रह रही महिलाओं (इनमेट्स) से संवाद कर उनकी समस्याएं, आवश्यकताएं एवं सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने महिलाओं को संवेदनशीलता एवं सम्मान के साथ बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया तथा परिसर की साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने किशोरों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, दैनिक दिनचर्या एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की। कलेक्टर ने किशोरों की शिक्षा व्यवस्था एवं संचालित कक्षाओं का भी निरीक्षण किया तथा बच्चों को नियमित रूप से शिक्षण एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि बालकों के पुनर्वास, शिक्षा एवं व्यक्तित्व विकास के लिए सकारात्मक वातावरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे वे मुख्यधारा से जुड़कर बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें। इस दौरान सहायक कलेक्टर सुश्री आयुषी बंसल एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कान्हा टाइगर रिजर्व में 22 से 24 मई के बीच होगी ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना



**मण्डला।** मध्यप्रदेश वन विभाग द्वारा प्रदेशव्यापी ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना 22 से 24 मई 2026 के मध्य आयोजित की जाएगी। इस संबंध में 14 मई 2026 को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव), मध्यप्रदेश द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यशाला आयोजित कर वन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसी क्रम में कान्हा टाइगर रिजर्व अंतर्गत कोर, बफर वनमंडल एवं फैन अभयारण्य के सभी 13 वन परिक्षेत्रों में गिद्ध गणना का कार्य संपादित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व फरवरी 2026 में 20 से 22 फरवरी के मध्य आयोजित शीतकालीन गिद्ध गणना में कान्हा, किसली एवं सरही वन परिक्षेत्रों में कुल 224 गिद्ध दर्ज किए गए थे। साथ ही वृक्षों पर गिद्धों के 50 घोंसले भी चिन्हित किए गए थे। गिद्ध गणना का कार्य गिद्ध आंकलन एवं संरक्षण हेतु विकसित डिजिटल मोबाइल एप 'गरुण' के माध्यम से किया जाएगा। इसके साथ ही प्रचलित प्रपत्रों के जरिए भी फील्ड स्टाफ द्वारा निर्धारित तिथियों में डाटा प्रविष्टि की जाएगी। इस उद्देश्य से कान्हा प्रबंधन द्वारा संबंधित फील्ड स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भारत में गिद्धों की कुल 9 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें अधिकांश लुप्तप्राय श्रेणी में शामिल हैं। मध्यप्रदेश में इनकी 7 प्रजातियां मौजूद हैं। कान्हा टाइगर रिजर्व में मुख्य रूप से व्हाइट-बैक्ड गिद्ध, सिनेरियस गिद्ध, हिमालयन ग्रिफॉन, लॉन्ग-बिल्ड गिद्ध एवं किंग वल्चर जैसी प्रजातियां पाई जाती हैं। गिद्ध पर्यावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये मृत पशुओं के शवों का तेजी से भक्षण कर बीमारियों के प्रसार को रोकने में सहायक होते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार गिद्धों की घटती संख्या का प्रमुख कारण पशु चिकित्सा में उपयोग होने वाली गैर-स्टेरायडल एंटी-इंफ्लेमेट्री दवा डाइक्लोफेनेक है। इस दवा से उपचारित पशुओं के शव खाने पर गिद्धों में गंभीर किडनी एवं आंत संबंधी रोग उत्पन्न हो जाते हैं, जिससे उनकी मृत्यु हो जाती है।

# भोजपुर जैन मंदिर में श्रद्धा से मनाया भगवान शांतिनाथ का त्रय कल्याणक महोत्सव



**समय जगत, मण्डीदीप।** औद्योगिक नगर के समीप स्थित अतिषय क्षेत्र भोजपुर जैन मंदिर में जैन धर्म के 16वें तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ का त्रय कल्याणक महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान का महामस्तकाभिषेक, शांतिधारा, विशेष पूजन एवं निर्वाण लाडू समर्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में गणाचार्य विराग सागर एवं आचार्य विशुद्ध सागर के शिष्य उपाध्याय विश्रुत सागर एवं मुनि साध्यसागर ससंघ की उपस्थिति में भव्य संगीतमय शांतिविधान का आयोजन किया गया।अतिशय क्षेत्र भोजपुर कमेटी के अध्यक्ष विमल जैन राजदीप एवं महामंत्री अमिताभ मानया ने बताया कि भगवान शांतिनाथ के त्रय कल्याणक महोत्सव पर महामस्तक अभिषेक करने का सौभाग्य अमिताभ मानया परिवार, डॉ. पी.के. जैन परिवार, विनोद जैन इंजीनियर परिवार तथा मनोहर लाल टोंग्या परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं शांतिधारा का सौभाग्य विनोद जैन आरएनजी परिवार, राजेन्द्र सेठी परिवार, मनीष जैन नटराज कॉलोनी परिवार एवं पं. लक्ष्मीचन्द्र-मुकेश जैन परिवार ने प्राप्त किया। इसके अलावा श्रीजी विराजमान करने का सौभाग्य अशोक जैन, ऋषभ जैन, अरुण जैन एवं अतुल जैन परिवार को मिला। मोक्ष कल्याणक के अवसर पर प्रमोद जैन, प्रवीण जैन परिवार एवं मुकेश जैन शिक्षक परिवार द्वारा भगवान को निर्वाण लाडू समर्पित किए गए। कमेटी के प्रवक्ता अमित जैन ने बताया कि ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्दशी का दिन जैन समाज के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसी दिन भगवान शांतिनाथ का जन्म, वैराग्य एवं मोक्ष – तीनों कल्याणक हुए ! महामस्तकाभिषेक एवं विधान के पश्चात आयोजित धर्मसभा में उपाध्याय विश्रुत सागर मुनिराज ने कहा कि संसार में लोग केवल जीने की कला सिखाते हैं, जबकि भगवान महावीर स्वामी ने मरने की कला भी सिखाई है।

# पिता के संस्कार, बेटे की मेहनतः गुलाबचंद अग्रवाल के नाम को अरविंद अग्रवाल ने हरियाली से किया अमर



**समय जगत, मंडला।** जहां अधिकांश लोग बंजर जमीन को अनुपयोगी मानकर छोड़ देते हैं, वहीं ग्राम कटंगी में स्थित ÷साथी गुलाबचंद अग्रवाल मेमोरियल फल उद्यान÷ आज मेहनत, धैर्य और प्रकृति प्रेम की प्रेरणादायक मिसाल बन चुका है। कभी मोटी मिट्टी और बंजर भूमि के रूप में पहचानी जाने वाली यह जगह आज हरियाली, फल उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट केंद्र बन गई है। इस प्रेरणादायक फल उद्यान की शुरुआत वर्ष 2011 में श्री अरविंद अग्रवाल ने अपने पिता स्वर्गीय गुलाबचंद अग्रवाल जी से मिले संस्कारों और प्रेरणा के साथ की थी। उस समय उनकी उम्र 64 वर्ष थी, लेकिन उन्होंने उम्र को बाधा नहीं, बल्कि अपने सपनों को साकार करने की ताकत बनाया। जिस जमीन को लोगों ने अनुपयोगी मान लिया था, उसी भूमि को अरविंद अग्रवाल ने अपने अथक परिश्रम, धैर्य और सकारात्मक सोच से हरे-भरे फल उद्यान में बदल दिया। लगभग 15 वर्षों की निरंतर मेहनत के बाद आज यहां आम की प्रसिद्ध वैरायटी जैसे सफेद बॉम्बे, ग्रीन, अल्फांसो, दशहरी, मालिका और आम्रपाली के वृक्ष लहलहा रहे हैं और भरपूर फल दे रहे हैं। उद्यान में केवल आम ही नहीं, बल्कि तेजपत्ता, इलायची, सुपारी, मोरिंगा, पीले बांस तथा एकमुखी रुद्राक्ष जैसे दुर्लभ और उपयोगी पौधों का भी सफल रोपण किया गया है, जो इस स्थान को विशेष पहचान प्रदान करता है। इस फल उद्यान की सबसे बड़ी विशेषता इसका आधुनिक वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम है। बारिश के मौसम में तालाब के पानी से बोर रिचार्ज किया जाता है, जिससे जल स्तर बना रहता है और पूरे वर्ष उद्यान को पर्याप्त पानी उपलब्ध हो पाता है। यह पहल जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन की दिशा में एक अनुकरणीय उदाहरण बन चुकी है। आज यह उद्यान केवल खेती का केंद्र नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प, सकारात्मक सोच और प्रकृति प्रेम का जीवंत प्रतीक बन गया है। यहां आने वाला हर व्यक्ति अरविंद अग्रवाल जी की मेहनत, दूरदर्शिता और पर्यावरण के प्रति समर्पण की सराहना किए बिना नहीं रह पाता। यह फल उद्यान साबित करता है कि यदि इरादे मजबूत हों और मेहनत सच्ची हो, तो बंजर जमीन भी हरियाली, समृद्धि और प्रेरणा की पहचान बन सकती है।

# पद्मश्री सम्मानित परमार दंपति की कार्यशाला का कलेक्टर ने किया अवलोकन



**झाबुआ।** कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने पद्मश्री से सम्मानित प्रसिद्ध लोक कलाकार एवं शिल्पकार श्री रमेश परमार एवं श्रीमती शान्ति परमार की कार्यशाला का भ्रमण कर उनके द्वारा निर्मित पारंपरिक गुड्डा-गुड़िया एवं विभिन्न कलाकृतियों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परमार दम्पत्ति द्वारा तैयार की जा रही कलाकृतियों की बारीकी, पारंपरिक शैली एवं सांस्कृतिक विशेषताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की लोक कला एवं हस्तशिल्प न केवल क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं एवं लोक संस्कृति से जोड़ने का भी महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। परमार दम्पत्ति ने कलेक्टर को कला के संरक्षण एवं विकास के लिए दिए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में महिलाओं को पारंपरिक कला एवं हस्तशिल्प का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें एवं लोक कला को आगे बढ़ा सकें। कलेक्टर ने कार्यशाला में तैयार की जा रही विभिन्न कलाकृतियों का अवलोकन करते हुए उनकी निर्माण प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने परमार दम्पत्ति के परिवारजनों से भी चर्चा कर कला से जुड़े उनके अनुभव एवं योगदान के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने परमार दम्पत्ति के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कला एवं समर्पण जिले के लिए गौरव का विषय है तथा यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस दौरान सहायक कलेक्टर सुश्री आयुषी बंसल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### अर्जुन नगर में श्मशान घाट की मांग फिर उठी 3 किमी दूर अंतिम संस्कार से जनता परेशान

**औबेदुल्लागंज, समय जगत।** भीषण गर्मी के बीच औबेदुल्लागंज के अर्जुन नगर का सबसे बड़ा मुद्दा एक बार फिर चर्चा में आ गया है। यहां के वार्ड क्रमांक 10, 11 और 12 के रहवासी वर्षों से श्मशान घाट की मांग कर रहे हैं, लेकिन आज तक उनकी यह मूलभूत सुविधा पूरी नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अर्जुन नगर में किसी भी परिवार में मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार के लिए करीब 3 किलोमीटर दूर स्थित श्मशान घाट तक पैदल जाना पड़ता है। शव को ब्रिज के ऊपर से ले जाते हुए बिसरगढ़ तक पहुंचाना पड़ता है, जिससे परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ? वर्षों पुरानी समस्या, अब भी सिर्फ आश्वासन अर्जुन नगर के रहवासियों ने बताया कि यह समस्या कई वर्षों से बनी हुई है। हर चुनाव में क्षेत्र की जनता ने भाजपा के पार्षद, विधायक और सांसद को भारी मतों से जिताया, लेकिन इसके बावजूद भी श्मशान घाट जैसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा सकी है। लोगों का आरोप है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा केवल आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन जमीन पर कोई ठोस कार्य नहीं हो रहा है।

# पुलिस ने गंभीर मामलों में लिप्त आरोपियों को किया गिरफ्तार

## 67,000 रु. नगद ,तीन दोपहिया वाहन सहित कुल 5,97,000 रुपये किए बरामद



**राजगढ़।** जिले में गंभीर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को त्वरित एवं कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना कुरावर पुलिस द्वारा अपहरण, लूट एवं मारपीट के गंभीर प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए 07 आरोपियों को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण मशरूका बरामद किया गया है।

**घटना का विवरण:** दिनांक 12.05.2026 को फरियादी दीपक शर्मा पिता कृष्णगोपाल शर्मा उम्र 53 वर्ष निवासी इंदिरा कॉलोनी राजगढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 10.05.2026 को वह अपनी कार से भोपाल से राजगढ़ आ रहे थे। इसी दौरान तीज बड़ली एवं कुरावर के बीच सड़क पर मंजू प्रजापति निवासी राजगढ़ ने उनसे लिफ्ट मांगी। फरियादी द्वारा वाहन रोकने पर अचानक कुछ युवक कार में बैठ गए और चाकू दिखाकर फरियादी के साथ मारपीट करते हुए उसे बंधक बना लिया। आरोपियों द्वारा फरियादी से कीमती अंगूठी, पेंडल, राडो कम्पनी की घड़ी, नगदी राशि, एटीएम कार्ड एवं हस्ताक्षरित चैक अन्य सामान लूट लिया गया तथा फरियादी को सीहोर क्षेत्र में ले जाकर उसके खाते से राशि निकलवाई गई। आरोपियों द्वारा फरियादी को जान से मारने की धमकी भी दी गई।

घटना के संबंध में थाना कुरावर में अपराध क्रमांक 146/2026 धारा 310(2), 140(3), 115(2), 351(3) बीएनएस* के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। विवेचना के दौरान आरोपियों के कब्जे से धारदार हथियार बरामद होने पर प्रकरण में धारा 25 आर्म्स एक्ट का इजाफा किया गया।

**पुलिस कार्रवाई :** प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला विशेष टीम , थाना कुरावर पुलिस द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया गया। साथ ही स्थानीय सूचना तंत्र एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों के संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी गई। विवेचना के दौरान पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपीगण जिला सीहोर क्षेत्र में ईदगाह के सामने मौजूद हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# नगरपालिका ने गौवंश की मौत के संबंध में बताई यथास्थिति

**समय जगत, इटारसी।** जिलवानी ट्रेंचिंग ग्राउंड में लिगेसी वेस्ट (पुराने कचरे) के निष्पादन को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा प्रेस वार्ता कर लगाए गए भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के गंभीर आरोपों को नगर पालिका परिषद इटारसी ने सिरे से खारिज कर दिया है। नगर पालिका ने एक विस्तृत स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि शिकायतकर्ताओं द्वारा अनावश्यक रूप से गलत तथ्यों के आधार पर भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है, जिसका एकमात्र उद्देश्य निकाय की छवि धूमिल करना है। कांग्रेस नेताओं द्वारा डंप साइट पर रात में अपशिष्ट जलाकर नष्ट करने के आरोप को नगर पालिका ने पूर्णतः गलत बताया है। स्पष्ट किया गया है कि मई माह में ग्रीष्म ऋतु के कारण तापमान बहुत अधिक था, जिससे विंडरोज (कचरे के ढेर) में मौजूद ज्वलनशील सामग्री के कारण धुआं उठ रहा था, वहां जानबूझकर कोई आग नहीं लगाई गई थी। शिकायतकर्ता द्वारा 10.04.2026 और 01.05.2026 की जो तस्वीरें दिखाई जा रही हैं, वे ठेकेदार का कार्य पूर्ण होने के बाद की हैं। वहीं बिना वजन कराए कचरा निष्पादन के आरोप पर निकाय ने बताया कि मूल निविदा की आर.एफ.पी. में वेट ब्रिज से वजन कराए जाने का कोई प्रावधान उल्लेखित नहीं था। दिनांक 06.05.2025 को प्रमुख अभियंता (नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, भोपाल) द्वारा निरीक्षण के बाद दिए गए निर्देशों के पालन में ही निकाय द्वारा वेट ब्रिज लगाए जाने की निविदा जारी की गई है। कार्यदायी संस्था और नगर पालिका के स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत 31,400 एम.टी. लिगेसी वेस्ट के लिए एस.आर. मैप टेक्नोलॉजी ग्वालियर को पारदर्शी तरीके से 1.72 करोड़ रुपये (निविदा दर से 18.18त्न कम) का कार्यादेश दिया गया था। नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि कार्यदायी संस्था और वहां चल रहे कार्य का गोवंश अथवा उनकी मृत्यु से किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं है। नगर पालिका का कहना है कि इस कार्य का मुख्य उद्देश्य डंपसाइट की जमीन को रिक्लेम (मुक्त) कराना था और इसी उद्देश्य के अनुरूप स्थल पर काम कराया गया है। वैज्ञानिक पद्धति का पालन करते हुए कचरे का निष्पादन किया गया है और प्रक्रिया से निकले आर.डी.एफ. को नियम अनुसार सीमेंट फैक्ट्री भेजा गया है।

नगर पालिका परिषद ने स्पष्ट किया है कि स्थल पर आर.एफ.पी. में वर्णित शर्तों का पूर्णतः पालन किया गया है और कांग्रेस द्वारा लगाए गए सभी आरोप तथ्यहीन राजनीति का हिस्सा हैं।